आज

online Edition
www.ajhindidaily.com

107 वां वर्ष
गौरवशाली परम्परा

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

कानपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर, 2026

वाराणसी • गोरखपुर • प्रयागराज • कानपुर (झांसी) • लखनऊ • आगरा • बरेली • पटना • रांची (धनबाद संस्करण) • जमशेदपुर

पंचम स्कन्दमाता

या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

भाजपा नेता को बंधक बनाकर लूट का मामला

24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, थाना प्रभारी सस्पेंड

वारदात खोलने का टास्क देकर इंस्पेक्टर मूलचंद्र चौरसिया को दी गई तैनाती

(आज समाचार सेवा)

बिधनू, 14 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रमेश सिंह यादव को तमंचे के बल पर फार्म हाउस में बंधक बनाकर हुई लूट की गूंज लखनऊ मुख्यालय तक पहुंच गई है। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई पुख्ता सुराग नहीं लगा है। मामले में लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पर गाज गिर गई। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के आदेश पर थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सेन पश्चिम पारा थाने की कमान अब इंस्पेक्टर मूलचंद्र चौरसिया को सौंपी गई है। नए थाना प्रभारी को लुटेरों की धरपकड़ और मामले के खुलासे का मुख्य टास्क दिया गया है। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के न्योरी गांव में बीजेपी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री व बिधनू के पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह यादव का फार्म हाउस है। सोमवार को रमेश सिंह यादव लखनऊ से लौटकर फार्म हाउस पहुंचे थे। खाना खाने के बाद वह कमरे में बैठकर फेसबुक चेक कर रहे थे। इसी दौरान 2 नकाबपोश बदमाश फार्म हाउस के पीछे की करीब 10 फिट ऊंची दीवार फांदकर अंदर दाखिल हो गए। बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे। अंदर आते ही उन्होंने रमेश यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया और तमंचे व चाकू के बल पर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने परेशान होने की बात कहते हुए रुपयों की डिमांड की। कहा कि वह उन्हें मारने नहीं आए हैं। हालांकि बदमाशों ने विरोध की किसी भी संभावना को खत्म करने के लिए सबसे पहले रमेश के हाथ-पैर को बांध दिया।

इसी पेड़ के सहारे भागे थे बदमाश, जांच करते जेसीपी विपिन ताडा।

इसके बाद उन्होंने उनके मुंह पर चौड़ा सेलोटेप चिपका दिया ताकि वह किसी से मदद के लिए शोर न मचा सकें। इसके बाद लुटेरे रमेश यादव को बेडरूम तक ले गए और यहां अलमारी के लॉकर में रखी करीब 12 लाख की नगदी निकाल ली। फिर शरीर पर पहने हुए कीमती आभूषणों को जबरन उतरवाया, जिसमें सोने की चेन, कड़ा और अंगूठी शामिल थी। इसके साथ ही उन्होंने उनकी कलाई से कीमती रॉडो कंपनी की घड़ी भी छीन ली। भागने से पहले बदमाशों ने रमेश यादव को बाथरूम में बंद कर दिया और उसी पीछे की दीवार को लांघकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए थे। रमेश ने इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। भाजपा प्रदेश मंत्री को बंधक बनाकर लूट की सूचना पर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल, जेसीपी लॉ एंड आर्डर विपिन ताडा, डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को जल्द से जल्द घटना का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए थे। खुलासे के लिए 8 टीमें गठित की गई थीं, जिनके हाथ 24 घंटे बाद भी खाली हैं। पुलिस के हाथ कोई भी ऐसा ठोस सुराग नहीं लगा है, जो लुटेरों की धर-पकड़ में मददगार हो। वहीं वारदात के 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई पुख्ता साक्ष्य न मिलने पर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बुधवार को थानाप्रभारी प्रदीप कुमार सिंह को निलंबित कर दिया। सेन पश्चिम पारा थाने की कमान इंस्पेक्टर मूलचंद्र चौरसिया को सौंपी गई है। उन्हें लूट की घटना का अनावरण करने का पुलिस अधिकारियों ने टॉस्क दिया है।

कर्मचारियों समेत एक दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को उठाया गया, पूछताछ जारी

प्रीप्लान वारदात, छोटा-लंबा कद वाले बदमाशों की तलाश में 8 टीमें सक्रिय

बिधनू, 14 अक्टूबर। फार्म हाउस में घुसकर लूटपाट करने वाले बदमाशों में एक लंबा और छोटे कद का बताया गया है। छोटा-लंबा कद वाले बदमाशों की तलाश में पुलिस टीमें फार्म हाउस व रोडों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच समेत 8 टीमें छोटा-लंबा कद वाले बदमाशों की धर-पकड़ में जुटी हैं। सूत्रों की मानें तो इस घटना को रेकी के बाद प्रीप्लान अंजाम दिया गया है। सटीक जानकारी किसी ने और वारदात किसी और ने की है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सुरक्षा का चक्रव्यूह तोड़कर फार्म हाउस में 1 घंटा 17 मिनट रहे बदमाश, पुलिस की रडार में पूर्व व वर्तमान कर्मचारी, 2 संदिग्धों पर गहराया शक

फार्म हाउस में बैठे रहे गार्ड, नौकर के जाते 37 मिनट में लूटपाट

(आज समाचार सेवा)

बिधनू, 14 अक्टूबर। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री रमेश सिंह यादव से हुई लूट के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच समेत 8 टीमें लगी हुई हैं। इस हाईप्रोफाइल लूट कांड में दिनभर की जांच व कारवाई की पुलिस अधिकारी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। घटना के बाद पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। वहीं अभेद्य सुरक्षा का चक्रव्यूह टूटने पर पुलिस की रडार पर पूर्व व वर्तमान कर्मचारी हैं। पुलिस 18 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल, फार्म हाउस में घुसकर जिस समय 2 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया तब भाजपा नेता रमेश सिंह यादव के साथ फार्म हाउस में 7 लोग मौजूद थे। इसके बाद भी बदमाश बड़ी आसानी से फार्म हाउस में घुस गए। काफी देर छुपे रहे फिर 37 मिनट में वारदात को अंजाम देकर चले गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला है कि बदमाश फार्म हाउस में करीब 1 घंटा 17 रहे। वह भी तब जब फार्म हाउस में उनका पर्सनल गार्ड अमित, नीरज, फूलचंद्र, पर्सनल असिस्टेंट बलराम, फार्म हाउस में रहने वाले 2 गार्ड व फॉलोवर अभय राजपूत मौजूद थे। फॉलोवर (नौकर) अभय ने रमेश सिंह यादव को खाना खिलाया था और उसके जाते ही बदमाश घुस आए थे। ऐसे में पुलिस का मानना है कि कहीं न कहीं वारदात में कोई कर्मचारी जरूर शामिल है। पुलिस सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। इस सिलसिले में पुलिस ने अब तक कुल 18 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, इनमें दो संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इन दोनों संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस कराई जा रही है।

फैक्ट्री में खड़ी गाड़ियों में लदी सीमेंट।

नकली सीमेंट फैक्ट्री में छापा, बोरियों में भरा मिला एक्सपायरी माल

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। नामी ब्रांड की सीमेंट के नाम पर ग्राहकों को चूना लगाने के खेल का पनकी के इस्पात नगर में खुलासा हुआ है। यहां एक फैक्ट्री में एक्सपायरी सीमेंट को एसीसी और अंबुजा जैसे नामी ब्रांड की बोरियों में भरकर बेंचने का खेल पकड़ा गया है। अडानी ग्रुप की शिकायत पर बुधवार को पुलिस ने एफ 18 स्थित फैक्ट्री में छापा मारा तो एक हजार से ज्यादा सीमेंट की बोरियां बरामद हुईं। मौके पर 400 खाली बोरियां, अन्य कंपनियों की सीमेंट और दो वाहनों में भरी बोरियां भी मिलीं। पुलिस ने चार साझेदार संचालकों समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। अडानी ग्रुप के कानपुर ब्रांच के सीनियर मैनेजर सेल्स मुमताजुल हक के मुताबिक करीब एक माह पहले कंपनी की बिजनेस टीम को सूचना मिली थी कि पनकी में एसीसी और अंबुजा सीमेंट के नाम पर नकली माल तैयार कर बेचा जा रहा है। कंपनी ने अपनी निजी टीम से जांच कराई। करीब 15 दिन की पड़ताल में शिकायत सही पाए जाने के बाद मंगलवार को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल से शिकायत की गई। उनके निर्देश पर पनकी पुलिस ने फैक्ट्री में छापा मारा। कार्रवाई की भनक लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी के दौरान पुलिस को एसीसी और अंबुजा सीमेंट की एक हजार से ज्यादा बोरियां मिलीं। इसके अलावा 400 खाली बोरियां, अन्य नामी कंपनियों की सीमेंट और दो वाहनों में भरी बोरियां बरामद हुईं। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि एक्सपायरी सीमेंट खरीदकर उसे ब्रांडेड कंपनियों की बोरियों में भरकर बाजार में बेचा जा रहा था। हालांकि इस पूरे खेल में कितने लोग शामिल हैं और कितने समय से यह कारोबार चल रहा था, इसकी जांच की जा रही है। एडीसीपी पश्चिम योगेश कुमार ने बताया कि शिकायत पर फैक्ट्री में छापेमारी की गई। कानपुर निवासी नीरज गुप्ता और धीरज गुप्ता तथा मेरठ निवासी सुनील मित्तल और निशांत मित्तल समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फैक्ट्री के मुंशी राहुल को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। फैक्ट्री सीज करने समेत अन्य विधिक कारवाई की जा रही है।

कर्मचारियों को उठाने पर रमेश ने जताई आपत्ति, खुलासे में फंस सकता पेंच

बिधनू, 14 अक्टूबर। अभेद्य सुरक्षा से घिरे फार्म हाउस में घुसकर लूटपाट के खुलासे के लिए पुलिस दिन-रात कसरत कर रही है। पुलिस संदिग्धों को उठा रही है। संदिग्धों में भाजपा नेता के पूर्व व वर्तमान के कई कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस उन्हें उठा रही है और पूछताछ कर रही है। वहीं बिना सुबूत के कर्मचारियों को पूछताछ के लिए उठाए जाने पर भाजपा के प्रदेश मंत्री रमेश सिंह यादव ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है बिना साक्ष्य के किसी कर्मचारी और ग्रामीण को पूछताछ के नाम पर परेशान न किया जाए। साक्ष्य होने पर ही पूछताछ के नाम पर किसी को बैठाया जाए। घटना को लेकर बेवजह किसी को परेशान न किया जाए। ऐसे में वारदात का खुलासा करने में जुटी पुलिस टीमों की परेशानी बढ़ती दिख रही है। दरअसल, पुलिस घटना में पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों को संदिग्ध मान रही है। ऐसे में खुलासे में पेंच फंस सकता है।

कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-91 ब्लाक-एच-1, स्कीम-2, किदवई नगर, कानपुर, क्षेत्रफल 197 वर्गगज, आवासीय की लीज डीड कानपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर नगर महापालिका द्वारा दिनांक 24.06.1974 को श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री श्रीनारायण गुप्ता के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। तदोपरान्त उक्त भूखण्ड की मूल पट्टाधारिका श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री श्रीनारायण गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड के बावत एक पंजीकृत वसीयत दिनांक 16.03.2018 को श्री संजय गुप्ता एवं श्री दुर्गेश गुप्ता पुत्रगण श्री श्रीनारायण गुप्ता के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। उक्त भूखण्ड की मूल पट्टाधारिका श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री श्रीनारायण गुप्ता की मृत्यु दिनांक 26.02.2020 को हो चुकी है। जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। तदोपरान्त उक्त वसीयत प्रभावी हो चुकी है। वर्तमान में भूखण्ड के वसीयत ग्रहितों श्री संजय गुप्ता एवं श्री दुर्गेश गुप्ता पुत्रगण श्री श्रीनारायण गुप्ता द्वारा पंजीकृत वसीयत की सत्यापित प्रति व शपथ पत्र के आधार पर भूखण्ड का संयुक्त नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त भूखण्ड सं0-91 ब्लाक-एच-1, स्कीम-2, किदवई नगर, कानपुर, क्षेत्रफल 197 वर्गगज का पंजीकृत वसीयत के आधार पर नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-4 में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा पंजीकृत वसीयत के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा। **जोनल प्रभारी अधिकारी (विक्रय जोन-4)**

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking — **अचल सम्पतियों की ई- नीलामी**

क्षेत्रीय कार्यालय-एचआईजी18, चंद्र विहार, लखनपुर, कानपुर-208002, दूरभाष:0512-2583225

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)एवं 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आरक्षित मूल्य (ईएमडी) जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 30.10.2026 सायं 5:00 बजे तक

ई-नीलामी का दिनांक व समयः 31.10.2026 प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक — सम्पत्ति निरीक्षण की तिथिः 14.10.2026 से 29.10.2026 समयः प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक

आम लोगों को समान्य रुप से एवं ऋणी(यों)/ जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो **केनरा बैंक** के पास गिरवी/ प्रभारित है, का भौतिक/ सांकेतिक कब्जा केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जहां है जैसा है', 'जो है जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है'** के आधार पर नियम 13(2) के अन्तर्गत माँग सूचना वर्णित बकाया राशि एवं उस पर ब्याज, खर्चे एवं अन्य व्ययों की वसूली हेतु विक्रय की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

रिज़र्व प्राइस का 10% अमाउंट M/s PSB Alliance Private Limited के ई-वॉलेट में जमा करना होगा। पोर्टल के ज़रिए सीधे या उसमें चालान जेनरेट करके बताए गए अकाउंट डिटेल्स में RTGS/NEFT के ज़रिए EMD जमा करें।

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु) / धरोहर राशि (रु)	कुल बकाया राशि / खाता का प्रकार
1	शाखाः- फरूखाबाद			
	ऋणीः- **श्री विष्णु कुमार** पुत्र श्री राम सरन कटियार पताः मकान नंबर 2/3 बढ़पुर, फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश- 209625 **सह-ऋणी- श्री मंगेश कुमार कटियार** पुत्र श्री राम सरन कटियार पताः बैरिस्टर वाली गली बढ़पुर,फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश-209625 **जमानतकर्ता और बंधककर्ताः- श्री राम सरन कटियार** पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल पताः बैरिस्टर वाली गली बढ़पुर ,फरूखाबाद, उत्तर प्रदेश-209625	सर्वे संख्या पैमाईस क्षेत्रफल 81.20 वर्ग मीटर जोकि अल्लाह नगर उर्फ बढ़पुर परगना पहाड़ा तहसील सदर जिला फरूखाबाद में श्री राम सरन पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल के नाम से स्थित है। **चौहद्दी-पूरब-** भवन राम साहनी और रमा शंकर **पश्चिम-** खड़ंजा सरकार **उत्तर-** राम सरन का मकान **दक्षिण-** रामसरन का मकान	रू. 10,85,356/- / रू. 1,08,535/-	रू. 22,26,703/- दिनांक 30.04.2022, तक + अग्रिम ब्याज, लागत एवं अन्य प्रभार / खाता सं.-209272434 आईएफएससी कोड CNRB0002904
1	शाखाः- इटावा			
3	ऋणी :-**मेसर्स जाग्रति क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड प्रोप श्री उमाकांत** पताः मकान नंबर 55, जटपुरा इटावा, उत्तर प्रदेश-206001 **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता-श्री उमाकांत** पुत्र श्री वेद शर्मा पताः मकान नंबर 55, जटपुरा इटावा, उत्तर प्रदेश-206001	आवासीय मकान प्लॉट नंबर 55, जटपुरा, इटावा पैमाईसी क्षेत्रफल-133.83 वर्ग मीटर जोकि श्री उमाकांत पुत्र श्री वेद शर्मा के नाम से स्थित है। **चौहद्दी-पूरब-** प्रभात कुमार के मकान का चबूतरा **पश्चिम-** प्रकाश वर्मा की संपत्ति **उत्तर-** 8 फिट चौड़ी गली **दक्षिण** -प्रभात कुमार की संपत्ति	रू. 18,96,390/- / रू. 1,89,639/-	रू. 21,24,247/- दिनांक 30.10.2017 तक + अग्रिम ब्याज, लागत एवं अन्य प्रभार / खाता सं.-209272434 आईएफएससी कोड CNRB0002788.
	शाखाः- राठ			
4.	ऋणीः- **मेसर्स गोल्डन बैटरी सर्विस** पताः उरई बस स्टैंड के पास, राठ तहसील राठ, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश- 210431 **प्रोप0- श्री पप्पू खान** पुत्र अयूब खान पताः मकान नंबर 295, वार्ड नंबर 22, मोहल्ला पठानऊ, राठ तहसील राठ जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश 210431 **जमानतकर्ता और बंधककर्ताः- श्रीमती शबाना खान** पत्नी पप्पू खान पताः मकान नंबर 295, वार्ड नंबर 22, मोहल्ला पठानऊ, राठ तहसील राठ, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश- 210431	सम्पति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय मकान जोकि वार्ड क्रमांक 22, मोहल्ला पठानऊ, कस्बा राठ तहसील राठ और जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश में श्रीमती शबाना खान पत्नी श्री पप्पू खान के नाम से स्थित है, क्षेत्रफल 122.00 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः- (सेल डीड के अनुसार):- पूरब-** मस्जिद की संपत्ति **पश्चिम-** 8 फीट रास्ता **उत्तर-** मस्जिद और हमीद का मकान **दक्षिण-** सलीम मंसूरी और जमील मंसूरी का मकान।	रू. 17,44,713/- / रू. 1,74,471/	रू. 8,97,656.21/- दिनांक 08.08.2023, तक + अग्रिम ब्याज, लागत एवं अन्य प्रभार / खाता सं.-209272434 आईएफएससी कोड CNRB0018737.

नोट- (1) बोली/बाद की रकम पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।(2) अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी स्टेज पर बोली निरस्त कर सकता है।(3) खर्च, स्टाम्प ड्यूटी/जीएसटी रजिस्ट्रेशन चार्ज इत्यादि जैसे सभी लागू चार्ज केवल सफल बोली लगाने वाले को ही देने होंगे **नियम एवं शर्ते-** ज़्यादा जानकारी के लिए शाखा प्रबन्धक फरूखाबाद मो0- 9838443641, राठ शाखा के लिए -श्री राजेश कुमार मो0 7084525065 एवं श्री अनिरबन सेन गुप्ता फोन नंबर 8791314414, से किसी भी कार्य दिवस पर ऑफिस टाइम में सम्पर्क किया जा सकते है।

सर्विस प्रोवाइडर बैंकनेट (M/s PSBAllIance Pvt. Ltd), (सम्पर्क करे- 7046612345/6354910172/8291220220/9892219848/8160205051, ईमेलः support.BAANKNET@psballiance.com./support.ebkray@procure247.com)।'

दिनांक- 13.10.2026 — स्थानः- फरूखाबाद/इटावा/राठ — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

पंचम स्कंदमाता

नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार तारकासुर नामक का एक राक्षस था, जिसकी मृत्यु केवल शिव जी के पुत्र ही कर सकते थे। ऐसे में तब पार्वती माता ने अपने पुत्र भगवान स्कन्द (कार्तिकेय का दूसरा नाम) को युद्ध के लिए प्रशिक्षित करने हेतु स्कन्द माता का रूप लिया। मां स्कंदमाता ने भगवान स्कन्द को युद्ध के लिए प्रशिक्षित किया था। ऐसा कहा जाता है कि स्कंदमाता से युद्ध प्रशिक्षण लेने के बाद भगवान स्कंद ने तारकासुर का वध किया और तभी से माता का नाम स्कंदमाता पड़ गया।

स्कंदमाता मंत्र

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया.

शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

ॐ देवी स्कन्दमातायै नमः॥

आज

online Edition
www.ajhindidaily.com

107 वां वर्ष गौरवशाली परम्परा

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

पंचम स्कन्दमाता

या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

कानपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर, 2026 | वाराणसी • गोरखपुर • प्रयागराज • कानपुर (झांसी) • लखनऊ • आगरा • बरेली • पटना • रांची (धनबाद संस्करण) • जमशेदपुर | नगर संस्करण पृष्ठ 14 मूल्य 2.50 रुपया

तीन माह में करायें पंचायत चुनाव

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को दिया आदेश

प्रयागराज, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में तीन महीने के भीतर पंचायत चुनाव कराने का आदेश दिया है। अदालत ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करते हुए संबंधित शासनादेश को वैध ठहराया। कोर्ट के फैसले के अनुसार, मौजूदा ग्राम प्रधान पंचायत चुनाव होने तक प्रशासक के रूप में काम करते रहेंगे। इस आदेश के बाद प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर हलचल तेज होने की संभावना है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने बुधवार को करीब तीन घंटे की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह तीन महीने के भीतर पंचायत निकायों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करायें। इसके साथ ही प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर उठायी गयी कानूनी आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया। ओबीसी आयोग का काम जारी रहेगा । हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग अपना काम जारी रखेगा और उसके कामकाज में कोई बाधा नहीं आयेगी। हालांकि, पंचायत चुनाव कराने की प्रक्रिया आयोग के काम पूरा होने पर निर्भर नहीं करेगी। चुनाव मौजूदा नियमों और व्यवस्था के तहत ही कराए जाएंगे। अदालत ने चुनाव प्रक्रिया में 27 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का पालन करने की बात भी कही। इस व्यवस्था के तहत सरकार को निर्धारित समय-सीमा में चुनाव संपन्न कराने होंगे। फैसले से पंचायत चुनाव को लेकर लंबे समय से जारी अनिश्चितता के बीच आगे की प्रक्रिया का रास्ता खुला है। उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प भी खुला है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठने लगा है कि क्या पंचायत चुनाव पहले कराने की बाध्यता का असर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव की समय-सारिणी पर पड़ सकता है। हालांकि, पंचायत चुनाव के लिए तीन महीने की समय-सीमा तय किए जाने से अपने आप विधानसभा चुनाव की तारीखों में बदलाव तय नहीं होता। दोनों चुनावों के कार्यक्रम और उनके बीच संभावित समन्वय को लेकर सरकार तथा निर्वाचन आयोग के निर्णय महत्वपूर्ण होंगे।

अहम मामला

- प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किये जाने संबंधी निर्णय वैध
- चुनाव प्रक्रिया में 27% आरक्षण के प्रावधान का पालन हो
- फैसले के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट जा सकती है सरकार

यूपी पुलिस के 32,679 पदों का अंतिम परिणाम जारी

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। इस भर्ती के तहत विभिन्न पदों पर कुल 32,679 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती के लिए कुल 28,86,797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस भर्ती में आरक्षी नागरिक पुलिस के 10,469, आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के 15,131, आरक्षी विशेष सुरक्षा बल के 1,341, (शेष पृष्ठ 9 पर)

नीला ड्रम हत्याकांड में मुस्कान व साहिल को फांसी की सजा

दोनों पर हत्या करने का आरोप

साहिल व मुस्कान।

- मुस्कान रोने लगी, बोली- बच्चियों का ख्याल रखना

मेरठ 14 अक्टूबर (ईएमएस)। देशभर में सुर्खियों में रहे मेरठ के चर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में जिला अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पति सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में अदालत ने मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को मौत की सजा सुनाई है। इस सनसनीखेज मामले में दोनों पर सौरभ की हत्या करने और शव के टुकड़े कर उन्हें नीले ड्रम में छिपाने का आरोप था। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे अदालत की कार्यवाही के दौरान मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को जिला (शेष पृष्ठ 9 पर)

चुनाव आयोग को सुप्रीमकोर्ट से फटकार

री-काउंटिंग की रिकॉर्डिंग न मिलने पर नाराज

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। चुनावी प्रक्रिया में रिकॉर्ड सुरक्षित रखने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगायी है। कर्नाटक के कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और बीजेपी के डीएन जीवराजा के बीच चुनावी विवाद की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि री-काउंटिंग यानी दोबारा मतगणना की मूल वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं मिल रही है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग अपने रिकॉर्ड के खोने की बात कैसे कह सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अगली सुनवाई पर उपलब्ध सभी रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर उसके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाला जा सकता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि वह यह कैसे कह सकता है कि उसके पास संबंधित रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। अदालत ने कहा कि चुनाव कराना आयोग का मुख्य काम है और इसके लिए जरूरी दस्तावेजों का सुरक्षित रहना बेहद महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस जवाब पर भी नाराजगी जतायी कि रिकॉर्ड खोजने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट ने सवाल किया कि जब संबंधित रिकॉर्ड चुने गए उम्मीदवार को दिया गया था, तो फिर उसके सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था क्यों नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े (शेष पृष्ठ 9 पर)

- इस तरह के कमजोर बहाने स्वीकार नहीं किये जायेंगे
- जरूरी दस्तावेजों का सुरक्षित रहना बेहद महत्वपूर्ण
- अगली सुनवाई पर सभी रिकॉर्ड पेश करने को कहा

हर ट्रेन टिकट पर इंश्योरेंस की सुविधा

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस) । सुप्रीम कोर्ट ने सभी ट्रेन यात्रियों को बीमा सुरक्षा देने का आदेश दिया है। भारतीय रेलवे को निर्देश दिया है कि 27 अक्टूबर से काउंटर पर खरीदे जाने वाले टिकटों पर भी इंश्योरेंस की सुविधा दी जाये। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस आदेश को लागू करने में कोई भी चूक होने पर रेलवे बोर्ड को सीधे जिम्मेदार ठहराया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश 6 अक्टूबर को जून 2023 में हुए ओडिशा ट्रेन हादसे से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में हादसे की जांच के लिए एक आयोग बनाने की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ता ने हादसे के लिए (शेष पृष्ठ 9 पर)

रेल कर्मियों को 78 दिन का बोनस

40% की दिव्यांगता वालों को भी जन्म से पेंशन

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेलवे के लगभग 11.4 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को 78 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) देने की मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से 11,40,770 रेल कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस के भुगतान पर कुल 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। सरकार के मुताबिक, पात्र रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जायेगा। इसकी गणना 7,000 रुपये की मासिक वेतन सीमा के आधार पर होती है। इस हिसाब से प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये मिलेंगे। बोनस का भुगतान आम तौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले किया जाता है। इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, सहायक तकनीशियन, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रुप सी के अन्य पात्र रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल की रिकॉर्ड ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। सरकार ने बोनस को रेल कर्मचारियों के योगदान की सराहना और रेलवे के कामकाज में सुधार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया है। केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए पेंशन के नियमों में बड़ी राहत दी है। अब तक 80 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता होने पर मिलने वाली पेंशन के लिए पात्रता की सीमा घटाकर 40 प्रतिशत कर दी (शेष पृष्ठ 9 पर)

केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले

- बोनस पर 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार
- 11.4 लाख कर्मचारियों को होगा सीधा फायदा
- आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन को हरी झंडी

त्योहारों पर चीनी का पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता

योगी ने विभागीय अफसरों से ली जानकारी

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चीनी की उपलब्धता को लेकर बुधवार को विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसकी कहीं कोई कमी नहीं है, इसलिए प्रदेशवासी किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। त्योहारों पर भी पर्याप्त चीनी उपलब्ध रहेगी। राज्य के गोदामों में वर्तमान में 70.64 लाख कुंतल चीनी का स्टॉक है। इसमें सहकारी चीनी के मिलों के पास 13.40 लाख कुंतल, निगम की चीनी मिलों के पास 2.93 लाख कुंतल तथा निजी क्षेत्र की चीनी मिलों के पास 54.3 लाख कुंतल से अधिक चीनी है। इसके अतिरिक्त चीनी मिलों का संचालन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ हो जायेगा, जिससे नवंबर में नए सत्र 2026-27 के अंतर्गत नयी उत्पादित चीनी भी बहुत जल्द उपभोक्ताओं के लिए सुलभ हो जायेगी। इससे पहले केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव ने भी मंगलवार को उच्च स्तरीय समीक्षा कर चीनी मूल्यों पर प्रभावी नियंत्रण रखने और देश भर में इसकी सुचारु उपलब्धता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इसके उपरांत बुधवार को गन्ना आयुक्त ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया चीनी के स्टॉक के भौतिक सत्यापन, मूल्य नियंत्रण सतत निगरानी, सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

- गोदामों में वर्तमान में 70.64 लाख कुंतल शक्कर का स्टॉक

जर्मनी में इमारत में आग से तीन भारतीयों की मौत

बोखुम, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। जर्मनी के बोखुम शहर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने इसी इमारत में रहने वाले 41 वर्षीय रोमानियाई नागरिक को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों को आशंका है कि आग जानबूझकर लगायी गयी हो सकती है। मामले की जांच जारी है। यह घटना मंगलवार, 13 अक्टूबर की सुबह बोखुम के होफ्स्टेडे इलाके में हुई। आग की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान दूसरी मंजिल स्थित एक अपार्टमेंट (शेष पृष्ठ 9 पर)

पशुधन विभाग भर्ती घोटाले में रिटायर्ड प्रमुख सचिव गिरफ्तार

बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी योगेश कुमार को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लयू) ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह ईओडब्लयू ने उन्हें गोमती नगर स्थित घर से गिरफ्तार किया। यह कारवाई 12 साले पुराने पशुधन विभाग भर्ती घोटाले में की गयी है। 2014 में सपा सरकार के दौरान पशुधन विभाग में 1198 पशुधन प्रसार अधिकारी पदों पर भर्ती हुई थी। उस वक्त योगेश कुमार विभाग में प्रमुख सचिव थे। इसके बाद वे रिटायर हो गए। भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे। जांच में पता चला कि भर्ती में शीट की जांच एक ही जगह करायी गयी, जिससे नंबरों में हेरफेर किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, योगेश कुमार ने गलत तरीके से भर्ती के लिए नियमों में फेरबदल किया। उन्होंने मंडल यानी कमिश्नर को मिलने वाले अधिकार को खत्म कर दिया। डीजी ईओडब्लयू जय नारायण सिंह ने कहा पशुधन भर्ती घोटाले में योगेश कुमार के खिलाफ सबूत मिले हैं। वह जांच में दोषी पाए गए हैं। इसलिए, उनकी गिरफ्तारी की गयी। योगेश कुमार की गिरफ्तारी यूपी में ब्यूरोक्रेट्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी गिरफ्तारी है। इससे पहले 2007 यानी 19 साल पहले मायावती सरकार में मुख्य सचिव रह चुके अखंड प्रताप सिंह को सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार किया था। 2023 में उनका निधन हो गया था। सहारनपुर को छोड़कर प्रदेश के 17 मंडलों में 1198 पदों पर पशुधन प्रसार अधिकारी की भर्ती हुई थी। (शेष पृष्ठ 9 पर)

- ब्यूरोक्रेट्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी कारवाई

सपा के 3 बागी विधायक भाजपा में हुए शामिल

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गयी है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के तीन विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। विधानसभा चुनाव (शेष पृष्ठ 9 पर)

हवलदार के पास मिली 6.26 करोड़ की संपत्ति

इंदौर/देवास, 14 अक्टूबर (ईएमएस) । लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कारवाई की। लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम ने सुबह 6 बजे से देवास स्थित उसके निवास समेत इंदौर और देवास के 15 ठिकानों पर सर्चिंग शुरू की। शुरुआती जांच में आरोपी के पास करीब 6.26 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिली है। लोकायुक्त के अनुसार, यह उसकी आंकी गई आय से करीब 223 प्रतिशत ज्यादा है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फिरोज खान पुलिस विभाग में होने का प्रभाव दिखाकर देवास क्षेत्र में विवादित (शेष पृष्ठ 9 पर)

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरा ...

जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना अपराध नहीं

युवाओं को जेल भेजना पूरी तरह से कायरतापूर्ण-राहुल

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं की गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराना अपराध नहीं है और इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरतापूर्ण है। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि छात्र, युवा, पत्रकार, नागरिक समाज और विपक्षी दल अलग-अलग बैनर के तहत प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है। सभी नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि यह जगह देश के लोगों की है और इसे वापस हासिल किया जायेगा। मालूम हो कि जंतर-मंतर में बिना अनुमति प्रवेश करने के आरोप में सीजेपी नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास समेत 14 लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में रांका और दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पार्टी नेता अजिंक्य शिंदे को निजी बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, नेताओं ने बैरिकेड और गेट फांदकर परिसर में प्रवेश किया तथा तिरंगा लहराकर नारे लगाये। पुलिस ने इसे उनकी जमानत की शर्तों का उल्लंघन बताया। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने राहुल गांधी के समर्थन के लिए आभार जताया। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने भी सीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की है। राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छात्रों का विरोध भारत की आवाज है और इसे दबाया नहीं जा सकता। राहुल ने (शेष पृष्ठ 9 पर)

छात्रों के बीच मीडिया से मुखातिब होते राहुल गांधी।

- सीजेपी नेताओं की गिरफ्तारी का किया विरोध
- छात्रों की आवाज दबाने वालों को सजा दिलायेंगे
- मोदी, शाह और ज्ञानेश कुमार पर साधा निशाना

पराग डेयरी रोड पर फैलीं गिट्टियां, जख्मी हो रहे दो पहिया सवार

वाटर लाइन बिछाने के लिए दीप टाकीज तिराहा से साकेत नगर तक खोदी गई थी सड़क

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। वाटर लाइन के लिए पिछले वर्ष खोदी गई पराग डेयरी रोड निराला रोड दक्षिणी शहर में रहने वाले लाखों लोगों को दर्द और जख्म दे रही है। खराब सड़कों को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई तो जलनिगम ने खोदी गई सड़क पर गिट्टियां डालकर खाना-पूरी करने का प्रयास किया। गाड़ियों के गुजरने से यह गिट्टियां अब पूरी रोड पर फैल गई हैं, जिससे यह रोड और भी खतरनाक हो गई हैं. दोपहिया वाहन इन्हीं गिट्टियों की वजह से फिसल रहे हैं और घायल हो रहे हैं। शास्त्री चौक से सचान चौराहा तक भी रोड बदहाल पड़ी हुई है।

शास्त्री चौक से सचान चौराहा तक धूल का गुबार कर रहा है लोगों को बेहाल

बिछाई गई थी वाटर लाइन

दरअसल जवाहरलाल नेहरू अरबन रिन्यूवल मिशन के तहत जलनिगम ने कम्पनी बाग से निराला नगर पंपिंग स्टेशन तक गहरी वाटर लाइन बिछाई थी, लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से यह लाइन फट जाती है। इसकी जगह पाइप लाइन बिछाने का काम पिछले वर्ष शुरू हुआ था। दक्षिणी शहर में शास्त्री चौक से सचान चौराहा होते पराग डेयरी रोड पर दीप टाकीज तिराहा तक वाटर लाइन बिछाई गई थी। रोड कटिंग कर वाटर लाइन तो जलनिगम ने बिछा दी, लेकिन सड़क नहीं बनाई। रेलवे ग्राउंड में एक भाजपा विधायक के पुत्र की शादी की वजह से पराग डेयरी रोड पर डामरीकरण के नाम पर खानापूरी कर दी, लेकिन बरसात में यह रोड कई जगह धंस गई और गड्ढे हो गए।

हर दिन गुजरती हैं हजारों गाड़ियां

इस सड़क से बर्रा विश्व बैंक, उस्मानपुर, दामोदर नगर, कर्रही, नौबस्ता सहित दक्षिणी शहर में रहने वालों हजारों लोग रोज वाहनों से गुजरते हैं, लेकिन जलनिगम ने गड्ढों में बदली रोड को बनवाने की परवाह नहीं की। इधर खराब सड़कों को लेकर शहरवासियों ने हंगामा काटना शुरू किया। इस पर प्रशानिक अधिकारी हरकत में आ गए। उन्होंने सख्त रूख दिखाते हुए नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, जलनिगम, मेट्रो आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक की और जल्द से खराब सड़कों पर पैचवर्क व बनाने की चेतावनी दी। इसके बाद इन विभागों के अधिकारी की नींद टूटी और शहरवासियों को खराब सड़कों से कुछ राहत नसीब हुई। हालांकि जलनिगम ने दिखावे के लिए कई दिनों पहले पराग डेयरी रोड के धंसे हिस्से पर गिट्टियां डाल दी। लेकिन रोड नहीं बनाई। जिससे इस व्यस्ततम रोड से गुजरने वाली कार व अन्य चारपहिया वाहनों से यह गिट्टियां पूरी सड़क पर फैल गई। अब यही गिट्टियां दोपहिया वाहन सवारों के लिए मुसीबत बनी हुई। स्लिप होकर बाइक, स्कूटी गिर रही हैं। वहीं शास्त्री चौक से सचान चौराहे के बीच रहने वाले लोग भी खस्ताहाल सड़क, उड़ते धूल-गुबार के कारण बेहाल हैं। जलनिगम के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण कुमार ने बताया कि सड़क बनाने में लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। जल्द से जल्द सड़क बनाई जाएगी।

गलत जगह थार खड़ी करने से रोका तो गार्ड को पीटा

पिस्टल लगाकर दी धमकी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कानपुर,14 अक्टूबर। कल्याणपुर के गुबा गार्डन स्थित शिव कृपा अपार्टमेंट में गलत जगह थार खड़ी करने से रोकना सुरक्षा गार्ड को भारी पड़ गया। आरोप है कि फ्लैट मालिक ने लाइसेंसी पिस्टल लगाकर अपने साले और अन्य साथियों को बुला लिया और गार्ड के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक आज नहीं करता है। जानकारी के मुताबिक शिव कृपा अपार्टमेंट में धर्मेंद्र यादव सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात हैं। शुक्रवार शाम एक फ्लैट मालिक ने अपनी थार गाड़ी अपार्टमेंट के गेट के पास गलत जगह पर खड़ी कर दी। इससे आने-जाने वालों को दिक्कत हो रही थी। धर्मेंद्र ने उन्हें टोका और गाड़ी सही जगह पर खड़ी करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि फ्लैट मालिक ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि अपार्टमेंट में उसका फ्लैट है। वह गाड़ी कहीं भी खड़ा करेगा। इसके बाद वह फ्लैट पर गया और कमर में लाइसेंसी पिस्टल लगाकर अपने साले और दो अन्य साथियों के साथ वापस आया। आरोपियों ने गार्ड को घेर लिया और लात घूंसों से पिटाई शुरू कर दी। विरोध करने पर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना के समय अपार्टमेंट के अन्य लोग भी मौजूद थे। लेकिन किसी ने बीच-बचाव की हिम्मत नहीं जुटाई। पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। गार्ड ने किसी तरह खुद को बचाया और अपार्टमेंट के अन्य गार्डों को सूचना दी। चौकी प्रभारी विपिन मोरल ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। पीड़ित के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अटलघाट से विष्णुपुरी तक बनेगी फोरलेन सड़क

शासन की व्यय वित्त समिति ने केडीए के 200 करोड़ से अधिक के 5 कार्यो को दी मंजूरी

कानपुर, 14 अक्टूबर। शहरवासियों के खुशखबरी है। शासन की व्यय वित्त समिति ने शहर के विकास कार्यो से जुड़े केडीए के 200 करोड़ से अधिक के 5 कार्यो को मंजूरी दे दी है। इसमें गंगा बैराज के पास स्थित अटलघाट से नई फोरलेन रोड बनाकर विष्णुपुरी कम्पनीबाग सड़क को जोड़ने, शताब्दी नगर में फोरलेन अंडरपास और प्रयागराज हाईवे की ओर से रिंग रोड और एयरपोर्ट को जोड़ने के कार्य शामिल हैं। समिति की मंजूरी के बाद शासन से इन कार्यो के लिए बजट मिलने का रास्ता साफ हो गया है। केडीए अधिकारियों के मुताबिक जैसे ही बजट जारी होगा, तुरन्त ही टेंडर करके कार्य शुरू कराए जाएंगें।

इन कार्यो को दी व्यय वित्त समिति ने मंजूरी

- शताब्दी नगर में फोरलेन रेलवे अंडरपास— 44 करोड़ रुपए
- अटलघाट से विष्णुपुरी कंपनी बाग 4 लेन रोड—80 करोड़ रु..
- प्रयागराज हाईवे से एयरपोर्ट व रिंग रोड की कनेक्टिविटी- 25 करोड़ रु.
- 45 मीटर चौड़ी जरीबचौकी-घंटाघर रोड— 50.75 करोड़ रु..
- आजाद नगर से इंद्रा नगर तक फोरलेन रोड— 48.38 करोड़ रु..

निजी जमीन ली जाएगी

छुट्टी और त्योहार के दिनों में गंगाबैराज से विष्णुपुरी रोड के बीच अक्सर जाम लग जाता है। मौजूदा सड़क कहीं 2 लेन से कम चौड़ी तो कहीं 3 लेन से कम चौड़ी है। इस समस्या के हल के लिए अटलघाट से विष्णुपुरी कम्पनीबाग रोड को जोड़ने के लिए चार लेन सड़क बनाने का केडीए ने प्रस्ताव तैयार किया था। इसके रास्ते में निजी जमीनें भी आ रही है। जिन्हें खरीदने के लिए केडीए को सहमति मिल चुकी है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या बजट की थी जो कि समिति की मंजूरी से हल हो गई है। वहीं जरीबचौकी से घंटाघर तक इस व्यस्ततम रोड को केडीए चार लेन का करेगा। साथ ही केस्को की लाइनों को अंडरग्राउंड भी करेगा। जलभराव की समस्या के हल के लिए दोनों ओर गहरी नालियां भी बनाएगा।

खाली पड़े फ्लैट बिकेंगे

शताब्दी नगर व जवाहरपुरम में हजारों की संख्या में फ्लैट खाली पड़े हैं। इनके न बिकने की वजह से केडीए ने मौजूद एक लेन से कुछ अधिक चौड़ा मौजूदा रेलवे अंडरपास को फोरलेन किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया था। रेलवे के 44 करोड़ रुपए का एस्टीमेट देने की वजह से मामला लटक गया था। अब समिति की मंजूरी से यह रूकावट दूर हो गई है। इन्द्रा नगर से आजाद नगर तक 4.5 किलोमीटर लंबी 4 रोड बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है। प्रयागराज हाईवे की ओर से रिंग रोड को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए करीब 2.8 किमी. लंबी नई सड़क बनाने को भी मंजूरी समिति ने दे दी है।

शासन की व्यय वित्त समिति ने केडीए के 200 करोड़ रुपए से अधिक के 5 कार्यो को पास कर दिया। इससे बजट का संकट नहीं रह गया है। अब बजट जारी होते ही टेंडर कराकर इन कार्यो को पूरा कराया जाएगा। इससे शहर के विकास और शहरवासियों को बहुत फायदा होगा।
—अंकुर कौशिक, उपाध्यक्ष केडीए

रिश्वत मामले में औरैया के तत्कालीन एडीपीआरओ बरी

कानपुर,14 अक्टूबर। बीस हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में फंसे औरैया के तत्कालीन सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (एडीपीआरओ) कमल किशोर को सबूतों के अभाव में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया है। शिकायत दर्ज कराने वाला गांव का प्रधान रामविलास ही कोर्ट में बयान से मुकर गया था। इस पर कोर्ट ने प्रधान के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश भी दिया है। औरैया के बेला थाना क्षेत्र के पट्टी तोरना गांव के प्रधान रामविलास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव में विकास कार्यों के लिए जेई के इस्टीमेट तैयार करने के बाद उसकी वित्तीय स्वीकृति के लिए फाइल एडीपीआरओ के पास भेजी गई थी। आरोप था कि सहारनपुर के पैईरागपुर निवासी एडीपीआरओ कमल किशोर स्वीकृति के लिए चार प्रतिशत कमीशन मांग रहे थे। 20 हजार रुपये एडवांस मांगे थे। इस पर प्रधान ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के लखनऊ मुख्यालय में शिकायत की। गोपनीय जांच कराई गई और 10 जनवरी 2019 को आई रिपोर्ट के आधार पर अगले दिन कमल के घर पर जाल बिछाकर उन्हें 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किए जाने का दावा किया गया था। मुकदमे में अभियोजन की ओर से रामविलास समेत 10 गवाह कोर्ट में पेश किए गए। शिकायतकर्ता व चश्मदीद गवाह भी कोर्ट में बयान से मुकर गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री कपिलदीप सचान ने बताया कि कोर्ट के समक्ष कोई ठोस सबूत न होने पर कोर्ट ने कमल किशोर को बरी कर दिया। वहीं गवाही के दौरान शिकायतकर्ता प्रधान रामविलास ने कहा कि उसने कोई शिकायत नहीं की थी। प्रधान की सीट आरक्षित कोटे से अनुसूचित जाति की थी। चुनाव जीतने में उच्च जाति के संदीप कुमार तिवारी ने मदद की थी इसलिए प्रधान बनने के बाद सारा काम प्रधान प्रतिनिधि के रूप में संदीप ही देखते थे। बोले, जिस निर्माण कार्य के लिए रिश्वत लेने की बात कही जा रही है उस निर्माण कार्य का कोई प्रस्ताव ही नहीं था। न तो उनकी कभी कोई मुलाकात तत्कालीन एडीपीआरओ कमल किशोर से हुई और न ही वो उन्हें जानता है। शिकायती पत्र में संदीप की लिखावट है और उसी का मोबाइल नंबर भी लिखा है। दो स्वतंत्र गवाह भी कोर्ट में पेश किए गए लेकिन उन्होंने भी कमल को रिश्वत लेते देखने से इन्कार किया।

शिकायतकर्ता और चश्मदीद गवाह बयान से पलटा, प्रकीर्ण वाद दर्ज के आदेश

अपराध संक्षिप्त

एचटी लाइन की चपेट में आकर डेकोरेशन कर्मी झुलसा

कानपुर, 14 अक्टूबर। पनकी एमआईजी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार को पंडाल में सजावट करने के दौरान करंट लगने से झुलसे डेकोरेशनकर्मी के भाई की तहरीर पुलिस ने गेस्ट हाउस मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है बिठूर के बाकरगंज रमेश नगर निवासी संजय के मुताबिक उनका भाई गोपाल कुशवाह 12 अक्टूबर को ठेकेदार अजय उर्फ भूरा के साथ गेस्ट हाउस में फूल-माला की सजावट करने गया था। गेस्ट हाउस मालिक विजय चड्ढा ने बाहर पंडाल लगवाया था। पंडाल के पास से 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गुजर रही थी। दोपहर करीब एक बजे पंडाल के खंभे पर काम करते समय गोपाल करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। संजय ने आरोप लगाया कि बिजली लाइन के नीचे काम कराने के दौरान गेस्ट हाउस संचालक ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए थे। जिसके चलते उनका भाई हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कर विधिक काररवाई की जायेगी।

पारिवारिक विवाद में युवक ने लगाई फांसी, मौत

कानपुर, 14 अक्टूबर। पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। अहिरवां थाना चकेरी निवासी सुरेश चंद्र प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी राधा और दो बेटे अमन और सुधांशु (22) हैं। पिता सुरेश के मुताबिक छोटा बेटा सुधांशु महाराजपुर के तिलसहरी स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक था। बुधवार शाम को सुधांशु शराब के नशे में घर आया था। इस दौरान किसी बात को लेकर उसका बड़े भाई अमन से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद सुधांशु गुस्से में अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद सुधांशु ने कमरे में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मां राधा शाम की आरती के लिए बेटे को बुलाने उसके कमरे में गईं तो अंदर बेटे को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। उनकी चीख सुनकर परिवार के लोग और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। इस बाबत थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बेटी को स्कूल से उठाने की कोशिश का आरोप

कानपुर,14 अक्टूबर। एक साल से छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न से परेशान महिला ने युवक पर बेटी को स्कूल से उठाने का प्रयास करने और सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालकर बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर रावतपुर पुलिस ने आरोपी शिवम उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शारदा नगर निवासी महिला के मुताबिक, आरोपी पिछले एक साल से राह चलते उनके साथ छेड़छाड़ कर परेशान कर रहा है। इससे तंग आकर उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। आरोप है कि चौकी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बढ़ गए। इसके बाद उसने उनकी बेटी को स्कूल से उठाने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो सका। महिला का आरोप है कि आरोपी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें डालकर बदनाम कर रहा है। रिश्तेदारों के बीच उनके चरित्र को लेकर गलत बातें भी फैला रहा है। विरोध करने पर आरोपी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करता है। एसीपी कल्याणपुर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आलू कारोबारी पर मारपीट और सरकारी रजिस्टर फाड़ने का आरोप

कानपुर,14 अक्टूबर। चकरपुर मंडी के गेट नंबर तीन की चेकपोस्ट पर ट्रक निकलवाने को लेकर मंगलवार को विवाद हो गया था। जिसके बाद चेकपोस्ट कर्मचारियों ने आलू कारोबारी पर गाली-गलौज, मारपीट और सरकारी रजिस्टर व निकासी पर्चियां फाड़ने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने बुधवार को आलू कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, वही घटना के बाद आलू कारोबारी ने भी कर्मचारियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। चकरपुर मंडी चेकपोस्ट पर तैनात निरीक्षक शिवेंद्र गुप्ता समेत सात कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार को सीएल यादव एंड कंपनी के संचालक घनश्याम यादव उर्फ पप्पू नियमों के विपरीत ट्रक निकलवाने का दबाव बना रहे थे। जब नियमानुसार ट्रक निकालने की बात कही तो कारोबारी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए चेकपोस्ट के अंदर घुस गए और सरकारी रजिस्टर व निकासी पर्चियां फाड़ दीं। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि चेकपोस्ट कर्मचारियों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कार फाइनेंस के नाम पर 95 हजार हड़पे

कानपुर, 14 अक्टूबर। टोयोटा कार फाइनेंस कराने और सिबिल स्कोर सुधारने का झांसा देकर 2.80 लाख लेने और 95 हजार रुपए हड़पने के मामले में रावतपुर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। सुजातगंज के चंदारी निवासी पृथु अवस्थी टोयोटा की कार खरीदना चाहते थे। आरोप है कि लाजपत नगर निवासी सतवीर सिंह अरोड़ा के परिचित मसवानपुर निवासी अभिषेक सोनवानी ने उनसे संपर्क किया। दोनों ने कार फाइनेंस कराने और इससे सिबिल स्कोर सुधरने का भरोसा दिया। उनकी बातों में आकर पृथु ने 2.80 लाख रुपये दे दिए। इसमें 2.12 लाख रुपये नकद और बाकी रकम ऑनलाइन दी गई। 22 जुलाई को इस संबंध में इकरारनामा भी कराया गया था। पृथु के मुताबिक कार की डिलीवरी से पहले ही बुकिंग निरस्त करा दी गई और रकम खाते में वापस मंगा ली गई। एजेंसी से इसकी जानकारी होने पर उन्होंने आरोपितों से संपर्क किया। इसके बाद 1.85 लाख रुपये का चेक दिया गया। जिसका तीन अगस्त को भुगतान हो गया। बाकी रकम मांगने पर आरोपित टालमटोल करने लगे। आरोप है कि रुपये लौटाने से इनकार करने के साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर भी कुछ नहीं बिगाड़ पाने की धमकी दी गई। एसीपी कल्याणपुर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

आरएनजी निसान के दूसरे शोरूम का शुभारंभ

दीप जलाकर शो रूम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

कानपुर, 14 अक्टूबर। आरएनजी निसान ने आज बर्रा में अपने दूसरे शोरूम का भव्य शुभारम्भ किया। इस शोरूम के खुलने से कानपुर दक्षिण और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को निसान की बेहतरीन कारों की रेंज और विश्वस्तरीय सेवायें एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राहकों की उपस्थिति में कंपनी के निदेशक कैलाश नारायण गर्ग, श्रीमती बृजरानी गर्ग, श्रीमती मधुलिका गर्ग ने दीप प्रज्जवलित कर शोरूम का शुभारंभ किया। इस शोरूम को अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसके चलते यह ग्राहकों को नया और प्रीमियम अहसास कराएगा। शुभारम्भ के अवसर पर वैभव दीक्षित को निसान मैग्नाइट एवं धीरेंद्र कुशवाहा को निसान ग्रेवाइट की चाबी सौंपी गयी। शोरूम के जनरल मैनेजर प्रवीण सक्सेना ने शानदार मॉडलों की खूबियां बताते हुए कहा कि ग्राहकों के लिए अब एक ही छत के नीचे बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं। निसान मैग्नाइटर फाइव स्टार सेफ्टी रेटिंग वाली सब कॉम्पैक्ट एसयूवी1 है। जिसकी शुरुआती कीमत है 5.69 लाख रुपये है। ऑल-न्यू निसान ग्रेविट बजट फ्रेंडली 7 सीटर कार है । जिसकी शुरुआती कीमत है 5.73 लाख रुपये है। नशान टेक्टॉन विशाल बूट स्पेस के साथ आने वाली एक प्रीमियम और आलीशान सी-एसयूवी 1 है, जिसकी शुरुआती कीमत है 10.49 लाख रुपये है। इस अवसर पर शोरूम निदेशक अमित गर्ग, संजय गर्ग, मनोज गर्ग ने कहा कि कानपुर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। बर्रा बाईपास पर इस नए शोरूम को शुरु करते हुए हमें गर्व हो रहा है। नए शोरूम के शुरुआती ग्राहकों के लिए त्योहारों के शुभ अवसर पर विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं।

यात्री सुविधा में चकेरी एयरपोर्ट ने हासिल की उपलब्धि

कानपुर, 14 अक्टूबर। भारतीय विमानपतनन प्राधिकरण (एएआइ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में चकेरी एयरपोर्ट को यात्री सुविधाओं के मामले में पूरे देश में नौवां स्थान मिला है। बताते चलें कि इस सूची में यूपी के दो और जिले शामिल हैं, जिसमें अयोध्या एयरपोर्ट को पांचवां स्थान मिला। इसके साथ ही प्रयागराज एयरपोर्ट 10वें स्थान पर है। एएआई से जारी रैंकिंग में वर्ष 2019 में चकेरी एयरपोर्ट 34वें, जबकि 2023 में 26वें स्थान पर रहा है। एएआइ की रैंकिंग में यात्री संख्या के मामले में देश में 69वें स्थान पर अपना स्थान रखने वाला चकेरी एयरपोर्ट को एक बार फिर से रफ्तार मिल जाएगी। अगले महीने से शहरवासियों को बंद हुई हैदराबाद और जेवर (नोएडा) की फ्लाइट्स की सौगात फिर से मिलेगी। साथ ही बेंगलुरु की उड़ान भी हफ्ते में तीन के बजाय चार दिन करने की योजना को मूर्तरूप देने की तैयारी है। प्रदेश सरकार को भेजे गए नए विस्तार प्रस्ताव के तहत जल्द ही यहां कार्गो सेवा और सीआइएसएफ आवासीय कालोनी का निर्माण भी शुरू होगा। इससे यात्रियों की संख्या भी बढ जाएगी।

दर्शनपुरवा चौकी में विधवा को थर्ड डिग्री, तीन दिन तक बैठाया

चोरी कबूलवाने के लिए चौकी में रखकर पीटने का आरोप, हंगामा

छाया

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। फजलगंज थानाक्षेत्र की दर्शनपुरवा चौकी में एक विधवा को थर्ड डिग्री दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला को चौकी क्षेत्र में पिछले सप्ताह हुई चोरी के मामले में तीन दिन तक चौकी-थाने में बैठा कर पिटाई करने का आरोप है। शरीर पर चोटों के निशान देखकर परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने गुमटी नंबर पांच चौकी पहुंचकर हंगामा किया। जानकारी पाकर एसीपी स्वरूप नगर ने पीड़िता से बातचीत कर उसके बयान दर्ज किए। उधर, खुद को फंसता देखकर बाद में पुलिस कर्मियों ने महिला को छोड़ दिया और उसका मेडिकल तक नहीं कराया। काकादेव थानाक्षेत्र के राजापुरवा मुहल्ले में रहने वाले छाया घरों में चौका-बर्तन का काम करती है। छाया के दो बेटियां नव्या और प्रज्ञा हैं जबकि पति राजेश की दो साल पहले मौत हो चुकी है। दो माह पहले ही छाया ने दर्शनपुरवा स्थित नानक मसाले वाले दुकानदार मन्नी के यहां पर काम शुरू किया था। इस दौरान पिछले सप्ताह उनके यहां से चार अंगूठियां व कुछ नकदी गायब हो गई। जिसे लेकर उन्होंने छाया पर चोरी का आरोप लगाते हुए फजलगंज थाने में शिकायत की। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद सोमवार को गुमटी नंबर पांच चौकी प्रभारी सचिन सागर ने छाया को हिरासत में लेकर पूछताछ के नाम पर महिला सिपाही के साथ मिलकर प्रताड़ित किया। तीन दिन तक थाने और चौकी में मारपीट की गई। जिससे उनके दोनों हाथों, कंधों और कमर में काफी चोटें आई हैं और वह चल-फिर तक नहीं पा रही है। इससे नाराज परिजनों के साथ इलाकाई महिलाओं ने गुमटी नंबर पांच चौकी पहुंचकर हंगामा किया। चौकी इंचार्ज सचिन सागर और महिला सिपाही को निलंबित करने की मांग की। जानकारी पाकर एसीपी स्वरूप नगर ज्योति श्री चौकी पहुंची और पीड़िता से उसके बयान लिए। हालांकि बाद में पुलिस ने छाया को बिना मेडिकल कराए ही छोड़ दिया। डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया महिला के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ करने के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने के आरोपों की जांच की जा रही है। जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाए जायेंगे उनके खिलाफ दंडात्मक काररवाई की जायेगी।

एसीपी ने दर्ज किए बयान डीसीपी बोले-आरोपों की करा रहे जांच

पहले अभद्रता, फिर घसीटकर हवालात में बंद करने का आरोप, पुलिस आयुक्त तक पहुंची शिकायत

कानपुर,14 अक्टूबर। कल्याणपुर थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों पर अभद्रता, जातिसूचक गालियां देने और घसीटकर हवालात में बंद करने का आरोप लगा है। इंद्रानगर निवासी छात्र संगठन के पूर्व पदाधिकारी उपेंद्र चक ने बुधवार को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की। इंदिरा नगर निवासी उपेंद्र चक के मुताबिक, रामा यूनिवर्सिटी के बीफार्मा छात्र साहिल कुशवाहा मंगलवार शाम सब्जी खरीदने गए थे। आरोप है कि इस दौरान एक उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता की और रुपये मांगे। जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और अपना परिचय दिया। इसके बावजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक गालियां देते हुए घसीटकर थाने ले गए। आरोप है कि उन्हें हवालात में बंद कर दिया गया और करीब दो घंटे बाद छोड़ा गया। बुधवार को उपेंद्र चक ने पुलिस आयुक्त से संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कराने, छात्र के बयान दर्ज करने और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसीपी कल्याणपुर दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस चेकिंग के दौरान छात्र ने चाबी छीन ली थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और उन्हें थाने लाया गया था। उन्होंने अन्य आरोपों को असत्य बताया। हालांकि, मामले की जांच कराने की बात कही है।

व्यापारी का बैग काटकर भाग रहे लुटेरे से 50 हजार बरामद

भाइयों ने घंटाघर चौराहे पर की थी घटना, व्यापारी ने एक को पकड़ा था

आरोपी राजीव

कानपुर, 14 अक्टूबर। कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह आटो में बैठकर आ रहे कपड़ा व्यापारी का बैग काटकर नगदी उड़ाने में पकड़े गए आरोपी से 50 हजार की नगदी बरामद हो गई है। पुलिस दूसरे आरोपी भाई की तलाश कर रही है। फतेहपुर जनपद के गाजीपुर निवासी कपड़ा व्यापारी हारून मंगलवार सुबह टाटमिल चौराहे से आटो में बैठकर घंटाघर आ रहे थे। कलक्टरगंज थाने से करीब 100 मीटर दूर स्थित जय सियाराम होटल के पास आटो में सवार एक व्यक्ति चलती हुई आटो से कूदकर भागा तो उन्हें बैग कटा दिखा। इसपर वह लुटेरे को पकड़ने के लिए दौड़े और उससे भिड़ गए। इस दौरान व्यापारी ने एक लुटेरे को दबोच लिया जबकि उसका साथी बाइक छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने पकड़े गए लुटेरे को पकड़ने के बाद पीटकर पुलिस को सौंप दिया। कपड़ा व्यापारी ने बताया कि उसके बैग में 1.36 लाख रुपये थे। इसमें 50 हजार रुपये लुटेरे का साथी लेकर भाग निकला है। थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे राजीव ने बताया कि उसने भाई विकास के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद उसने लूटी गई रकम जो रेलवे खंडहर संकटमोचन मंदिर के पास रखी थी उसे बरामद करवा दिया। राजीव पर चोरी, लूट समेत 17 मुकदमे हैं। फरार दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

CMYK

महापौर व नगर आयुक्त के बीच बढ़ा घमासान

कन्वेशन सेंटर के टेंडर व आय पर उठे सवाल, पार्षदों ने नगर आयुक्त के खिलाफ लगाया प्रस्ताव, बैठक 19 को होगी कार्यकारणी बैठक

कानपुर, 14 अक्टूबर। कानपुर नगर निगम में महापौर प्रमिला पाण्डेय और नग आयुक्त अर्पित उपाध्याय के बीच प्रशासनिक अधिकारों और फैसले लेने की प्रक्रिया को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मंगल भवन की संचालन समिति भंग करने से शुरू हुई खींचतान अब कन्वेंशन सेंटर के एमओयू ,टेंडर प्रक्रिया और उससे होने वाली आय के ब्यौरे तक पहुँच गई है। नगर निगम में कार्यकारणी के 12 में 11 पार्षद सदस्यों ने नगर आयुक्त के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी की है। विवाद की शुरूआत बृजेन्द्र स्वरूप पार्क बेनाझाबर स्थित मंगल भवन की संचालन समिति और रखरखाव समितियों को भंग करने के फैसले से हुई। महापौर का कहना है कि नगर निगम की जमीन पर बने भवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले सदन और कार्यकारणी को विश्वास में लिया जाना चाहिए। वहीं नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय का पक्ष है कि समितियों को भंग करने की कार्यवाही मण्डलायुक्त की संस्तुति से जुड़े निर्देशों के आधार पर की गई है। उनका कहना है कि मंगल भवन की समितियों के गठन को सदन से मंजूरी नहीं मिली थी। इस मुद् दे को लेकर कार्यकारणी और सदन की बैठक में आपत्ति जताई । दोनों पक्षों के बीच अधिकारों और निर्णय प्रक्रिया को लेकर मतभेद सामने आए।

कन्वेंशन सेंटर के एमओयू पर भी विवाद

मंगल भवन के बाद अब कन्वेंशन सेंटर का संचालन और रखरखाव भी विवाद का प्रमुख कारण बन गया है। 9 अक्टूबर को कार्यकारणी की बैठक में महापौर ने कन्वेंशन सेंटर के एमओयू को निरस्त करने की घोषणा की थी। महापौर को आपत्ति है कि बिना कार्यकारणी और सदन को जानकारी दिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और निर्णय लेने के तरीके पर सवाल उठाए। दूसरी ओर नगर आयुक्त ने महापौर के इस कदम पर आपत्ति जताई । उनका पक्ष है कि कन्वेंशन सेंटर के संबंध में निर्णय स्मार्ट सिटी के बोर्ड की प्रक्रिया के तहत लिया गया है। कन्वेंशन सेंटर की आय का ब्यौरा भी मांगा है। विवाद बढ़ने के बीच नगर निगम कार्यकारणी के 12 में से 11 पार्षद सदस्यों ने नगर आयुक्त के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी की है। इस प्रस्ताव को अभिनव शुक्ला रखने की तैयारी कर रहे है। इससे स्पष्ट हो गया है कि मामला अब महापौर और नगर आयुक्त के बीच मतभेद तक सीमित नहीं रह गया है। बल्कि इसमें कार्यकारणी के सदस्यों की भूमिका भी प्रमुख हो गई है। अब निगाहें नगर निगम की संभावित 19 अक्टूबर को होने वाली कार्यकारणी बैठक पर टिकी है। जहाँ निंदा प्रस्ताव और इन विवादित मुद् दों पर आगे क्या रूख अपनाया जाता है,यह महत्वपूर्ण होगा।

वित्त आयोग के फोरम में उठाई शहर में जलभराव की समस्या

कानपुर, 14 अक्टूबर। राज्य वित्त आयोग के फोरम में महापौर प्रमिला पांडेय ने शहर के जलभराव की समस्या उठाई। पुराने नाले धंसने और जाम होने के कारण नए सिरे बरसात के पानी की निकासी के इंतजाम किए जाने की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही उन्होंने शहर में स्थित तालाबों के जीर्णोद्वार करने और उसमें बरसाती पानी पहुंचाने का उपाय किए जाने की जरूरत जताई। इससे वर्षा जलसंचयन भी होगा और भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी। स्मार्ट सिटी के तहत हुए कार्यो की वजह से नगर निगम की आय घटने पर भी चिंता जताई। कहा कि स्मार्ट सिटी में 20 वर्षो के लिए विज्ञापन होर्डिंग दी गई है। इससे नगर निगम की आय प्रभावित है। कन्वेशन सेंटर में नगर निगम को राजस्व नहीं देने की तैयारी है। जबकि यह नगर निगम की जमीन पर बना हुआ है। साथ ही 74वां संविधान संशोधन लागू करने की भी मांग की। जिससे शहरवासियों को बुनियादी सुविधाओं उपलब्ध कराने में आसानी हो सके।

त्यौहार में नई दिल्ली पटना के बीच वंदे भारत स्पेशल

वाया कानपुर सेन्ट्रल अक्टूबर व नवंबर में लेगी 18 फेरे

कानपुर,14 अक्टूबर। त्योहार में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली व पटना के बीच 02252 व 02251 आरक्षित वंदेभारत स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन (02252) नई दिल्ली पटना वंदेभारत स्पेशल 16 एं 18 अक्टूबर 2026 को दो फेरे और हर सोमवार, बुधवार व शनिवार को 21 अक्टूबर से 25 नवंबर तक 16 फेरे लेगी। नई दिल्ली से 02252 वंदेभारत सुबह 8.35 बजे चलकर अलीगढ़ होते हुए कानपुर सेन्ट्रल 10.35 बजे आयेगी। पांच मिनट बाद रवाना होकर प्रयागराज, डीडीयू, बक्सर, आरा जं.होते हुए पटना रात 21.30 बजे पहुंचेगी। वहीं वापसी में 02251 पटना नई दिल्ली वंदेभारत स्पेशल 17 व 19 अक्टूबर को दो फेरे व हर मंगलवार, गुरुवार व रविवार को 22 अक्टूबर से 26 नवंबर तक 16 फेरे चलेगी। यह ट्रेन पटना से सुबह 10 बजे चलकर आरा, बक्सर, डीडीयू, प्रयागराज होते हुए कानपुर सेन्ट्रलशाम 17.50 बजे पहुंचेगी। पांच मिनट बाद रवाना होकर अलीगढ़ होते हुए नई दिल्ली 23.30 बजे पहुंचेगी।

लॉयर्स एसोसिएशन के मतदान की प्रस्तावित तारीख तय

कानपुर,14 अक्टूबर। लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महामंत्री राजीव यादव ने बताया कि बुधवार को एल्डर्स कमेटी और पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में चुनाव पर चर्चा हुई। इसमें मतदान की प्रस्तावित तिथि 24 नवंबर तय की गई है। इसके साथ ही सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्तूबर तय की गई है। बैठक में एल्डर्स कमेटी के राम प्रताप सिंह चौहान, राजेश सिंह यादव, प्रबल प्रताप सिंह यादव, मो अली, अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रमाकांत मिश्रा, पुष्करधर द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ज्ञापन देते पूर्व विधायक व अन्य

गरीबों के मकान बचाने के लिए एडीएम सिटी को ज्ञापन

कानपुर,14 अक्टूबर। संजय नगर बस्ती में मकानों को टूटने से बचाने और प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया ने एडीएम सिटी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि डीएम ने उन्हें गरीबों के मकान बचाने और समस्याएं सुनने के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। सांसद रमेश अवस्थी ने भी इस संबंध में एडीएम से बात की है। रघुनंदन भदौरिया ने कहा कि 70-80 वर्षों से रह रहे परिवारों को उजाड़ने के बजाय उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाए। विकास कार्य भी बाधित नहीं होने चाहिए। प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने की मांग की गई।

धोखाधड़ी में कारवाई न होने पर बैंक मैनेजर ने फांसी लगाई

कानपुर, 14 अक्टूबर। बाबूपुरवा में ग्राहक की धोखाधड़ी और शिकायत पर कारवाई न होने से दुखी बंधन बैंक के मैनेजर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की तो कमरे से सुसाइड नोट और एसीपी बाबूपुरवा को दिया गया प्रार्थनापत्र मिला। मृतक ने पत्नी को मोबाइल में भेजे गए संदेश और सुसाइड नोट में ग्राहक नितिन गौर की धोखाधड़ी का जिक्र किया है। मूलरूप से उन्नाव के बांगरमऊ निवासी अनुराग बाजपेई गोविंदनगर की बंधन बैंक के गोल्ड लोन विभाग में प्रबंधक थे। वह पिछले दो साल से किदवई नगर के एम ब्लाक में शैलजा के मकान में किराये पर रह रहे थे। परिवार में पत्नी दिव्या और तीन बच्चे वैभव, मृत्युंजय व ढाई साल की बेटी देविका है। पिता रामचंद्र के मुताबिक अनुराग उनके नौ बच्चों में छठवें नंबर का था। उसने बुधवार दोपहर 2:52 से 2:56 बजे के बीच पत्नी को मोबाइल पर कई संदेश भेजे थे। इसमें लिखा था कि सात अक्टूबर से मामला चल रहा है। ग्राहक नितिन गौर ने सबकुछ किया है और उनकी कोई गलती नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। दिव्या ने 3:10 बजे संदेश देखकर पूरी बात जानने को कहा लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद दिव्या ने परिवार के लोगों को जानकारी देने के साथ बैंक में फोन किया। बैंक का एक कर्मचारी घर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला तो उसने दिव्या को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अनुराग का शव पंखे से लटका मिला। जांच के दौरान कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। वहीं कमरे से ग्राहक से परेशान होकर एसीपी बाबूपुरवा को दिया गया प्रार्थनापत्र भी बरामद किया गया है। बाबूपुरवा थानाप्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सुसाइड नोट व परिवार की तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कारवाई की जायेगी।

फोन कर परिवार से मांगी 10 लाख रुपये की रंगदारी

कानपुर, 14 अक्टूबर। चकेरी थाना क्षेत्र स्थित एक परिवार ने मोबाइल के जरिए गाली-गलौज कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने एवं नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोयलानगर, थाना चकेरी निवासी अंजलि सिंह के मुताबिक 12 अक्टूबर को उनके मोबाइल के व्हाट्सएप और फोन पर काल के जरिए आरोपी ने पिता विनोद कुमार, मां अनीता देवी और मामा को जान से मारने की धमकी भरा फोन आ रहा था। फोन करने वाले ने उसके पिता की सुपारी लेने और दस लाख रुपये लेकर किसी अन्य के माध्यम से पूरे परिवार की हत्या कराने की धमकी दी है। आरोपी ने अंजलि सिंह के घर का सटीक पता बताया, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। अंजलि सिंह ने तहरीर में बताया कि आरोपी ने खुद को दस बार जेल जाने और 12 मुकदमें में वांछित होना बताया। आरोपी ने धमकी दी कि एक दो और मुकदमे होने से पुलिस कुछ बिगाड़ नहीं सकती। पीड़िता ने संबंधित मोबाइल धारक अंकित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस बाबत चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

कानपुर, 14 अक्टूबर। सेनपश्चिम पारा थाना क्षेत्र में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। घुरवाखेड़ा निवासी 45 वर्षीय विजय नारायण उर्फ राजू कुशवाहा प्राइवेट काम करते थे। परिवार में पत्नी सुनैना, दो बच्चे विशाल व अंजुम हैं। छोटे भाई ब्रजभान ने बताया कि बुधवार सुबह विजय के यहां लगी सबमर्सिबल चल नहीं रही थी। इस पर उन्होंने पड़ोसी के यहां से लाइन खींची और सबमर्सिबल का तार जोड़ रहे थे कि तभी करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही मौत हो गई।

18 किग्रा चांदी पाउडर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कर्ज एवं ब्याज से परेशान होकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूली

कानपुर, 14 अक्टूबर। चकेरी थाना क्षेत्र के पोखरपुर स्थित सर्राफा कारोबारी के कारखाने से 18 किग्रा चांदी चोरी के मामले ने पुलिस ने अमेठी के मोहनगंज से पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चांदी भी बरामद किया है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता एवं एडीसीपी शिवा सिंह ने बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चोरी के मामले में दो आरोपियों मोहनगंज निवासी विकास यादव व उसके पिता बसंत लाल को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि विकास छठवीं पास है और वह मजदूरी करता है। छह महीने पहले वह नितिन तूपे के कारखाने में काम करने आया था। विकास का एक भाई नितिन तूपे के कारखाने के बगल में स्थित गुडडू बाबू की दाल मिल में काम करता था। काम करने के दौरान विकास को कारखाने में चांदी रखे होने की जानकारी मिल गई थी।

जानकारी देते डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी एवं गिरफ्त में आरोपी।

विकास ने चोरी का माल अपनी बुआ के घर छिपाया था। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद आरोपी ने सबसे पहले अपने पिता बसंत लाल को इसकी जानकारी दी। बसंत लाल ने इसे बेचने के लिए अमेठी के शंकरगंज बाजार निवासी एजेंट शिवलाल सोनी से संपर्क किया, जिसने रायबरेली में एक कारोबारी यहां बिकवाने का आश्वासन दिया था। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि बुधवार को वह चांदी बेचने जा रहा थी उसी दौरान रामादेवी रैंप के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी दादी को कैंसर है, जिसके इलाज के लिए उसने चार लाख रुपये कर्ज ले रखा था। तंगहाली में कर्ज नहीं चुका पाने की स्थिति में ब्याज बढ़ता जा रहा था, जिसे चुकाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। उसने बताया कि कर्ज के कारण उसने खेती भी गिरवी रख दिया था।

ग्रुप की जानकारी ने काम किया आसान

कानपुर। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि नितिन ने घटना की जानकारी ह्वाट्सएप ग्रुप में डाल रखी थी। जिसमें उसने बता रखी थी कारखाने से 18 किलो चांदी चोरी हो गई है (जो पाउडर फार्म में है)। अगर कोई चांदी बेचने के लिए संपर्क करे तो इसकी जानकारी दें। मैसेज के बाद जब शिवलाल सोनी ने चांदी बेचने के लिए रायबरेली के कारोबारी से संपर्क किया तो उसने नितिन को पूरी बात बता दी, जिसके बाद नितिन ने पुलिस को जानकारी दी।

ऑल इंडिया वेलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने जताया आभार

कानपुर। ऑल इंडिया के सदस्य नितिन जी की 18 किलो चांदी पूरी बरामद हो गई है। इस उपलब्धि के लिए पुलिस प्रशासन का विशेष धन्यवाद। एडिशनल कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, एसओ, सीओ इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज, सर्विलांस टीम,फॉरेंसिक टीम यह एक संस्था की बड़ी उपलब्धि है और संस्था में एक और कामयाबी दर्ज हो गई है।

यहां कारखाने में ऐसे हुई थी चोरी

कानपुर। मूलरूप से महाराष्ट्र निवासी नितिन तूपे वर्तमान में नौबस्ता में रहते हैं। उनका पोखरपुर थाना चकेरी स्थित दालमिल में चांदी रिफाइनिंग का कारखाना चलाते हैं। सोमवार की रात करीब तीन बजे एक चोर पड़ोसी की दीवार पर होकर छत पर उतरे और पिलर की सरिया में रस्सी बांधकर उसी के सहारे छत पर बने होल से नीचे उतर गए। इसके बाद महज नौ मिनट में चोरों ने 18 किलो चांदी पाउडर चोरी कर ले गए थे। चोरी गए चांदी की कीमत लगभग 47 लाख रुपये बताई जा रही है।

30 रुपये में सामान्य व 50 रुपये में एसी एक्जीक्यूटिव वेटिंग हाल

डेढ़ माह से बंद एसी वेटिंग हाल का डिप्टीसीटीएम ने किया शुभारंभ

कानपुर, 14 अक्टूबर। यात्रियों को बेहतर को लेकर डीआरएम रजनीश अग्रवाल के निर्देश पर बीते डेढ़ माह से बंद कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वातानुकूलित वेटिंग रूम चालू कर दिया गया। इसका शुभारंभ डिप्टीसीटीएम अकांशु गोविल द्वारा किया गया। इस वातानुकूलित वेटिंग रूम में यात्रियों के बैठने एवं आराम करने के लिए सुविधाजनक व्यवस्था की गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत यात्री इस सुविधा का लाभ सामान्य वातानुकूलित वेटिंग रूम में 30 रुपये प्रति घंटे की दर से उठा सकेंगे। वेटिंग रूम में यात्रियों की सुविधा के लिए जलपान की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान उन्हें आरामदायक वातावरण में समय बिताने का अवसर मिलेगा। यहां एक अलग एक्जीक्यूटिव वेटिंग एरिया भी विकसित किया गया है। इस विशेष क्षेत्र में यात्रियों के आराम के लिए सोफे उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, यहां पैक्ड खाद्य पदार्थों के साथ भोजन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्रियों को निर्बाध सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 24 घंटे बैकअप की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एसीएम पवन कुमार, स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी आदि अधिकारी मौजूद थे।

फीता काटकर शुभारम्भ करते डिप्टीसीटीएम अकांशु गोविल व अन्य।

उधारी मांगने पर आरोपी ने दुकानदार पर ताना तमंचा

कानपुर, 14 अक्टूबर। उधारी के रुपये मांगने पर आरोपी ने महिला दुकानदार पर तमंचा तान दिया। आरोपी ने महिला को धमकाते हुए बेटे को गोली मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी होने पर आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सनिगवां चौकी पहुंकर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की। जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। तिरंगा चौराहा, मंगला विहार-द्वितीय सनिगवां निवासी अर्चना दीक्षित की जनरल स्टोर की दुकान है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम को आसपास की दुकानें बंद थी, उसी दौरान आरोपी दुकान पर पहुंचा। पीड़िता ने आरोपी पर दुकान का 15 सौ रुपये उधार होने की बात की तो वह नाराज हो गया

एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए 17 हजार रुपये

कानपुर, 14 अक्टूबर। चकेरी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर बुजुर्ग के खाते से 17 हजार रुपये पार कर दिया गया। मोबाइल पर मैसेज देख पीड़ित ने थाने पहुंच शिकायत दर्ज कराई है।

विमाननगर सफीपुर द्वितीय निवासी प्रदीप राय (70 वर्ष) के मुताबिक वह पांच अक्टूबर को लालबंगला स्थित पवन स्वीट्स के बगल में केनरा बैंक के एटीएम रुपये निकालने गए, जहां पहले से मौजूद एक युवक ने रुपये नहीं निकलने की बात कही। ऐसे में बुजुर्ग को पिन कोड डालने पर एटीएम मशीन की स्क्रीन पर एरर आता दिखाया। इसी दौरान युवक ने बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदल लिया। उन्होंने बताया कि जब वह घर पहुंचे उसके थोड़ी देर बाद ही मोबाइल पर एक बार 15 हजार एवं दूसरी बार में दो हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। जब उन्होंने एटीएम कार्ड चेक किया तो वह बदला हुआ था। इस बाबत चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

कानपुर विकास प्राधिकरण,कानपुर — आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-50 ब्लाक-सी, स्कीम-2, सुजातगंज, कानपुर, क्षेत्रफल 200 वर्गगज, आवासीय की मूल लीज डीड कानपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर नगर महापालिका कानपुर द्वारा दिनांक 04.01.1972 को श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री शिव शंकर लाल श्रीवास्तव के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। उक्त भूखण्ड के मूल पट्टेदार श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 07.08.2003 को हो चुकी है तथा इनकी पत्नी श्रीमती सरोज श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 06.08.2012 को हो चुकी है। जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्रों से होती है। वर्तमान में इनके वारिसान श्री करूणेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र व फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय उप जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-2025090435130012/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 09.10.2025 के अनुसार स्व0 अशोक कुमार श्रीवास्तव के निम्नलिखित वारिसान है- 1. श्री करूणेश कुमार श्रीवास्तव मृतक का पुत्र उम्र 59 वर्ष 2.श्री अविनाश श्रीवास्तव मृतक का पुत्र उम्र 51 वर्ष 3.श्री अनूप श्रीवास्तव मृतक का पुत्र उम्र 53 वर्ष 4.श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 55 वर्ष 5.श्रीमती शालिनी निगम मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 47 वर्ष 6.श्रीमती भावना श्रीवास्तव मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 45 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य तस्दीक नहीं किया गया है। क्रमांक-2, 3, 4, 5 व 6 पर अंकित सदस्यों श्री अविनाश श्रीवास्तव, श्री अनूप श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती शालिनी निगम व श्रीमती भावना श्रीवास्तव द्वारा क्रमांक 1 पर अंकित सदस्य श्री करूणेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अशोक कुमार श्रीवास्तव के पक्ष में सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री करूणेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा उक्त भूखण्ड का विरासतन के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त भूखण्ड सं0-50 ब्लाक-सी, स्कीम-2, सुजातगंज, कानपुर, क्षेत्रफल 200 वर्गगज का विरासतन के आधार पर नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-4 में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा विरासतन के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

जोनल प्रभारी अधिकारी (विक्रय जोन-4)

कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

विज्ञप्ति

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या–जे–2/6, ब्लाक–डब्लू/1. योजना संख्या–द्वितीय जूही, कानपुर का एग्रीमेंट टू लीजडीड दिनांक 25/05/1984 को कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री रमा शंकर दीक्षित पुत्र श्री राम सेवक दीक्षित के पक्ष में निष्पादित की गयी हैं। भवन का क्षेत्रफल 94.297 वर्गमी व भूप्रयोग आवासीय हैं। वर्तमान में प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्री रमा शंकर दीक्षित पुत्र श्री राम सेवक दीक्षित की मृत्यु दिनांक 09/01/1988 तथा कार्यालय उपजिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–1176/वि०लि० दिनांक 22/07/1992 के अनुसार मृतक के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य शेष हैं – 1– श्रीमती शकुन्तला दीक्षित पत्नी उम्र 44 वर्ष 2– श्री प्रमोद कुमार दीक्षित पुत्र उम्र 24 वर्ष 3– श्रीमती मंजू मिश्रा पुत्री उम्र 26 वर्ष 4– श्रीमती सुषमा पाण्डेय पुत्री उम्र 28 वर्ष 5– श्रीमती मधु दीक्षित पुत्री उम्र 15 वर्ष,

उपरोक्त के अलावा मृतक के परिवार में अन्य कोई सदस्य शेष नही है। उपरोक्त क्रमांक 01 व कमांक 03 से 05 पर अंकित पारिवारिक सदस्यो द्वारा कमांक 02 पर अंकित अपने पुत्र / भाई श्री प्रमोद कुमार दीक्षित के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु अनापत्ति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया हैं तथा श्री प्रमोद कुमार दीक्षित पुत्र श्री रमा शंकर दीक्षित द्वारा उपरोक्त अनापत्ति शपथ पत्र के आधार पर प्राधिकरण अभिलेखो में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु शपथ पत्र के माध्यम से आवेदन किया गया हैं। अतः श्री प्रमोद कुमार दीक्षित पुत्र श्री रमा शंकर दीक्षित का नाम प्राधिकरण अभिलेखो में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसो के भीतर साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन–3 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में श्री प्रमोद कुमार दीक्षित पुत्र श्री रमा शंकर दीक्षित का नाम प्राधिकरण अभिलेखो में बतौर अनुबंधधारक अंकित किये जाने की कार्यवाही करा दी जायेगी, तदोपरांत कोई आपत्ति / क्लेम मान्य नहीं होगा।

विशेष कार्याधिकारी विक्रय (जोन -3)

कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या–209, ब्लाक–एम, योजना–प्रथम, काकादेव, कानपुर की लीजडीड कानपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर नगर महापालिका द्वारा दिनांक 01/03/1966 को श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह भदौरिया पुत्र श्री चन्द्र शेखर सिंह के पक्ष में निष्पादित की गयी। भूखण्ड का क्षेत्रफल 262 वर्गगज है व भू–प्रयोग आवासीय है। वर्तमान में, श्रीमती रेखा सिंह, श्री आशीष कुमार व श्री मनीष कुमार पत्नी/पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रार्थना पत्र/शपथ पत्र आदि प्रपत्रों को प्रस्तुत करते हुए उक्त भूखण्ड के अविभाजित 2/3 भाग क्षेत्रफल 174.66 वर्गगज का नामान्तरण संयुक्त रूप से अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। इनके द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों के अनुसार उक्त भूखण्ड के पट्टाधारक श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह भदौरिया की दिनांक 16/11/1992 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत जिलाधिकारी, बांदा द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–मेमो/विविध लिपिक/दिनांक 05/02/1993 के अनुसार स्व० राजेन्द्र बहादुर सिंह भदौरिया के परिवार में निम्नलिखित सदस्य शेष है – 1– श्रीमती बिट्टन देवी पत्नी उम्र 55 वर्ष 2– श्रीमती शोभा पुत्री (विवा0) उम्र 34 वर्ष 3– श्रीमती रेखा पुत्री (विवा0) उम्र 30 वर्ष

उपरोक्त तालिका में वर्णित सदस्यों के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है। इसके अतिरिक्त तालिका के कमांक 01 पर अंकित सदस्या श्रीमती बिट्टन देवी द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 16/01/2004 को पंजीकृत वसीयत श्री आशीष कुमार सिंह व श्री मनीष कुमार सिंह पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह के पक्ष में पंजीकृत वसीयत निष्पादित की, जिसके अनुसार श्रीमती बिट्टन देवी की मृत्योपरान्त उक्त भूखण्ड पर इनके स्वामित्व के अविभाजित 1/3 भाग के स्वामी संयुक्त रूप से श्री आशीष कुमार सिंह व श्री मनीष कुमार सिंह पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह होगें। श्रीमती बिट्टन देवी की दिनांक 04/12/2004 को मृत्यु हो गयी, इनकी मृत्योपरान्त उक्त वसीयत प्रभावी हो गयी। इसके अतिरिक्त उक्त तालिका के कमांक 03 पर अंकित सदस्या श्रीमती रेखा द्वारा विरासतन के आधार उक्त भूखण्ड के 1/3 अविभाजित भाग अर्थात श्रीमती रेखा सिंह, श्री आशीष कुमार व श्री मनीष कुमार पत्नी/पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड के अविभाजित 2/3 भाग क्षेत्रफल 174.66 वर्गगज पर नामान्तरण संयुक्त रूप से अपने पक्ष में अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र/शपथ पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन किया गया है। भविष्य में होने वाली आपत्तियों के दृष्टिकोण से समाचार पत्र में इस आशय से विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जा रही है कि उपरोक्त शपथ पत्र/प्रार्थना पत्र के आधार श्रीमती रेखा सिंह, श्री आशीष कुमार व श्री मनीष कुमार पत्नी/पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन–2बी अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई आपत्ति क्लेम मान्य नहीं होगा तथा भूखण्ड संख्या–209, ब्लाक–एम, योजना–प्रथम, काकोदेव, कानपुर पर प्राधिकरण अभिलेखों में श्रीमती रेखा सिंह, श्री आशीष कुमार व श्री मनीष कुमार पत्नी/पुत्रगण–श्री लक्ष्मण सिंह का नाम अंकित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

विशेष कार्याधिकारी विक्रय (जोन -2 बी)

सोता रहा परिवार, चोरों ने उड़ाए जेवरात

कानपुर, 14 अक्टूबर। नौबस्ता थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात चोर ने लेबर ठेकेदार के तीन मंजिला मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात समेत करीब 5.50 लाख रुपये का माल पार कर दिया। घटना के दौरान परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। पुलिस तहरीर लेकर जांच-पड़ताल कर रही है। राजीव विहार निवासी दिलीप वर्मा लेबर ठेकेदार हैं। उनके साथ मां कुसुमा देवी, पिता राम सेवक और दो भाइयों धीरेंद्र व प्रदीप का परिवार साथ रहता है। इसके अलावा मकान में दो किराएदार भी हैं। दिलीप ने बताया कि मंगलवार रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। देर रात चोर छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए और स्टोर रूम का ताला तोड़कर बक्से में रखे 50 हजार नकद और करीब पांच लाख के जेवरात पार कर ले गए। नौबस्ता थानाप्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है।

नागरिक सुविधाओं को कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कानपुर,14 अक्टूबर। नागरिक सुविधाओं को लेकर बुधवार को महानगर कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शहर की बदहाल नागरिक व्यवस्था और सरकारी स्कूलों की समस्याएं, जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तुरंत कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत, कूड़े के ढेरों की सफाई, आवारा पशुओं का स्थायी समाधान और यातायात जाम से राहत दिलाने की मांग की गई। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में डेस्क-बेंच, फर्नीचर और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस ने आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग की। ताकि नागरिकों को आने जाने में परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुना और संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने सड़क मरम्मत, स्कूलों में सुविधाओं और यातायात सुधार के लिए कदम उठाने का भरोसा दिलाया। पवन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दे उठाती रहेगी।

सड़क मरम्मत में फर्जीवाड़ा पड़ेगा भारी, गलत रिपोर्ट पर तो नपेंगे अफसर

डीएम ने दिया जीपीएस फोटो के साथ जांच के आदेश

कानपुर,14 अक्टूबर। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में गलत रिपोर्टिंग करने वाले अफसरों पर अब गाज गिरना तय है। यदि कागजों पर पूरी दिखाई गई सड़क मौके पर अधूरी या खस्ताहाल मिली। तो संबंधित अधिशासी अभियंता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट चेतावनी देते हुए जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाकर सड़कों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिये कि नोडल अधिकारी मौके पर जाकर सड़क का निरीक्षण करेंगे और जीपीएस आधारित फोटो व वीडियो के साथ अपनी सत्यापन रिपोर्ट सौंपेंगे। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की सड़कों की डिजिटल सूची तैयार की जाएगी और हर सप्ताह प्रगति की समीक्षा होगी। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की 6 सड़कों का नवीनीकरण 30 अक्टूबर तक और 26 सड़कें अगले 10 दिनों में गड्ढा मुक्त होंगी। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड की 12 सड़कों का नवीनीकरण 30 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जीटी रोड के 18 किमी हिस्से में बचा हुआ 1.5 किमी का पैचवर्क भी जल्द पूरा होगा। लंबित पड़े कार्यों में तेजी लाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन को विभागों के बीच समन्वय बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। डीएम ने निर्देश दिये कि ट्रेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा कर क्षतिग्रस्त सड़कों को प्राथमिकता पर ठीक कराया जाए ताकि आम जनता को सुगम और सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सके। बैठक में नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ सिंह, सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी व नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

वर्गीकृत विज्ञापन

आवश्यकता

आवश्यकता है–प्रतिष्ठित कपड़े की फर्म में पैकिंग कार्य हेतु लड़कियों एवं दुकान कार्य हेतु लड़कों की। आकर्षक वेतन।

तनिषा शूटिंग्स
56/59काहूकोठी कानपुर
मो. 7307200946

सूचना

सूचना –मैंने अपना नाम शारिक सुहैल से मोहम्मद शारिक सुहैल पुत्र अहमद इलाही कर लिया है, निवास–39/11 तोपखाना, मेस्टन रोड,कानपुर नगर। के.15073

सूचना–मैंने अपना नाम फ़रीदुर रहमान सिद्दीकी से फ़रीदुर रेहमान पुत्र नियाज़ अहमद कर लिया है, निवास–105/245, चमनगंज कानपुर नगर। के 15073

सूचना–सैयद मोहम्मद अज़लान हुसैन एवं सैयद मोहम्मद अज़लाल यह दोनों नाम मेरे ही अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं। अब भविष्य में मुझे **सैयद मोहम्मद अज़लान** पुत्र श्री लायक हैसन रिजवी 40/104 आजाद अपार्टमेन्ट परेड कानपुर नगर के नाम से जाना पहचाना जाये। के15071

सूचना–मेरा घर का नाम सरिता है। और मार्कशीट व दस्तावेज में मेरा नाम सलोनी देवी लिखा है भविष्य में मुझे संलनी देवी के नाम से जाना व पहचाना जावे **सलोनी देवी** पुत्री राम सुख एम.पी 18 दबौली कानपुर नगर। के 15060

सूचना–मैने अपने पुत्र अभिषेक साहू और उसकी पत्नी सपना साहू से सम्बन्ध विच्छेद करके इन्हें अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी कृत व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती राम श्री साहू** पत्नी रमेश साहू निवासी 401 आदर्श बिहार न्यू पी.ए.सी. लाइन कानपुर नगर। के 15064

सूचना– मेरे बैंक ऑफ बडौदा शाखा पटेल नगर कानपुर के खाता सं 24350100024894 में मेरा नाम शिवम् अंकित है । जबकि मेरे आधार, पैन व समस्त दस्तावेजों में शिवम् गोस्वामी दर्ज है। अब भविष्य में मुझे शिवम् गोस्वामी पुत्र श्री हेमन्त कुमार गोस्वामी म. सं.157/314 सैनिक नगर अहिरवां हरजिन्दर नगर कानपुर के नाम से जाना व पहचाना जाये। के.15078

सूचना–मैंने अपना नाम सुरेश चन्द्र से बदलकर सुरेश चन्द्र मिश्रा कर लिया है भविष्य में मुझे सुरेश चन्द्र मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये। सुरेश चन्द्र व सुरेश चन्द्र मिश्रा दोनों एक ही व्यक्ति हैं। **सुरेश चन्द्र मिश्रा** पुत्र श्री शिव शंकर लाल ,117/Q/40, LIC हाउहसिंग कानपुर –208025 अस्थाई पता– 2/263, विध्या मार्ग, विष्णुपुरी अलीगंढ–202001के.15075

सूचना–मैने अपने पुत्र सूर्य प्रकाश दीक्षित व उसकी पत्नी सपना दीक्षित से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी कार्य एवं लेन देन की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। **ओम प्रकाश दीक्षित** पुत्र स्व. वेदप्रकाश दीक्षित एवं शान्ती देवी दीक्षित पत्नी ओमप्रकाश दीक्षित नि. 21/2 रामनगर पोनी रोड शुक्लागंज उन्नाव (उ.प्र.) के. 15074

सूचना

भवन संख्या EWS–2526 आवास विकास कल्यानपुर पनकी रोड, कानपुर नगर से सम्बन्धित मूल दस्तावेज पंजीकृत फ्री होल्ड विक्रय विलेख दिनांकित 25.4.2011 बहक इम्तियाज हुसैन व पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांकित 15.11.2011 बहक सुशीला सक्सेना पत्नी ह्दयेश सक्सेना वास्तव में कहीं खो गये हैं जिनका प्रयोग अवैध व शून्य होगा, यदि किसी व्यक्ति या संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो तीस दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे समय सीमा के पश्चात कोई आपत्ति मान्य न होगी। ह्दयेश सक्सेना पुत्र स्व.वियज बहादुर सक्सेना EWS 2596 आवास विकास –3 कल्यानपुर कानपुर नगर। के.15063

सूचना

सूचना –मैंने अपने दामाद मो. नईम पुत्र मो. सुलेमान का व्यवहार ठीक न होने के कारण हमारे पूरे परिवार ने सम्बन्ध विच्छेदन कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी **निसार अहमद** पुत्र नसीर अहमद 99/1A बेकनगंज कानपुर।

सूचना–मैंने अपने पुत्र अंकित निषाद से सम्बन्ध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके नैतिक/ अनैतिक कार्य, व्यवहार लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेदारी नही होगी। **मंजू देवी** पत्नी कमलेश नि. लक्ष्मनपुरवा ख्योरा कटरी नवाबगंज कानपुर नगर।

सूचना – सूचित हो कि मेरी दुकान सं 112– ब्लाक वाई –1, किदवई नगर कानपुर नगर की असल लीज डीड पंजीयन 08.03.2003 जिसका क्रमांक सं 4764 है, लीजडीड के साथ समस्त स्टाम्प साइट प्लान आदि कचहरी परिसर में फोटो कापी कराते समय कहीं गिर गए है। ढूढने पर नहीं मिले यदि किसी को मिलता है तो उसका उपयोग शून्य माना जाए। **श्रीमती नीता तिवारी** पत्नी श्री पारस नाथ शर्मा, निवासी एम. आई. जी. सी–1–56, विश्वबैंक,बर्रा ,कानपुर नगर मो .9450264264

सूचना –मै सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. बेनी 104 ए/395 रामबाग कानपुर नगर मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, उसके द्वारा किये गये अनैतिक कार्य वह लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। के. 15083

सूचना –मैने अपने पुत्र आयुष गुप्ता से सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कार्य, व्यवहार लेन– देन आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की न होगी। **सुनील गुप्ता** पुत्र मुन्नालाल 1596, नारायणपुरी, नौबस्ता, कानपुर नगर। के. 15084

सूचना –मैने अपने पुत्र आलोक कुमार को अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके कार्य, व्यवहार , लेन देन की उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। **रामसेवक** पुत्र स्व. रामशंकर ग्राम/ पो. बरौर कानपुर देहात उ.प्र.

सूचना-मैंने अपने तीन पुत्र ब्रजमोहन 34 वर्ष,मुकेश 27 वर्ष, अनुराग 22 वर्ष पुत्रगण शिवमोहन को गलत व्यवहार के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए, संबंध विच्छेद कर लिया हैं। उनके द्वारा किए वित्तीय लेनदेन एवं विधिक दायित्वों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। **शिवमोहन** पुत्र स्व रामगोपाल निवासी बैजूपुरवा मजरा गैजूमऊ पोस्ट रोशनमऊ तहसील अकबरपुर थाना रूरा कानपुर देहात

सूचना–मेरे बैंक आफ बड़ौदा के खाता सं.20838100005090 में मेरा नाम सौरभ गलत अंकित है जबकि मेरा सही नाम सौरभ प्रजापति है। इसे सही पढ़ा जाय। **सौरभ प्रजापति** पुत्र उमा शंकर प्रजापति ए– 18 चन्दन नगर गल्ला मण्डी, नौबस्ता कानपुर नगर। के 15068

सूचना–मैने अपने पुत्र आकाश सोनकर व पुत्रवधू आशी सोनकर उर्फ रूपाली सोनकर से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके किसी कार्य या लेन देन की जिम्मेदारी मेरे और मेरे परिवार की नहीं होगी। **लालजी** पता– 35 सी पहलवान पुरवा नवाबगंज कानपुर। के. 15065

सूचना–मैने अपने भाई सुशील कुमार व उसकी पत्नी प्रीति से अपने सम्पूर्ण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है अब मेरा व मेरे परिवार का उनके किसी भी कृत्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **संतोष कुमार** पुत्र स्व. ठाकुरदीन नि. 2/349 नवाबगंज कानपुर नगर। के 15081

सूचना –मैने अपने पुत्र सुमित व पुत्रवधू अंजली से सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। इन लोगों के द्वारा किये गये विधिक – अविधिक कार्यो से हमारा व हमारे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नही है। **प्रेमा देवी** पत्नी स्व. कैलाश निवासिनी कच्ची बस्ती , जूही खुर्द ,कानपुर नगर। के 15079

सूचना – मेरे मकान की ओरीजिनल रजिस्ट्री वास्तव में कही खो गया है जिसकी आराजी नं. 1189, रकबा नं. 95 वर्गगज, जिल्द सं.15392, खाता व बही संख्या 1 क्रमांक 15193 स्थान मौजा रमईपुर परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर है किसी अन्य के द्वारा उक्त रजिस्ट्री का उपयोग अवैध होगा। **शमशाद अली** पुत्र रहमत अली नि.नौबस्ता , कल्यानपुर,कानपुर मो . 7317611786

सूचना – ROHIT KUMAR SINGH (रोहित कुमार सिंह) ROHIT KUMAR SENGAR (रोहित कुमार सेंगर) दोनों एक ही व्यक्ति है। अब मुझे ROHIT KUMAR SENGAR (रोहित कुमार सेंगर) पुत्र श्री शिव कुमार सिंह सेंगर निवासी 1029, रनिया तहसील , अकबरपुर, कानपुर देहात के नाम से जाना पहचाना जाए। के. 15066

सूचना –मेरे ANIKIT YADAV विद्यालयी अभिलेखों में माता का नाम ' SUNENA ' एवं पिता का नाम' DEENANATH' गलत है। सही नाम ' SUNAINA DEVI' एवं ' DINANATH YADAV' है। कृपया उक्त नामों को मेरे सभी विद्यालय/ शैक्षणिक अभिलेखों में सही नाम के रूप में दर्ज किया जाए। के. 15062

सूचना–मैं, हर्षित कुशवाह, पुत्र तेज बहादुर कुशवाहा, निवासी:– अकबरपुर, कानपुर देहात 209101, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पुराने माइनर पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम गलती से केवल तेज बहादुर प्रिंट हो गया था। मेरे पिता का वास्तविक और सही नाम तेज बहादुर कुशवाहा है। भविष्य के सभी कार्यों के लिए उन्हें इसी नाम से जाना जाए। और सही नाम तेज बहादुर कुशवाहा है। भविष्य के सभी कार्यो के लिए उन्हें इसी नाम से जाना जाए।

Notice- My correct name is only Priyanka but my name Priyanka Tiwari is recorded in my daughter Advika Tiwari High School passed Marksheet which is, incorrect. Priyanka, H.N-613, Safipur I st Harjender Nagar Kanpur K.15082

Notice- I ATUL KUMAR SRIVASTAVA S/o VIRENDRA KUMAR SHRIVASTAVA R/o 83/102 CHOTI JUHI, KANPUR NAGAR-208014 HAVE CHANGED MY NAME TO ATUL KUMAR SRIVASTAV FOR ALL FUTURE PURPOSES K.15069

Notice- I, Rehan Amin (UID 9210595) Class 10-D, Methodist High School, S/o Aminuddin, R/o 88/473 near railway Crassing Kasimganj, Kanpur , declare that my name is incorrectly recorded as ' Rehan Amin and should be corrected to 'Mohd Rehon Amin'in School recorde. k. 15076sz

सूचना-नं.2897690 Kहवलदार मोहन सिंह 8 राजपुताना राइफल्स मेरे पिताजी नाम राजेंद्र पाल सिंह जो कि मेरे ऑफिस दस्तावेज में दर्ज है जो कि गलत है सही नाम राजेंद्र सिंह है जो आधार कार्ड और दस्तावेज में अंकित है।

सूचना–मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में अंजली विश्वकर्मा गलत अंकित हो गया है जबकि जन्म एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में लवन्या विश्वकर्मा अंकित है दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में लवन्या विश्वकर्मा पुत्री विनय विश्वकर्मा नि. 296/1 बाबा नगर नौबस्ता के नाम से जाना पहचाना जाय। के. 15042

सूचना–मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम **Bahadur Singh** अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **Bahadur Singh Gurjar** है। **Bahadur Singh Gurjar, S/o No- JC-482220F,** सूबेदार हनी एलटी, अतर सिंह गुर्जर, 4 राजपूत, निवासी ग्राम–खेड़ला जनेतपुर, पोस्ट–रेडायल गुर्जर, जिला–सवाई माधोपुर, राजस्थान–322220, द्वारा शपथ पत्र नंबर–54AA056565, दि0–14.10. 2026 फतेहगढ़ कोर्ट।

सूचना–मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम **Rupanti Devi** अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **Rupo Devi** है। **Rupo Devi, M/o No- JC-482220F,** सूबेदार हनी एलटी, अतर सिंह गुर्जर, 4 राजपूत, निवासी ग्राम– खेड़ला जनेतपुर, पोस्ट–रेडायल गुर्जर, जिला–सवाई माधोपुर, राजस्थान, पिन –322220, द्वारा शपथ पत्र नंबर –54AA056563, दिनांक–14.10. 2026 फतेहगढ़ कोर्ट।

सूचना–मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम **Deepak Singh** अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **Deepak Singh Gurjar** है। **Deepak Singh Gurjar, S/o No- JC-482220F,** सूबेदार हनी एलटी, अतर सिंह गुर्जर, 4 राजपूत, निवासी ग्राम–खेड़ला जनेतपुर, पोस्ट–रेडायल गुर्जर, जिला–सवाई माधोपुर, राजस्थान–322220, द्वारा शपथ पत्र नंबर–54AA056564, दि0–14.10.2026 फतेहगढ़ कोर्ट।

सूचना-मैंने व मेरी पत्नी श्रीमती भर्रो ने अपने पुत्र अरमान अंसारी से सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व्यवहार व लेन देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा। **वकील मोहम्मद** पुत्र सरदार खां निवासी जगन्नाथपुर थाना अजीतमल जिला औरैया

सूचना-अव्यवहारिक कार्यो से क्षुब्ध होकर मैंने अपने पुत्र राजू उर्फ राजकुमार व दूसरे पुत्र अनूप सिंह से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा। **जयपाल सिह** पुत्र स्व0 रामप्रसाद सिंह निवासी ग्राम जगजीवनपुर थाना व तहसील अकबरपुर जिला कानपुर देहात।

सूचना- मैंने अपने पुत्र अभिनेश प्रताप सिंह व पुत्रवधू मोहिनी सिंह के अव्यवहारिक कार्यो से क्षुब्ध होकर अपने सम्बन्ध समाप्त कर समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । उनके किसी नैतिक अनैतिक कार्यो से मुझ व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई लेना देना नही है, वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अनिल कुमार सिंह** पुत्र श्री जयराम सिंह निवासी-ग्राम नाला प्रतापपुर थाना शिवली तहसील मैथा जिला कानपुर देहात

सूचना-अव्यवहारिक कार्यो से क्षुब्ध होकर मैंने अपने पुत्र देवर्षि कुमार व पुत्रबधू रमा व विमल कुमार अवस्थी व पुत्रबधू उमा अवस्थी व पौत्र प्रथम अवस्थी पुत्र विमल कुमार अवस्थी से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा। **श्रीमती मनोरमा** पत्नी राजनारायण निवासिनी ग्राम डिलौलिया थाना व तहसील डेरापुर जिला कानपुर देहात।

Notice

Notice- IN THE SCHOOL RECORD OF MY DAUGHTER MAHA FATIMA (UID:8293543) & MANIYA FATIMA (UID:8293591) FATHER NAME IS MENTIONED AS SHARIQ ZAFAR LARI WHICH. IS WRONG ACTUAL FATHER NAME IS MOHD SHARIQ ZAFAR . BE KNOWN BY THIS NAME IN FUTURE. MOHD SHARIQ ZAFAR S/o (LATE) **ZAFRUL HASAN LARI** 20, MAYAPURI, K.D.A. COLONY JAJMAU , KANPUR NAGAR - 208010 K.15070

वैधानिक चेतावनी –सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी लुभावने विज्ञपन की प्रमाणिकता एवं भाव बोध स्वयं जाँचकर प्रयोग में लाये प्रमाणिकता सिद्ध न होने की दशा में समाचार पत्र उत्तरदायी न होगा । सम्पादक

आत्मनिर्भर बनें नगर निकाय, आय के नए स्रोत करें विकसित: डीएम

कानपुर,14 अक्टूबर। जनपद के नगर निकायों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब राजस्व वृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी नगर निकायों को अपनी आय बढ़ाने के लिए नए स्रोत तलाशने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होने से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को समय पर गृहकर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और कर दायरा बढ़ाया जाए। घरों से कूड़ा उठान, परिवहन और उसके निस्तारण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। ताकि स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके। वहीं बिल्हौर में नई गोशाला की स्थापना के लिए शीघ्र उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने निर्देश दिये किजनसुविधाओं से जुड़ी सभी विकास योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

1 नवंबर को लगेगा वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर

कानपुर,14 अक्टूबर। जनता को विधिक रूप से जागरूक और सशक्त बनाने के लिए आगामी 1 नवंबर को वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राय विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनमोल पाल की अध्यक्षता में आयोजित होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक हुई। जिसमें मेगा कैंप के अध्यक्ष देवकान्त शुक्ला, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ला और प्रशासनिक नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने भाग लिया। शिविर में प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। जिससे पात्र लाभार्थियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सीधी जानकारी और उनका लाभ मिल सके।

हड़ताल पर उच्च न्यायालय के तलब पर आज होगी बैठक

कानपुर,14 अक्टूबर। वकीलों के सामूहिक अवकाश और उच्च न्यायालय द्वारा तलब किए जाने पर बैठक होगी। बता दें कि प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन के निर्णय के क्रम में उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं की तरह शहर के अधिवक्ताओं ने भी बुधवार को शांतिपूर्ण ढंग से सामूहिक अवकाश रखा। हड़ताल और न्यायिक कार्य से विरत रहने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में, बार एसोसिएशन और द लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री को आगामी 16 अक्टूबर को लखनऊ खंडपीठ उच्च न्यायालय में तलब किया गया है। इस संबंध में उचित जवाब तैयार करने और वकीलों की राय व विचार-विमर्श के लिए आज दोपहर 2.30 बजे बार एसोसिएशन हॉल में एक संयुक्त आमसभा बुलाई गई है। आमसभा के उपरांत शाम 4.30 बजे बार एसोसिएशन में प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी।

कार्यालय उप निदेशक(निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड,कानपुर
E-mail-ddcknpngr@gmail.com

पत्रांक:नि0ख0का0(ई–टेण्डर)/2026– दिनांक:

अल्पकालीन निविदा सूचना (ई–टेण्डर)

जनपद फर्रूखाबाद, कन्नौज एवं कानपुर नगर के अन्तर्गत मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांक 1168 दिनांक 09.10.2026, पत्रांक 1171 दिनांक 09.10.2026 एवं पत्रांक 1169 दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से आवंटित बजट के परिप्रेक्ष्य में गड्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत निम्नलिखित सम्पर्क मार्गो के मरम्मत/नवीनीकरण कार्यो हेतु ई–निविदायें दिनांक 30.10.2026 को मण्डी परिषद में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 30.10.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.inपर दिनांक 30.10.2026 की अपरान्ह 01:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, मुख्य नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइटwww.etender.up.nic.in पर देखी,पढ़ी व डाउनलोड की जा सकती है:–

क्र0 सं0	मण्डी का नाम	सम्पर्क मार्ग का नाम	निविदा शुल्क + जी0एस0टी0 (रू0)	अनुमानित लागत (रू0 लाख)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख)	अवधि	पंजीकरण श्रेणी
(1) जनपद –फर्रूखाबाद के अन्तर्गत :							
1	कमालगंज	कंधरापुर भीखा नगला से सरफाबाद रोशन तक लं0 1.75 किमी0	4800+870 =5670.00	31.82	3.19	छः माह	"द"
2	कमालगंज	रामपुर मझगवा मौजा से रामपुर तक लं0 1.30 किमी0	6400+1160 =7560.00	42.26	4.12	छः माह	"स"
3	कमालगंज	रधोर नगला से बदरपुर तक लं0 1.10 किमी0	2700+490 =3190.00	17.70	1.77	चार माह	"द"
4	कमालगंज	लक्ष्मन नगला से मुसाखेरिया स्कूल तक लं0 0.50 किमी0	1500+270 =1770.00	9.57	0.96	चार माह	"द"
5	कमालगंज	कमालगंज जहानगंज मार्ग से अहमदपुर देवरिया तक लं0 0.45 किमी0	1500+270 =1770.00	9.05	0.91	चार माह	"द"
6	कमालगंज	कमालगंज जहानगंज मार्ग से महमदपुर अचला नवनिर्मित विद्यालय तक लं0 0.78 किमी0	3000+540 =3540.00	19.46	1.95	चार माह	"द"
7	कायमगंज	संकिसा डाक बंगले से प्रेमपुर लं0 1.50 किमी0	3900+710 =4610.00	25.81	2.59	चार माह	"द"
8	कायमगंज	फर्रूखाबाद शमशाबाद मार्ग से नगला पाल लं0 2.00 किमी0	7000+1260 =8260.00	46.15	4.31	छः माह	"स"
9	कायमगंज	चिलसरा शमशाबाद से चिलसरा दक्षिण तक लं0 1.00 किमी0	2500+450 =2950.00	16.66	1.67	चार माह	"द"
10	कायमगंज	नवाबगंज मार्ग से सोना जानकीपुर लं0 0.25 किमी0	2000+360 =2360.00	12.82	1.29	चार माह	"द"
11	कायमगंज	सुकुल्लापुर से बचलैया तक लं0 2.50 किमी0	8600+1550 =10150.00	56.94	4.85	छः माह	"स"
12	कायमगंज	चिलसरा शमशाबाद रोड से हुसैनपुर तराई लं0 1.40 किमी0	5100+920 =6020.00	33.59	3.36	छः माह	"द"
13	कायमगंज	गंगलु प्राइमरी पाठशाला से नहर की पटरी होते हुए दुसुपर तक लं0 0.79 किमी0	2600+470 =3070.00	16.86	1.69	चार माह	"द"
14	कायमगंज	फर्रूखाबाद नवाबगंज से तुर्कीपुर लं0 0.52 किमी0	2000+360 =2360.00	12.89	1.29	चार माह	"द"
15	कायमगंज	शमशाबाद से छिछौना लं0 0.40 किमी0	3100+560 =3660.00	20.52	2.06	चार माह	"द"
16	कायमगंज	परमनगर से मंझना तक लं0 1.70 किमी0	4000+720 =4720.00	26.72	2.68	चार माह	"द"
17	फर्रूखाबाद	राजपुर अमृतपुर मार्ग से जूनियर हाई स्कूल से मंत्री जी के घर तक लं0 0.30 किमी0	2900+530 =3430.00	19.21	1.93	चार माह	"द"
18	फर्रूखाबाद	फर्रूखाबाद बरेली मार्ग से नगला घाघ तक लं0 1.70 किमी0	4500+810 =5310.00	29.97	3.00	चार माह	"द"
19	फर्रूखाबाद	अमृतपुर अलाहगंज रोड से बेचेपट्टी तक लं0 1.50 किमी0	4000+720 =4720.00	26.67	2.67	चार माह	"द"
20	फर्रूखाबाद	राजपुर कुबेरपुर से डाडीपुर मियापट्टी तक लं0 1.38 किमी0	3800+690 =4490.00	24.86	2.49	चार माह	"द"
21	फर्रूखाबाद	अमृतपुर से मोहक्कलपुर तक लं0 1.00 किमी0	3100+560 =3660.00	20.55	2.06	चार माह	"द"
22	फर्रूखाबाद	अमृतपुर करनदत्तपुर से मियापट्टी तक लं0 2.00 किमी0	5300+960 =6260.00	35.19	3.52	छः माह	"द"
23	मोहम्मदाबाद	संकिसा मार्ग से हमीरपुर तक लं0 1.40 किमी0	5800+1070 =6970.00	38.94	3.90	छः माह	"द"
24	मोहम्मदाबाद	फर्रूखाबाद बेबर रोड से गजियापुर लं0 1.10 किमी0	3300+600 =3900.00	21.96	2.20	चार माह	"द"
25	मोहम्मदाबाद	बराकेशव मार्ग से नगला छब तक लं0 1.10 किमी0	2700+490 =3190.00	18.03	1.81	चार माह	"द"
26	मोहम्मदाबाद	मोहम्मदाबाद से नगला नानकार तक लं0 0.59 किमी0	3100+560 =3660.00	20.10	2.01	चार माह	"द"
27	मोहम्मदाबाद	धीरपुर से गणेशपुर लं0 1.60 किमी0	4800+870 =5630.00	31.58	3.16	छः माह	"द"
28	मोहम्मदाबाद	फर्रूखाबाद मोहम्मदाबाद मार्ग से गौसरपुर तक लं0 3.40 किमी0	7300+1320 =8620.00	48.28	4.42	छः माह	"स"
29	मोहम्मदाबाद	पखना बिहार से रूपनगर तक लं0 1.00 किमी0	3000+540 =3540.00	19.88	1.99	चार माह	"द"
30	मोहम्मदाबाद	गुटिना से अछरौरा तक लं0 0.95 किमी0	2200+400 =2600.00	14.10	1.41	चार माह	"द"
31	मोहम्मदाबाद	कुबेरपुर बमिया से कासिंग बमिया तक लं0 1.00 किमी0	2100+380 =2480.00	13.79	1.38	चार माह	"द"
32	मोहम्मदाबाद	फर्रूखाबाद बेबर रोड से कछियन नगला लं0 1.30 किमी0	3400+620 =4020.00	22.20	2.22	चार माह	"द"
(2) जनपद –कन्नौज के अन्तर्गत :							
1	कन्नौज	बेसावरी से ताखेपुरवा तक लं0 1.50 किमी0	3300+600 =3900.00	21.51	2.16	चार माह	"द"
2	कन्नौज	सौसरपुर मार्ग से छबीलीपुर्वा तक लं0 1.00 किमी0	4900+890 =5790.00	32.41	3.25	छः माह	"द"
3	कन्नौज	डम्मनपुर से नौरंगपुर नगरिया लं0 0.80 किमी0	1800+330 =2130.00	11.67	1.17	चार माह	"द"
4	कन्नौज	ठठिया भिकनीपूर्वा मार्ग से बिहारीपुर होते हुए नहर पुल तक लं0 1.50 किमी0	4300+780 =5080.00	28.49	2.85	चार माह	"द"
5	कन्नौज	करीमपुर से सेंगरमऊ लं0 2.50 किमी0	5900+1070 =3900.00	38.81	3.88	छः माह	"द"
6	कन्नौज	तेरारागी से देवीपुरवा तक लं0 1.80 किमी0	4400+790 =5190.00	28.94	2.90	चार माह	"द"
7	छिबरामऊ	फर्रूखाबाद छिबरामऊ रोड से बखरापुर खानपुर चौबेपुर लं0 2.00 किमी0	5000+900 =5900.00	33.33	3.34	छः माह	"द"
8	छिबरामऊ	मिधौली रोड चाय चौडा से कुशलपुर तक लं0 0.56 किमी0	2100+380 =2480.00	13.74	1.38	चार माह	"द"
9	छिबरामऊ	असलताबाद से भीटी लं0 0.45 किमी0	1700+310 =2010.00	10.82	1.09	चार माह	"द"
10	छिबरामऊ	मलिकपुर मार्ग से मझपुर्वा होते हुए कंसुआ तक लं0 3.02 किमी0	7500+1350 =8850.00	49.66	4.49	छः माह	"स"
11	छिबरामऊ	नरमऊ से बागपुर लं0 0.60 किमी0	2100+380 =2480.00	13.63	1.37	चार माह	"द"
12	छिबरामऊ	सौरिख ऊसराहार रोड से चढरौआ तक लं0 0.70 किमी0	2500+450 =2950.00	16.35	1.64	चार माह	"द"
(3) जनपद – कानपुर के अन्तर्गत :							
1	कानपुर	अमिलिहा अमर उद्यान के पास से जगुआपुर तक लं0 1.10 किमी0	2000+360 =2360.00	13.20	1.32	चार माह	"द"
2	कानपुर	अम्बेडकर ग्राम अमिलिहा का मजरा तिघरा लं0 1.50 किमी0	2700+490 =3190.00	17.96	1.80	चार माह	"द"
3	कानपुर	जी0टी0रोड मरखरा मार्ग से गुन्नूपुरवा तक लं0 0.50 किमी0	1300+240 =1540.00	6.08	0.61	चार माह	"द"
4	कानपुर	पाली सवाइजपुर मार्ग से सेमरूआ तक लं0 1.90 किमी0	3300+600 =3900.00	22.00	2.20	चार माह	"द"
5	कानपुर	टौस तिलसहरी मार्ग से बरादरी तक लं0 1.80 किमी0	3300+600 =3900.00	22.00	2.20	चार माह	"द"
6	कानपुर	टिकरा दूल मार्ग से हेतपुर तक लं0 1.08 किमी0	2500+450 =2950.00	16.52	1.66	चार माह	"द"
7	कानपुर	पाली बाजार से भोगीपुर तक लं0 0.83 किमी0	1500+270 =1770.00	9.77	0.98	चार माह	"द"
8	कानपुर	हरदौली भट्टे से चिल्ली राहतपुर लं0 1.70 किमी0	4300+780 =5080.00	28.16	2.82	चार माह	"द"
9	कानपुर	कैथा भीमसेन मार्ग से राम सिंह का पुरवा तक लं0 2.00 किमी0	3500+630 =4130.00	23.30	2.33	चार माह	"द"
10	कानपुर	रामगंगा नहर करसुईपुल से जामू प्रा0 स्कूल तक लं0 1.20 किमी0	4600+830 =5430.00	30.42	3.05	छः माह	"द"
11	कानपुर	सुरार से माइनर तक लं0 0.87 किमी0	2400+440 =2840.00	15.80	1.58	चार माह	"द"
12	कानपुर	सम्पर्क मार्ग रौतेपुर तक लं0 0.50 किमी0	1500+270 =1770.00	9.53	0.96	चार माह	"द"
13	कानपुर	बिठूर रोड से हृदयपुर वाया पिपरिया तक लं0 2.60 किमी0	7200+1300 =8500.00	47.87	4.40	छः माह	"स"
14	कानपुर	बिठूर रोड से चिरान होकर भरतपुरवा तक लं0 1.10 किमी0	4300+780 =5080.00	28.41	2.85	चार माह	"द"
15	कानपुर	ईश्वरीगंज से बैकुण्ठपुर होकर मंधना तक लं0 2.60 किमी0	7300+1320 =8620.00	48.72	4.44	छः माह	"स"
16	कानपुर	इलाहाबाद पश्चिक शाखा बन्धन शिवली मार्ग से भौती प्रतापपुर माइनर सर्विस रोड पर नकटू भीसी जरगॉव तक लं0 2.80 किमी0	4900+890 =5790.00	32.63	3.27	छः माह	"द"
17	कानपुर	करबिगवॉ से मिश्रीखेडा लं0 1.30 किमी0	2100+380 =2480.00	13.72	1.38	चार माह	"द"
18	कानपुर	डोमनपुर से दिबियापुर लं0 2.20 किमी0	4700+850 =5550.00	30.93	3.10	छः माह	"द"
19	कानपुर	दीपापुर से बिराहिनपुर लं0 2.20 किमी0	5100+920 =6020.00	33.60	3.36	छः माह	"द"
20	कानपुर	नरवल साढ़ मार्ग से नेवादा उजागर। लं0 1.00 किमी0	2800+510 =3310.00	18.19	1.82	चार माह	"द"
21	कानपुर	महुआगॉव से दिबियापुर तक लं0 3.90 किमी0	7400+1340 =8740.00	48.94	4.45	छः माह	"स"
22	कानपुर	नागापुर से दिबियापुर वाया टेढिया तक लं0 2.40 किमी0	5600+1010 =6610.00	36.81	3.69	छः माह	"द"
23	कानपुर	महुआगॉव से डोमनपुर तक लं0 3.73 किमी0	9200+1660 =10860.00	61.27	5.07	छः माह	"स"
24	चौबेपुर	जी0टी0रोड चौबेपुर मिधलीपुरवा भोला धरमकाटा से मालोग्राम तक लं0 1.10 किमी0	2300+420 =2720.00	15.00	1.50	चार माह	"द"
25	चौबेपुर	बिठूर रोड मोहम्मदपुर होकर बूढनपुर तक लं0 3.65 किमी0	8800+1590 =10390.00	58.11	4.91	छः माह	"स"
26	बरीपाल	सिरोह सराय से रायपुर लं0 1.45 किमी0	2000+360 =2360.00	12.89	1.29	चार माह	"द"
27	बरीपाल	सम्पर्क मार्ग रावतपुर से गोंधीग्राम लं0 2.80 किमी0	5500+990 =6490.00	36.20	3.62	छः माह	"द"
28	बरीपाल	सजेती श्रीनगर मार्ग से टिकरी गोवा तक लं0 2.45 किमी0	4300+780 =5080.00	28.62	2.87	चार माह	"द"
29	कानपुर	प्रेमपुर रेलवे स्टेशन से भिवली तक लं0 2.68 किमी0	5600+1010 =6610.00	36.80	3.68	छः माह	"द"

शर्तें–

1. ई–निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक(निर्माण),राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा नौबस्ता कानपुर में संचालित खाता संख्या–**30394511570**,IFSC code **SBIN0002586** में तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या–**30394511831**, IFSC code **SBIN0002586** में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी।
2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांक:मु0अभि0–2/(1168/भाग–4/2005)/2022–1190 दिनांक: 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के कम में 'द' श्रेणी को छोड़कर 'अ','ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्तर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D) मेंQualification of Bidders केsection 3.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम व शर्तो के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacityकी गणना प्रपत्र व सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वॉछित टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीटBidding Documentके साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म भी प्रतिभाग कर सकती है। किसी अन्य विभाग के ठेकेदार/फर्म उक्त निविदा में प्रतिभाग नहीं कर सकते है।

उपनिदेशक(निर्माण)
मण्डी परिषद, कानपुर

सीएसए में किसान मेला आज उन्नतशील बीजों की होगी बिक्री

कानपुर, 14 अक्टूबर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य प्रांगण में गुरुवारु से शुरू हो रहे तीन दिवसीय किसान मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे। आज किसान मेले को लेकर सीएसए के प्रशासनिक भवन के सामने मैदान में विशाल पण्डाल के साथ कृषि यंत्र, बीज, कीटनाशक, कृषि संबं धी नवाचार समेत डेढ सौ से अधिक स्टाल लगाये जाने की तैयारी पूरी कर ली गई। 15 अक्टूबर यानि गुरुवार सुबह 11 बजे से किसान मेले व प्रदर्शनी की विधिवत उदघाटन होगा। 15, 16 और 17 अक्टूबर तक किसान मेला चलेगा। किसान मेले में कृषि, उद्यानिकी, दुग्ध प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीक किसानों को देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम को 7 बजे कवि सम्मेलन कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिसमें आमंत्रित कवि जय राम जय फतेहपुर, सतीश कुमार सिंह रायबरेली, डॉ अजय अटल कासगंज, अमित अनपढ़ लखनऊ, मुरली कबीर सुल्तानपुर, नीरू श्रीवास्तव कानपुर, सुमन लता सचान कानपुर,लाल सिंह प्रहरी कानपुर देहात एवं डॉ संजीव कुमार सिंह सीएसए कानपुर कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे।

राष्ट्र व समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाये महिलाएं

पूर्ण सशक्तिकरण के लिए पुरुषों का सहयोग जरूरी, उन्हें अपना दुश्मन नहीं समझे-आईपीएस अंजना दहिया

दीप जलाते मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. वन्दना पाठक व अन्य।

कानपुर, 14 अक्टूबर। एबीवीपी और सीएसजेएमयू के संयुक्त तत्वावधान में आज वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित शक्ति संवर्धिनी युवती सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका सिंह ने कहाकि किसी भी राष्ट्र का निर्माण केवल सीमाओं व अर्थव्यवस्था से नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र और नारी शक्ति के योगदान से होता है। उन्होंने युवतियों का आह्वान किया कि वे अपनी सशक्तिकरण यात्रा को महज डिग्रियों, नौकरी और पैकेज तक सीमित न रखें, बल्कि अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानकर राष्ट्र व समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। सोशल मीडिया के प्रभाव पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सोच और नेतृत्व क्षमता केवल लाइक्स, डिसलाइक्स या व्हाट्सएप संदेशों तक सिमटकर नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमें तार्किक सोच और मजबूत निर्णय क्षमता के साथ समाज को सही दिशा देनी होगी। मुख्य वक्ता आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया ने कहा कि कॉलेज जीवन एक ऐसा सुनहरा दौर है जब युवाओं के पास ऊर्जा और सपने होते हैं, लेकिन जिम्मेदारियों का दायरा भी बढ़ जाता है, इसलिए इस जीवन को पूरे अज्छे तरीके से एन्जॉय करने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल बातों से नहीं बल्कि वित्तीय स्वतंत्रता से संभव होता है, क्योंकि उन्होंने खुद अपनी माता को इसके कारण संघर्ष करते देखा था और आत्मनिर्भर बनने की ठान ली थी। वक्ता ने युवाओं को सलाह दी कि वे केवल भीड़ का हिस्सा न बनकर अपनी पसंद और पैशन के अनुसार अपना करियर चुनें और अपने फ्रेंड सर्कल को बहुत सावधानी से चुनें। आज के डिजिटल और साइबर युग के खतरों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी ऑनलाइन प्रोफाइल्स को प्राइवेट रखें, और यदि कोई साइबर स्टॉकिंग, मॉर्फिंग या ब्लैकमेलिंग जैसी घटना का शिकार होता है, तो डरने के बजाय तुरंत पुलिस आपातकालीन नंबर 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, या महिला सुरक्षा नंबर 1990 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। अधिकारी अंजना दहिया ने अंत में यह भी जोड़ा कि महिलाओं के पूर्ण सशक्तिकरण के लिए पुरुषों का सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण है और हमें उन्हें अपना दुश्मन नहीं समझना चाहिए। वक्ता मौश्मी प्रसाद ने नई पीढ़ी के नाम एक बेहद खास संदेश दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों और युवाओं को यह सीख दी कि किताबी अंकों, पैकेटबंद खान-पान और सामाजिक दबावों से कहीं च्यादा महत्वपूर्ण जीवन के मूल्य, मानसिक स्वास्थ्य और अपनी संस्कृति को समझना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने शक्ति संवर्धिनी युवती सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां किसी युवती के रूप में नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं, क्योंकि बज्चों को हमेशा एक मां के मार्गदर्शन और स्नेह की आवश्यकता होती है। समापन सत्र में ब्रह्माकुमारीज द्वारा एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसे रितु ठक्कर ने संचालित किया। इस दौरान प्रान्त संगठन मंत्री मनीष राय, विभाग संगठन मंत्री गुंजन कुमार, प्रांत मंत्री दिनेश यादव, महानगर मंत्री सुधांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

वाहन रैली में शामिल महंत जितेन्द्र दास व अन्य।

अशोक सिंघल को याद कर निकाली वाहन यात्रा

कानपुर, 14 अक्टूबर। अशोक सिंहल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू समाज की युवा तरुणाई द्वारा भव्य वाहन यात्रा सरसैया घाट गौ पूजन के साथ आरंभ हुई। यात्रा परमट, ग्वाल टोली, चुन्नी गंज से होते हुये पीरोड स्थित उनके गुरु श्रीराम चंद्र तिवारी का निवास पर पूरी हुयी। यहां अशोक ने वेद अध्धयन किया था। इस स्तान पर अब वेद विद्यालय एवं निशुल्क चिकित्सा केंद्र संचालित होता है जिसका शुभारंभ स्व. अशोक सिंहल ने ही किया था। यहां उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर यात्रा आगे बढ़कर गांधीनगर स्थित संघ कार्यालय के उस छोटे से कमरे तक पहुंची, जहां स्व.सिंघल ने अपने प्रचारक जीवन के 19 वर्ष बिताये थे। यहां भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने माल्यापर्ण कर संकल्प लिया। इसके उपरांत यात्रा चंद्रिका देवी मंदिर, लाटूश रोड, मेस्टन रोड, कमला टावर होते हुये घंटाघर स्थित भारत माता मंदिर पर संपन्न हुयी। इस अवसर पर डॉ अनुपम दुबे, शिवकेश जी, ओम प्रकाश शर्मा, आशीष गुप्ता, नरेश माहेश्वरी, सुशील गुप्ता, नरेश तोमर, मोहित कुमार, मुकेश अग्रवाल,चेतन, सचिन, टिंकू पंडित, रौनक राय, विवेक, कालीचरण, नमो गुप्ता, मुकेश इत्यादि मौजूद रहे।

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
पनकी–कानपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

1. जैम बिड नं0– GEM / 2026 /B/8145504

1X660 मे०वा० पी०टी०ई०पी०, पनकी, में लोकोमोटिव डब्लूडीजी3ए के लिए स्पेयर पार्टस की आपूर्ति।

अनुमानित लागत – रू0 37,85,867.00 (जी०एस०टी० अतिरिक्त)

धरोहर धनराशि – रू0 75,000.00 | जैम बिड खुलने की तिथि–23.10.2026

बेवसाइट www.uprvunl.org

अधिशासी अभियन्ता (टी0एसएण्डएच0आर0डी0डी0)

पत्रांक: 63 / 1X660 मे0वा0 / पनकी विस्तार / मु0अभि0 / टीएसएचआरडीडी / विज्ञापन / 2026 दिनांक 14.10.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर
पत्रांकः– 490/न0पा0प0बि0/2026–27 दिनांकः– 14 अक्टूबर, 2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बिल्हौर पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से मार्ग प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत विद्युत आदि सामग्री क्रय करना चाहती है। निम्नांकित सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म/आपूर्तिकर्ता सील बन्द टेण्डर स्पष्ट दरों सहित दिनांक 24.10.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक टेण्डर बाक्स में डाल सकते हैं, प्राप्त टेण्डर उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिल्हौर द्वारा खोले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद बिल्हौर को होगा। टेण्डर फार्म दिनांक 23.10.2026 तक किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में क्रय किये जा सकते है। टेण्डर के साथ 2: निर्धारित जमानत धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 ही स्वीकार होगी जो कि अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बिल्हौर के नाम बन्धक होगी। अन्य नियम शर्तें कार्यालय कार्य दिवस में ज्ञात की जा सकती है।

क्रमांक	नाम सामग्री	अद्द (मात्रा)
01	प्लास	12 अद्द
02	हथौड़ी (500 ग्राम)	02 अद्द
03	छेनी 15 इंची	06 अद्द
04	सीढ़ी 7 डण्डे की (एल्युमीनियम)	01 अद्द
05	सीढी 9 डण्डे की (एल्युमीनियम)	01 अद्द
06	स्विच 15 एम्पियर	50 अद्द
07	साकेट 15 एम्पियर	50 अद्द
08	कॉपर वायर 2.5 एमएम	01 बण्डल
09	कॉपर वायर 1.5 एमएम	01 बण्डल
10	टेप पीवीसी	20 अद्द
11	आर्मड केबिल 4 कोर 50 एमएम	45 मीटर

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड
अधिशासी अभियन्ता (जानपद), केस्को, कानपुर।

अति–अल्पकालीन / अल्पकालीन ई–निविदा सूचनाः दिनांक 14 / 10 / 2026

निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरणः

1. अति–अल्पकालीन ई–निविदा सं०– 42 / सी / 2026–27, केसा हाउस (मु०) में स्थित आई०टी० सेल एण्ड डी० कार्यालय की छत एवं कार्यालय का नवीनीकरण कार्य। कार्यावधि 02 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 9,500.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 21 / 10 / 2026।
2. अति–अल्पकालीन ई–निविदा सं०– 43 / सी / 2026–27, विष्णूपुरी केस्को अधिकारी कालोनी आवास सं०–01 के रिनोवेशन कार्य। कार्यावधि 01 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 4,500.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 21 / 10 / 2026।
3. अति–अल्पकालीन ई–निविदा सं०– 44 / सी / 2026–27. बिजलीघर परेड स्थित परिसर में विद्युतीय वार्षिक अनुरक्षण कार्य। कार्यावधि 12 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 3,000.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 21 / 10 / 2026।
4. अति–अल्पकालीन ई–निविदा सं0–45 / सी / 2026–27, केस्को के बिजलीघर परिसर स्थित अधिशासी अभियन्ता बिलिंग–द्वितीय के कार्यालय के रिनोवेशन कार्य। कार्यावधि 02 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 3,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 13,500.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 21 / 10 / 2026।
5. अति–अल्पकालीन ई–निविदा सं0– 46 / सी / 2026–27, तिलक नगर स्थित अधिकारी कालोनी का मुख्य द्वार एवं सड़क को ऊंचा कराये जाने का कार्य। कार्यावधि 15 दिन, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 2,000.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 21 / 10 / 2026।
6. अल्पकालीन ई–निविदा सं०– 47 / सी / 2026–27, केसा हाउस स्थित कॉल सेन्टर (सर्वर रूम), केसाहाउस (मु०), आर०पी०एच० एवं विभिन्न हेल्पडेस्क के वातानुकूलित संयन्त्रों के वार्षिक अनुरक्षण कार्य। कार्यावधि 12 माह, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1,000.00 + 18% जी०एस०टी० अतिरिक्त, धरोहर धनराशि रु० 4,500.00 निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 29 / 10 / 2026।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

अधिशासी अभियन्ता (सिविल)
आर0पी0एच0, केस्को, कानपुर

गुमशुदा की तलाश



नाम– रिया सक्सेना पुत्री– रामपाल सक्सेना उम्र करीब – 14 वर्ष रंग– गेंहुआ, इकहरा जिस्म कद– लगभग 5.0 फुट पहनावा – पीले रंगा का कुर्ता सफेद रंग का सलवार।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रिया सक्सेना पुत्री रामपाल सक्सेना निवासी ग्राम पिहानी मजबूत नगर थाना अरौल कमि0 कानपुर नगर दिनांक 16/06/2026 को समय करीब 11. 30 बजे अरौल बाजार से सामान लेने के लिये गयी थी और अभी तक वापस नहीं आयी। जिसके सम्बन्ध थाना अरौल पर मु0अ0सं0 126/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत है।

जिस किसी भी व्यक्ति को रिया के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी मिलती है तो कृपया नीचे दिये गये नम्बरों पर सूचना देने की कृपा करें।

उ0नि0	थानाध्यक्ष	सहा0 पुलिस आयु0 बिल्हौर
(विशाल कुमार शर्मा)	(विनय तिवारी)	बिल्हौर कमि0 कानपुर नगर
थाना अरौल	थाना अरौल	मो0नं0–9454401465
कमि0 कानपुर नगर	कमि0 कानपुर नगर	
मो0नं0–8787008181	मो0नं0–9454405438	

कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि व नर्सिंग स्टॉफ।

कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किया गया जागरूक

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,14 अक्टूबर। कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स को मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि स्मार्ट केयर हॉस्पिटल की एमडीएवं साईक्रेटिक डा गुल शगुफ्ता ने छात्र छात्राओं ो विभिन्न मानसिक बीमारियों के कारणों व बचाव के बाबत अहम जानकारियां प्रदान कर जागरूक किया। इस दौरान मानसिक बीमारियों के उपचार संबंधी जानकारियां भी प्रदान की गयीं। उक त कार्यक्रम के दौरान पोस्टर ,रोल प्ले व रील प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समापन के दौश्रान निदेशक अमित वालिया ,उप प्राचार्य प्रोफेसर डा दिनेश खिंची व प्रचार्या विनीता दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।संस्थान के चेयरमैन राघावेंद्र गर्ग,वाइस चेयरमैन वैभव गर्ग व सचिव ऐश्वर्य गर्ग ने कार्यक्रम की प्रशंसा की है।

प्रो. सुधांशु पाण्डिया बने सीएसजेएमयू के प्रति कुलपति

कानपुर, 14 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 के अनुज्छेद -14(2) में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत प्रो. सुधांशु पाण्डिया, वरिष्ठ आचार्य, स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट को तत्कालिक प्रभाव से सहवर्ती समयावधि के लिए सीएसजेएम विश्वविद्यालय का प्रति कुलपति नियुक्त किया जाता है। प्रो. पाण्डिया अपने नियमित दायित्वों के साथ-साथ प्रति कुलपति पद का दायित्व निर्वहन करेंगे। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने 14 अक्टूबर 2026 को प्रो. सुधांशु पाण्डिया को प्रति कुलपति नियुक्त किये जाने का कार्यालय आदेश भी जारी कर दिया गया है।

समस्याओं को लेकर बैंक कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

कानपुर, 14 अक्टूबर। यूनाइटेड फोरम ऑफ वी बैंकर्स के बैनर तले पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स यूनियन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज बैंक कर्मचारियों की विभिन ज्वलंत समस्याओं पर दो चरणों में प्रदर्शन आयोजित किया गया। पहले श्रमायुक्त कार्यालय गोविंद नगर में प्रदर्शन किया गया। फिर पीएबी सर्किल आफिस बिराहना रोड में प्रदर्शन किया गया। यूनाइटेड फोरम ऑफ वी बैंकर्स के राष्ट्रीय संयोजक कमलेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जुटे लोगों का प्रदर्शन को रोकने के लिए एडवांस् ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के मुख्य द्वार को बंद करवा दिया गया। सभी को अंदर जाने से रोका गया। बातचीत के बाद प्रदर्शनकारी अंदर गये। इस मौके पर अधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं की जानकारी मिलने पर आश्वासन दिया। पीएनबी सर्किल कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। यहां भी पुलिस बल तैनात था, काफी हीलाहवाली के बाद कर्मचारी मंडल कार्यालय में प्रवेश कर गये तो मंडल प्रमुख उपेंद्र कुमार सामने आये। श्री चतुर्वेदी ने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया गया और कहा कि यदि निश्चित समय में कोई हल न निकला तो आंदोलन उग्र होगा इस मौके पर कांग्रेस नेता अवनीश सलूजा, रमणीक चतुर्वेदी और नवीन चतुर्वेदी भी आ गए। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को समझा और संबोधित किया। प्रदर्शन में अभय द्विवेदी, चंद्र प्रकाश यादव, गौरव मिश्रा, पुनीत श्रीवास्तव, अमरेंद्र कुमार पांडेय मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता हमीरपुर वृत्त, लो0नि0वि0, हमीरपुर
पत्रांक :–1958/30सी–ह0वृ0/2026 दिनांकः– 07/10/2026

ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग हेतु A श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से मार्ग कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य की निविदा आइटम दरों पर आमंत्रित की जाती है। बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे आई0टी0बी0 की क्लाज-4 में निविदा स्वीकृत करने के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता हेतु बिडर्स को दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख मे)	अनुरक्षण कार्य की 2.5% लागत (लाख में)	कुल लागत (लाख मे)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	झाँसी / हमीरपुर	जनपद–झाँसी एवं जनपद–हमीरपुर में हमीरपुर–राठ–गरौठा –गुरसराय–झाँसी मार्ग (राज्य मार्ग संख्या–42) के (मिसिंग लिंक) चैनेज 74.550 से 110.360 तक (लम्बाई 35.810 किमी0) का निर्माण कार्य।	12644.00	316.10	12960.10	129.61	6250.00 (GST सहित)	15 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.10.2026 से 30.10. 2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक–30.10.2026 को समय 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–30.10.2026 को समय 12:30 बजे अपरान्ह खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/login पर अपलोड की जायेगीं तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 द्रगपाल सिंह वर्मा) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, हमीरपुर — वेबसाइट : www.upgov.nic.in उ०प्र० 258158/दिनांक : 13.10.2026 — (इं0 सुनील कान्त) अधीक्षण अभियन्ता, हमीरपुर वृत्त, लो0नि0वि0, हमीरपुर

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता उन्नाव वृत्त, लोक निर्माण विभाग, उन्नाव
पत्रांक : 4380/एम/ 1 एमटी/ ई–टेण्डर/ उन्नाव वृत्त/2026 दिनांक : 09.10.2026

ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

1. अधीक्षण अभियन्ता, उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0, उन्नाव द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग श्रेणी के 'ए' में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद हरदोई में मार्ग के निर्माण हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, आइटम दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

क0 सं0	जनपद / विधानसभा	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) 05 वर्ष अनुरक्षण सहित (रू0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हरदोई / हरदोई	जनपद हरदोई में गौशाला नीर परसपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.000 से चैनेज 11.200 तक (लम्बाई 11.200 किमी0) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	2358.00	35.37	2714.00	12 माह	श्रेणी 'ए' (मार्ग कार्य)

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 से 27.10. 2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 27.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगिन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगिन करना होगा। लॉगिन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य साफ्टवेयर पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी वाँछित सूचनायें तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(मुरली धर गंगवार) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हरदोई — वेबसाइट : www.upgov.nic.in उ०प्र० 258070/दिनांक : 13.10.2026 — (एन0के0 वर्मा) अधीक्षण अभियन्ता, उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0, उन्नाव

उत्तर प्रदेश सरकार कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, कानपुर वृत्त, लो.नि.वि.
16/22 सिविल लाइन्स, कानपुर–208001
Email ID- sekanpurcircle@gmail.com

पत्रांक : 4388 सी0/131सी0–का0वृ0/2026–27 दिनांक : 07.10.2026

ई–निविदा सूचना

श्री राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियंता, कानपुर वृत्त, लो.नि.वि., कानपुर द्वारा निम्नलिखित तालिका में अंकित कार्य के निर्माण हेतु आईटम रेट दरों के आधार पर ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह सभी निर्देशों (परिशिष्ट/संशोधनों सहित), कन्डीशन्स ऑफ कान्ट्रैक्ट, कान्ट्रैक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, तकनीकी विशिष्टियों, बी0ओ0क्यू0 इत्यादि का भली–भांति परीक्षण कर लें।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	3	4	5	6	7
विधानसभा क्षेत्र-बिल्हौर					
1.	गौरी भगवन्तपुर कासामऊ मुस्ता मार्ग (लम्बाई 5.000 किमी) का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	888.00	17.80	2300.00 + 414.00 (GST) + 5000.00 = Total 7714.00	10 माह (वर्षा ऋतु सहित)

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 से 27.10. 2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक उपलब्ध हैं जोकि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं। शासनादेश संख्या–14/2020/ 879/तेईस–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25.08.2020, कार्यालय प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0 113कैम्प /प्र0अ0 विकास/03 (मु0–1)/23 दिनांक 05.10.2023 एवं शासनादेश सं0 28/2023/ 1556/ तेईस–7–2023–176सा/2006 दिनांक 05.12.2023 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त वांछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख प्रहरी की बेबसाइट http://wms.uppwd.gov.in/Prahari पर अपने चाणक्य लॉगिन द्वारा अपलोड किया जाना है तथा प्रहरी से टेक्निकल शीट ई–1 डाउनलोड कर ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.10.2026 को अपरान्ह 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड दिनांक 27.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, कानपुर नगर — वेबसाइट : www.upgov.nic.in उ०प्र० 258092/दिनांक : 13.10.2026 — अधीक्षण अभियंता, कानपुर वृत्त, लो0नि0वि0, कानपुर

उत्तर प्रदेश सरकार कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, कानपुर वृत्त, लो.नि.वि.
16/22 सिविल लाइन्स, कानपुर–208001
Email ID- sekanpurcircle@gmail.com

पत्रांक : 4391 सी0/131सी0–का0वृ0/2026–27 दिनांक : 07.10.2026

ई–निविदा सूचना

श्री राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियंता, कानपुर वृत्त, लो.नि.वि., कानपुर द्वारा निम्नलिखित तालिका में अंकित कार्य के निर्माण हेतु आईटम रेट दरों के आधार पर ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह सभी निर्देशों (परिशिष्ट/संशोधनों सहित), कन्डीशन्स ऑफ कान्ट्रैक्ट, कान्ट्रैक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, तकनीकी विशिष्टियों, बी0ओ0क्यू0 इत्यादि का भली–भांति परीक्षण कर लें।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	3	4	5	6	7
विधानसभा क्षेत्र-बिठूर					
1.	रमईपुर से जामू जमरही से कठारा रेलवे स्टेशन होते हुए कठेरुआ कठारा मार्ग के किमी-7(500) से 13(450) तक मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	1025.00	20.50	2300.00 + 414.00 (GST) + 5000.00 = Total 7714.00	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.10.2026 से 05.11.2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक उपलब्ध है जोकि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं। शासनादेश संख्या – 14/2020/ 879/तेईस–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25.08.2020, कार्यालय प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0 113कैम्प/प्र0अ0 विकास/03 (मु0–1)/23 दिनांक 05.10.2023 एवं शासनादेश सं0 28/2023/1556/ तेईस–7–2023–176सा/2006 दिनांक 05.12.2023 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त वांछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख प्रहरी की बेबसाइट http://wms.uppwd.gov.in/Prahari पर अपने चाणक्य लॉगिन द्वारा अपलोड किया जाना है तथा प्रहरी से टेक्निकल शीट ई–1 डाउनलोड कर ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड दिनांक 05.11. 2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, कानपुर नगर — वेबसाइट : www.upgov.nic.in उ०प्र० 258114/दिनांक : 13.10.2026 — अधीक्षण अभियंता, कानपुर वृत्त, लो0नि0वि0, कानपुर

सुभाषित — जो व्यक्ति किसीसे धन एवं सामग्रीकी सहायता लेनेके पश्चात अपने दिये हुए वचनका पालन नहीं करता तो वह संसारमें सबसे अधिक निकृष्ट माना जाता है। ❒ हितोपदेश

चीनका फिर प्रलाप

चीन भारतसे अपने द्विपक्षीय सम्बन्धोंको सामान्य बनानेकी बातें तो करता है, जो उसकी कूटनीतिका हिस्सा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। उसकी कथनी और करनीमें जमीन-आसमानका अन्तर है। इसलिए उसकी किसी भी बातपर विश्वास नहीं किया जा सकता है। चीनने फिर पुराना प्रलाप शुरू कर दिया है और दावा किया है कि लद्दाखकी २८ जगहें उसकी अपनी है। चीन लद्दाखको भारतकी ओरसे बनाये गये केन्द्रशासित प्रदेशको भी नहीं मानता है। भारतने इस प्रकरणमें चीनको करारा जवाब दिया है और कहा है कि लद्दाख भारतका अभिन्न अंग है और अविभाज्य हिस्सा है। भारतने कुछ दिन पूर्व ही लद्दाखमें २८ स्थानोंको आधिकारिक नाम देनेका फैसला किया था। मंगलवारको चीनकी ओरसे इसपर विरोध जताया गया था। भारतने चीनके इस अनर्गल दावेको सिरेसे खारिज कर चीनको दो-टूक जवाब दिया है। इससे सीमा मुद्देपर मतभेद फिर उजागर हुआ है, जो आपसी रिश्तोंमें कटुता उत्पन्न करने वाला है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक नक्शेपर लद्दाखके २८ स्थानोंको मानक नाम दिये गये हैं। विगत दो अक्तूबर, २०२६ को भारत सरकारने लद्दाखके २८ स्थानों और भौगोलिक विशेषताओंको सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक मानचित्रपर मानकीकृत नामोंके साथ दर्ज किया है। इनमें पर्वत, चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां, नदियां, झील और अन्य भू-भाग शामिल हैं। इसका उद्देश्य भारतके आधिकारिक नक्शोंमें इन स्थानोंकी पहचानको स्पष्ट और व्यवस्थित करना तथा इनके बारेमें जागरूकता बढ़ाना है। इनमें गोगरा और हाट स्प्रिंग विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है। दोनों २०२० को भारत-चीन सैन्य गतिरोधके प्रमुख टकराव वाले क्षेत्रोंमें रहे हैं। इस मामलेमें चीनने जो बयान दिया है, वह स्थान नामकरणका विरोध नहीं है, बल्कि इसके पीछे चीनका पुराना सीमा दावा भी स्पष्टत: दिखायी देता है। भारतने इस पूरे विवादको अपनी सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डताके स्पष्ट पुनर्पुष्टिकरणके रूपमें देखा है। लद्दाखका मौजूदा विवाद २०२० के सैन्य गतिरोधसे जुड़ा है। गलवान घाटीमें जून २०२० में हुई हिंसक झड़पमें भारतीय और चीनी सैनिकोंकी जान गयी थी। इसके बाद दोनों देशोंने पूर्वी लद्दाखमें बड़े पैमानेपर सैनिक और सैन्य संसाधन तैनात किये थे। लेकिन बादमें कुछ स्थितियां बदलीं लेकिन पूरी सीमाका अन्तिम समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत और चीनके बीचपर वास्तविक नियंत्रण रेखाके कई हिस्सोंकी संवेदनशील भौगोलिक और सामरिक स्थितिको देखते हुए भारतको इसमें किसी तरहकी ढिलाईसे बचना होगा और मजबूत दबाव बनाये रखना होगा।

लोभ-लापरवाहीका खामियाजा

बिहारके वैशाली जिलेमें मंगलवारकी रात गंगामें नाव डूबनेकी दुर्भाग्पूर्ण घटनामें १३ लोगोंकी मौत अत्यन्त दुखद है। मृतकोंमें दस लड़कियां और तीन लड़के हैं जिनकी उम्र छहसे १८ वर्ष बतायी जा रही है। छोटी नावपर क्षमतासे अधिक २० से २५ लोग सवार थे जो राधोपुरमें श्राद्ध भोजमें शामिल होने जा रहे थे। कुछ लोगोंने तैर कर अपनी जान बचायी, जबकि कई लोग लापता बताये जा रहे हैं उनकी तलाश जारी है। डूब रहे लोगोंकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग तत्काल पहुंचकर १७ लोगोंको पानीसे बाहर निकाला। सभीको प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकोंने १३ को मृत घोषित कर दिया और तीनको गम्भीर स्थितिमें पटना मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणोंके अनुसार नावमें छेद था जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। नावमें पानी भरते ही उसमें सवार लोगोंमें अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान किनारे मौजूद लोग नदीमें कूद पड़े और तैरकर डूब रहे लोगोंको बाहर निकाला लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी और १३ लोगोंकी जान चली गयी। घटनापर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने मृतकोंके परिजनोंको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५० हजार रुपये मददकी घोषणा की है। वहीं बिहारके मुख्य मंत्री सम्राट चौधरीने मृतकोंके परिजनोंको चार-चार लाख रुपयेकी अनुग्रह राशि देनेका ऐलान किया। इस हादसेके लिए नाविक पूरी तरह जिम्मेदार माना जायगा, जिसने छोटी नावपर क्षमतासे अधिक सवारियोंकी जगह दी जिसके चलते यह लापरवाहीका सफर साबित हुआ। ऐसा अकसर होता है कि नाविक पैसेकी लालचमें नावकी क्षमता सीमा लांघ कर सवारी बैठा लेते हैं। वे खुद तो बच निकलते हैं, क्योंकि वह अच्छे तैराक होनेके साथ अनुभवी भी होते हैं, लेकिन सवारियोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे नाविकोंके विरुद्ध कड़ी काररवाई होनी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। लोगोंको भी सतर्क रहना होगा।

लोक संवाद

शक्ति उपासनासे नवीन ऊर्जाका संचार

महोदय,-भारत पर्व और त्योहारोंका देश कहा जाता है। यह पर्व हमारे जीवनमें मानों नवीनताका संचार करते हैं और हमें एक नवीन ऊर्जासे भर देते हैं। इन्हीं पर्वोंमें नवरात्र अपने आपमें महान पर्व है, जिसमें शक्ति स्वरूपा मां दुर्गाकी उपासना भी हमारे अन्दर सात्विकताका संचार करती है। वही आदि शक्ति ही सब प्राणियोंमें शक्ति, निद्रा, विद्या, तुष्टि आदि रूपोंमें विद्यमान है। उन्हींसे यह सारा जगत व्याप्त है। उपासनाका अर्थ है समीप और आसनका अर्थ बैठना है। अर्थात् हम जिनकी उपासना कर रहे हैं उनका चिंतन-मनन करें। नवरात्र पर्वपर देवीकी विभिन्न रूपोंमें उपासना भी हमारे भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार कर देती है। दो गुप्त नवरात्र और वासंतिक और शारदीय नवरात्र होते हैं। शारदीय और वासंतिक नवरात्र ज्यादा प्रसिद्ध हैं। गुप्त नवरात्रमें भी शक्ति स्वरूपा मां जगदंबाकी उपासना, पूजन, अर्चना हमें मनोवांछित फल प्रदान करती है और शक्तिके बिना न तो हमारा अस्तित्व है और न ही इस संसारका। यह पर्व मानों हमें यही स्मरण दिलाता है कि कोई अदृश्य शक्ति हैं जिनसे यह सारा संसार व्याप्त और गतिमान है। मार्कण्डेय पुराण अन्तर्गत दुर्गा सप्तशतीमें भगवती दुर्गा और उनकी महिमाका विस्तारसे वर्णन है कि वही शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा दानव शक्तियोंका नाश करती हैं और उन्होंने देवताओंसे स्वयं कहा है कि जब जब दानवीय शक्तियोंका उत्थान होगा अर्थात् अधर्म बढ़ेगा तब अलग-अलग स्वरूपोंमें वही शक्ति स्वरूपा दुर्गा अवतार लेकर असुरोंका विनाश करेंगी। भगवान शिव और पार्वती भी शिव और शक्ति माने जाते हैं। भगवान रामने भी रावणपर विजय प्राप्त करनेके लिए इन्हीं शक्तिकी उपासना की थी। इस पर्वपर घर-घरमें मां दुर्गाका पूजन अर्चन, मांके सुमधुर गीत, कन्या पूजन, हवनसे मानों वातावरणमें भी एक नवीन चेतनाका संचार होता है। नारी सम्मान हमारे देशकी संस्कृति रही है। यह पर्व भी हमें यही सीखाता है कि स्त्री हर रूपमें आदरणीय है। यह पर्व देवीकी उपासना पूजन और उनका सतत स्मरणसे हमें अपने भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार करनेका अवसर है। शारदीय नवरात्रिसे ऋतुमें परिवर्तन होने लगता है और प्रकृति सर्दीकी चादरमें सिकुड़ने लगती है, ऐसेमें नवरात्रिकी नौ दिनोंकी अवधिमें उपासक संतुलित और सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना ध्यान चिंतन और मननमें लगाकर स्वयंको भीतरसे शक्तिशाली बना सकते हैं, जिससे ऋतु परिवर्तनका उनकी सेहतपर बुरा असर नहीं पड़ता। नवरात्रिके नौ व्रत रखनेसे न केवल स्वयंको मानसिक रूपसे भीतरसे शक्तिशाली बनाया जा सकता है, बल्कि उत्तम स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी इसके कई लाभ होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त नवरात्रिका व्रत रखते हैं, वे दूसरोंकी तुलनामें आरोग्य जीवन जीते हैं। दरअसल नवरात्रि व्रतके दौरान लोग गरिष्ठ भोजनसे दूर रहते हैं और फल ग्रहण करते हैं, जिससे बॉडी डिटॉक्स होती है, तनावकी समस्या दूर होती है और त्वचामें निखार भी बढ़ता है। नवरात्रि व्रत रखनेसे शरीरमें कोलेस्ट्रॉलका स्तर भी कम हो जाता है। नौ दिनोंतक पूरे संयमके साथ व्रत रखनेसे आध्यात्मिक फायदोंके अलावा पेटको आराम मिलनेसे उसकी सेहत अच्छी होती है, रक्तचाप नियंत्रित होता है, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोगोंमें आराम मिलता है, नींद बेहतर होती है, उम्र लंबी होती है तथा कैंसर, अल्जाइमर जैसी गम्भीर बीमारियोंका जोखिम भी कम होता है। **-अखिलेश कुमार मिश्र, वाराणसी।**

विरोधके अधिकारपर सर्वोच्च टिप्पणी

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने, सरकार बनाने और शासन चलानेकी व्यवस्थाका नाम नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति नागरिकोंको अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और सरकारकी नीतियोंपर प्रश्न उठानेकी स्वतंत्रता देनेमें निहित है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सुप्रीम कोर्टका हस्तक्षेप अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

❒ महेन्द्र तिवारी

न्याय जिस लोकतांत्रिक व्यवस्थामें नागरिक अपनी शिकायतें खुलकर सामने रख सकें, शांतिपूर्ण ढंगसे विरोध कर सकें और अपनी मांगोंके समर्थनमें आवाज उठा सकें, वही व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्योंको मजबूत करती है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन और सार्वजनिक व्यवस्थाके बीच टकरावकी स्थिति पैदा होती है, तब नागरिक अधिकारोंकी रक्षा और कानूनका पालन सुनिश्चित करना प्रशासनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सर्वोच्च न्यायालयका हस्तक्षेप इसी संदर्भमें महत्वपूर्ण है। १० अक्तूबर २०२६ को दिल्लीमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे और मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणको लेकर विरोध प्रदर्शनका आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलोंने निर्वाचन प्रक्रियामें कथित अनियमितताओंको लेकर सवाल उठाये। उनका आरोप था कि मतदाता सूचीमें बदलावकी प्रक्रियासे कुछ वर्गोंके मतदाताओंके अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर निर्वाचन आयोगने प्रक्रियामें पक्षपातके आरोपोंको खारिज किया है। सत्तारूढ़ दलने भी विपक्षके आरोपोंपर आपत्ति जतायी है। इसलिए इस पूरे विवादमें आरोपों, आधिकारिक स्पष्टीकरणों और प्रमाणित तथ्योंको अलग-अलग समझना आवश्यक है। प्रदर्शनके मद्देनजर दिल्लीके कई हिस्सोंमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी। मेट्रो स्टेशनोंको बंद करने, आवागमन सीमित करने और इंटरनेट सेवाओंपर प्रतिबंध लगाने जैसे कदमोंकी खबरें सामने आयीं। बड़ी संख्यामें लोगोंको हिरासतमें लिये जानेकी सूचना भी मिली। इन कदमोंसे केवल प्रदर्शनकारियोंकी गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं, बल्कि आम नागरिकोंकी आवाजाही, दैनिक कामकाज और सार्वजनिक परिवहनपर भी असर पड़ा। ऐसेमें यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेके लिए किये गये प्रबंध किस सीमातक आवश्यक और उचित थे।

इसी पृष्ठभूमिमें ११ अक्तूबर २०२६ को सर्वोच्च न्यायालयने विशेष सुनवाई करते हुए अधिकारियोंको कई महत्वपूर्ण अंतरिम निर्देश दिये। न्यायालयने कहा कि शांतिपूर्ण और निहत्थे लोगोंको कानूनमें निर्धारित प्रक्रियाके बिना हिरासतमें नहीं लिया जाना चाहिए। उसने मेट्रो और रेल सेवाओंको सामान्य रूपसे चलाने, शहरमें यातायात नियमोंके अधीन लोगोंकी आवाजाही सुनिश्चित करने तथा इंटरनेट सेवाओंको अनावश्यक रूपसे बाधित न करनेपर जोर दिया। न्यायालयने सड़कोंपर लगाये गये अवरोधोंकी तत्काल समीक्षा करने और अदालतोंतक लोगोंकी पहुंच सुनिश्चित करनेके निर्देश भी दिये। इन निर्देशोंके साथ यह स्पष्ट रखा गया कि सार्वजनिक व्यवस्थाकी वास्तविक आवश्यकता होनेपर कानूनके अनुसार उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं।

सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिये। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमतिका सम्मान और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना भी उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।

इस घटनाक्रमका महत्व इसलिए भी है कि संविधान नागरिकोंको केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि शासनकी शक्तियोंकी सीमाएं भी निर्धारित करता है। भारतीय संविधानका अनुच्छेद-१९ नागरिकोंको अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता और शांतिपूर्वक तथा बिना हथियारोंके एकत्र होनेका अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्रमें नागरिक सहभागिताका आधार हैं। हालांकि इनपर संविधानमें निर्धारित आधारोंपर उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विरोध करनेकी स्वतंत्रताका अर्थ कानूनसे ऊपर होना नहीं है और न ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखनेका अर्थ नागरिकोंके अधिकारोंको मनमाने ढंगसे सीमित करना है।

प्रशासनकी जिम्मेदारी है कि वह संभावित हिंसा, यातायात अवरोध और सार्वजनिक संपत्तिको होने वाले नुकसानसे बचानेके लिए आवश्यक कदम उठाये। लेकिन किसी संभावित खतरेकी आशंकाके आधारपर सभी लोगोंकी आवाजाही रोक देना या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियोंको बिना वैधानिक आधारके हिरासतमें लेना उचित नहीं माना जा सकता। प्रतिबंधोंका औचित्य, उनकी अवधि और उनका दायरा परिस्थितियोंके अनुरूप होना चाहिए। जहां सीमित व्यवस्थासे समस्याका समाधान संभव हो, वहां व्यापक प्रतिबंधोंके कारण आम नागरिकोंको अनावश्यक परेशानीमें डालनेसे बचना चाहिए।

दिल्ली जैसे महानगरमें मेट्रो और रेल सेवाएं केवल यातायातके साधन नहीं हैं। लाखों लोग प्रतिदिन इन सेवाओंके माध्यमसे अपने कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक स्थानोंतक पहुंचते हैं। अचानक परिवहन सेवाएं बंद होनेसे विद्यार्थियोंकी पढ़ाई, कर्मचारियोंकी उपस्थिति, मरीजोंकी चिकित्सा और छोटे कारोबारियोंकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार इंटरनेट सेवाएं आज शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, संचार और आपातकालीन सहायताका महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इनके व्यापक प्रतिबंधका प्रभाव प्रदर्शन स्थलसे कहीं अधिक दूरतक पहुंचता है।

इस संदर्भमें सर्वोच्च न्यायालयकी भूमिका केवल किसी एक प्रदर्शनको लेकर आदेश देनेतक सीमित नहीं है। न्यायपालिकाका दायित्व यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रशासनिक काररवाई संविधान और कानूनके अनुरूप हो। जब नागरिकोंको लगता है कि उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तब न्यायालयसे राहतकी अपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्थाका स्वाभाविक हिस्सा है। हालांकि न्यायिक हस्तक्षेपका अर्थ यह नहीं है कि किसी विवादमें एक पक्षके सभी आरोप स्वत: सिद्ध हो गये। न्यायालयके अंतरिम निर्देश, प्रारंभिक टिप्पणियां और अंतिम निर्णय अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। दिल्लीके मामलेमें भी अधिकारियोंसे जवाब और अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गयी है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष तथ्यों, प्रस्तुत साक्ष्यों और आगेकी न्यायिक प्रक्रियाके आधारपर ही निकाला जाना चाहिए।

निर्वाचन प्रक्रियासे संबंधित विवादका एक व्यापक पक्ष जनताका विश्वास है। चुनाव लोकतंत्रकी बुनियादी प्रक्रिया हैं और मतदाता सूची उनकी विश्वसनीयताका महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता सूचीका पुनरीक्षण आवश्यक हो सकता है, क्योंकि समयके साथ मृत्यु, स्थान परिवर्तन और अन्य कारणोंसे अभिलेखोंमें बदलाव करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रियामें किसी पात्र नागरिकका नाम गलत तरीकेसे हटना उसके मताधिकारको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सूचीमें संशोधन करते समय पारदर्शिता, स्पष्ट मानदंड, उचित सूचना और शिकायतोंके निवारणकी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों और नागरिकोंकी आपत्तियोंका समाधान प्रमाणोंके आधारपर होना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्रमें संवादका माध्यम हैं। नागरिक जब किसी निर्णयसे असहमत होते हैं तो शांतिपूर्ण ढंगसे अपनी मांग रखना उनका संवैधानिक अधिकार है। साथ ही प्रदर्शन आयोजित करने वालोंका दायित्व है कि वे कानूनका पालन करें, हिंसासे बचें और दूसरे नागरिकोंके अधिकारोंका सम्मान करें। प्रशासनको भी प्रदर्शनकारियोंके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि तनाव कम किया जा सके और सार्वजनिक सुविधाएं बाधित न हों। दोनों पक्षोंकी जिम्मेदारी और संयमसे ही ऐसी परिस्थितियोंका समाधान संभव है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक असहमतिको केवल कानून-व्यवस्थाकी समस्याके रूपमें न देखा जाय। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्रका स्वाभाविक अंग है। उसी प्रकार हर विरोधको स्वत: उचित मान लेना भी पर्याप्त नहीं है। उसकी प्रकृति, उद्देश्य और तरीकेका मूल्यांकन कानून तथा तथ्योंके आधारपर किया जाना चाहिए। सरकार, प्रशासन, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दल और नागरिक समाज सभीकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे एक बार फिर यह संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखाई देती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमति का सम्मान करना और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना ही एक उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।

विकासमें युवा शक्तिका योगदान

विद्यार्थी राष्ट्रकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनकी आंखोंमें पलने वाले सपने, मनमें उठने वाले विचार और कर्ममें दिखने वाला संकल्प ही देशके भविष्यकी दिशा निर्धारित करता है।

❒ प्रो.मनोज डोगरा

आजके विद्यार्थी ही कलके वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक, उद्यमी, सैनिक और राष्ट्रनिर्माता हैं। इसलिए विद्यार्थियोंकी प्रतिभाको निखारना, उन्हें सही दिशा देना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना केवल परिवार या शिक्षण संस्थानोंकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाजका दायित्व है। इसी संदर्भमें विश्व विद्यार्थी दिवसका महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतमें १५ अक्तूबरको पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओंके प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलामकी जयंतीके अवसरपर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया जाता है। इस दिवसका उद्देश्य विद्यार्थियोंके जीवनमें शिक्षा, ज्ञान, अनुशासन, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणके महत्वको रेखांकित करना है। डा. कलामका संपूर्ण जीवन इस बातका प्रमाण है कि साधारण परिस्थितियोंमें जन्म लेने वाला व्यक्ति भी असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके पास बड़े सपने देखनेका साहस और उन्हें साकार करनेके लिए निरन्तर परिश्रम करनेका संकल्प हो।

डा. कलामका जीवन विद्यार्थियोंके लिए प्रेरणा- डा. कलामका जीवन संघर्ष, सादगी, अनुशासन और समर्पणकी अनुपम मिसाल है। तमिलनाडुके रामेश्वरममें एक साधारण परिवारमें जन्मे कलामने कठिन परिस्थितियोंके बावजूद शिक्षाके प्रति अपनी लगनको कभी कम नहीं होने दिया। अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियोंके माध्यमसे उन्होंने भारतके अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमोंमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष २००२ में वह भारतके राष्ट्रपति बने, लेकिन सर्वोच्च संवैधानिक पदपर पहुंचनेके बाद भी उनका सबसे प्रिय परिचय एक शिक्षकका ही रहा। डा. कलामका विश्वास था कि बच्चों और युवाओंके भीतर देशको बदलनेकी क्षमता है। वह विद्यार्थियोंसे संवाद करते, उनके प्रश्नोंको प्रोत्साहित करते और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करनेकी प्रेरणा देते थे। उनका जीवन संदेश देता है कि सफलता केवल संसाधनोंकी प्रचुरतासे नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरन्तर अभ्यास और सकारात्मक सोचसे प्राप्त होती है। आज जब विद्यार्थी परीक्षा, प्रतिस्पर्धा और भविष्यकी अनिश्चितताओंके दबावसे गुजर रहे हैं, तब कलामके विचार पहलेसे कहीं अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विद्यार्थियोंको यह समझना होगा कि असफलता जीवनका अंत नहीं, बल्कि अपनी कमियोंको पहचानकर आगे बढ़नेका अवसर है। शिक्षाका उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, वर्तमान समयमें शिक्षाको अक्सर परीक्षामें प्राप्त अंकों, डिग्रियों और नौकरी हासिल करनेके साधनके रूपमें देखा जाता है। निस्संदेह रोजगार प्राप्त करना शिक्षाका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है, लेकिन शिक्षाका वास्तविक लक्ष्य इससे कहीं व्यापक है। शिक्षा व्यक्तिको विवेकशील बनाती है, सही और गलतके बीच अंतर करना सिखाती है तथा समाजके प्रति उसकी जिम्मेदारियोंका बोध कराती है। यदि कोई विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त कर ले, लेकिन उसमें ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारीका अभाव हो तो उसकी शिक्षा अधूरी मानी जायगी। शिक्षण संस्थानोंका उद्देश्य केवल सफल पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिकोंका निर्माण करना भी होना चाहिए। आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा व्यवस्थाकी है, जिसमें किताबी ज्ञानके साथ व्यावहारिक अनुभव, नैतिक मूल्य, संवाद कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधानकी क्षमताको भी समान महत्व मिले। विद्यार्थियोंको प्रश्न पूछने, नये विचार प्रस्तुत करने और अपनी गलतियोंसे सीखनेके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रश्न करने वाला विद्यार्थी ही आगे चलकर अनुसंधानकर्ता और नवाचारक बन सकता है।

डिजिटल युगमें विद्यार्थी और नयी चुनौतियां- इक्कीसवीं सदीका विद्यार्थी ऐसे दौरमें शिक्षा प्राप्त कर रहा है, जहां मोबाइल फोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमोंने ज्ञानतक पहुंचको आसान बना दिया है। आज घर बैठे दुनियाके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानोंकी अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। आनलाइन कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयोंने सीखनेके नये अवसर उपलब्ध कराये हैं। लेकिन इन सुविधाओंके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। सोशल मीडियाका अत्यधिक उपयोग, मोबाइलपर अनावश्यक समय बिताना, गलत सूचनाओंका प्रसार और डिजिटल मनोरंजनकी लत विद्यार्थियोंकी एकाग्रताको प्रभावित कर सकती है। कई विद्यार्थी दूसरोंकी उपलब्धियोंसे अपनी तुलना करके तनावका अनुभव करते हैं और अपने आत्मविश्वासको कमजोर कर लेते हैं। तकनीक अपने आपमें न अच्छी है और न बुरी, उसका उपयोग किस उद्देश्यसे किया जा रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियोंको डिजिटल साधनोंका इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने, नयी क्षमताएं विकसित करने और रचनात्मक कार्योंके लिए करना चाहिए। उन्हें यह भी सीखना होगा कि इंटरनेटपर उपलब्ध प्रत्येक जानकारी सत्य नहीं होती। तथ्योंकी जांच करना, विश्वसनीय स्रोतोंको पहचानना और अपनी स्वतंत्र सोच विकसित करना आजकी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं।

मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षाका दबाव- विद्यार्थियोंके सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियोंमेंसे एक मानसिक दबाव भी है। अच्छे अंक प्राप्त करने, प्रतियोगी परीक्षाओंमें सफल होने और मनचाहा करियर चुननेकी दौड़में कई विद्यार्थी तनावका सामना करते हैं। कुछ मामलोंमें अभिभावकोंकी अत्यधिक अपेक्षाएं और समाजमें सफलताकी सीमित परिभाषा इस दबावको और बढ़ा देती है। यह समझना जरूरी है कि प्रत्येक विद्यार्थीकी रुचि, क्षमता और सीखनेकी गति अलग होती है। सभी विद्यार्थियोंसे एक जैसी उपलब्धियोंकी अपेक्षा करना उचित नहीं है। किसीकी रुचि विज्ञानमें हो सकती है तो कोई साहित्य, संगीत, खेल, कला या उद्यमितामें बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों और शिक्षकोंको विद्यार्थियोंकी तुलना दूसरोंसे करनेके बजाय उनकी व्यक्तिगत प्रगतिपर ध्यान देना चाहिए। फिलहाल विकसित भारतका सपना युवा पीढ़ी ही साकार करेगी।

आत्मबोध

ध्यानकी प्रक्रिया

❒ ओशो

ध्यानका अर्थ है, एक ऐसी अवस्था, जब जाननेको कुछ भी नहीं बचा। सिर्फ जानने वाला ही बचा। उससे छुटकारेका कोई उपाय नहीं है। लाख भागो पहाड़ोंपर और रेगिस्तानोंमें, चांद-तारोंपर, लेकिन तुम्हारा जानने वाला तुम्हारे साथ होगा। क्योंकि वह तुम हो, वह तुम्हारा अस्तित्व है। रोज घड़ीभर, कभी भी सुबह या सांझ या दोपहर, इस अनूठे आयामको देना शुरू कर दो। बस आंख बंदकर बैठ जाओ। जब मैं कहता हूं कि घड़ी आधा घड़ीको आंख बंद करके बैठ जाओ तो तुमसे मैं यह कहा रहा हूं कि घड़ी आधा घड़ीको दूसरोंको भूल जाओ। चौबीस घंटे पड़े हैं। तेईस घंटे सारे संसारको दे दो, बाजारको दे दो, दुकानको दे दो, मकानको दे दो, जिसको देना हो, उसको दे दो। लेकिन क्या तुम इतने भी अधिकारी नहीं हो कि एक घंटा अपने लिए बचा लो। शायद चौबीस घंटा बचाना बहुत मुश्किल है एक घंटा बचाना आसान हो सकता है। फिर मैं तुमसे यह भी नहीं कहता कि इस घंटेको बचानेके लिए तुम हिमालयकी किसी गुफामें बैठो। तुम्हारा घर पर्याप्त है और सबसे ज्यादा आसान जगह है। क्योंकि वहां जो भी है, उससे तुम्हें परिचय है और एक घंटेके लिए उस सबको भूल जाना कठिन नहीं है। आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, जल्दी ही वह घड़ी आ जाती है कि तुम चुपचाप बैठे ही रहते हो। मूर्तियां आयंगी, मत रस लेना उनमें, न पक्षमें और न विपक्षमें। आने देना और जाने देना। रास्ता है, मनकी राह है, चलती है। तुम राहके किनारे बैठे देखते रहना और तुम चकित होओगे, इस जीवनके सबसे बड़े रहस्यसे चकित होओगे कि यदि तुम साक्षी भावसे, जैसे तुम्हें कुछ लेना-देना नहीं कौन जा रहा है, कौन आ रहा है, तुम गुमसुम चुपचाप सड़कके किनारे बैठे ही रहना। जल्दी ही वह घड़ी आ जायगी कि यह रास्तेकी भीड़ कम होने लगेगी, क्योंकि इस भीड़के रास्तेपर होनेका कारण है, तुमने इसे निमंत्रण दिया है। तुमने अबतक इसका स्वागत किया है। यह बिना बुलाई नहीं है और जब यह देखेगी कि तुम इतनी उपेक्षासे भर गये हो कि तुम लौटकर भी नहीं देखते, कौन आया, कौन गया, अच्छा था या बुरा, सुंदर था या कि असुंदर, अपना था कि पराया, यह भीड़ धीरे-धीरे विदा होने लगेगी। ध्यानकी प्रक्रिया बड़ी सरल है।

नये युगमें पुलिसकी विशेष भूमिका

❒ अजय सिंघल

नब्बेके दशकमें, एक ट्रेनी आईपीएस अधिकारीके तौरपर जब मैं पहली बार किसी थानेमें गया तो मुझे आज भी अच्छेसे याद है कि वहां मुंशी हैड कांस्टेबलके हाथसे लिखा रोजनामचा (रजिस्टर), टेबलपर रखा काले रंगका भारी-भरकम डायल वाला लैंडलाइन फोन, जिसकी रिंगटोन अपनी मर्जीसे सुनाई देती और फील्डमें जानेको तैयार कुछ बीट कांस्टेबल। तब पुलिस दक्षता इस बातसे आंकी जाती थी कि पुलिस कितनी जल्दी मौकेपर पहुंची और कितने लोगोंको गिरफ्तार किया।पर बीते तीन दशकोंमें अंग्रेजोंके जमानेकी पुलिसके मॉडलका नजरिया पूरी तरहसे बदल गया। सरकारने अंग्रेजोंकी गुलामीके जमानेके सीआरपीसी १८६१ जैसी अपराधकी धाराओंको बदल १ जुलाई, २०२४ से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) जैसे तीन नये आपराधिक कानून लाकर देशकी कानून व्यवस्थामें एक क्रांतिकारी बदलाव किया।

साथ ही टैक्नोलॉजी आधारित नये दौरकी पुलिसने जन-सुरक्षाको और अधिक मजबूत करनेकी दिशामें खुफिया जानकारी, डाटा और सामुदायिक जरूरतोंका लक्ष्य नये सिरेसे तय किया कि अपराधियोंपर काररवाईके अलावा पुलिसको अपराध घटित होनेसे पहले ही कैसे रोकने हैं। परम्परागत पुलिसिंग अब टैक्नोलॉजी आधारित अपराध निवारककी भूमिकाकी ओर तेजीसे बढ़ रही है। हरियाणामें ११२ डायल करके कोई भी व्यक्ति इस एक नंबरसे ही पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवाओंतक पहुंच सकता है। इस नंबरपर हर साल ५० लाखसे ज्यादा आने वाली कॉल्ससे पुलिसकी शहरों और गांवोंमें पहुंच औसत सात मिनटमें संभव हुई है। रातके अंधेरेमें जब कोई अकेली महिला खतरेके सायेमें अपने मोबाइल फोनपर दुर्गा शक्ति ऐप बटन दबाती है तो उसकी मौजूदा लोकेशन पुलिसके कमांड सैंटरको जाती है। यह घरसे दूर एक कामकाजी महिलाकी सुरक्षाके लिए टैक्नोलॉजी आधारित एक अनूठी पहल है।

हैल्पलाइन १९३० पुलिस अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियोंके साथ जुड़ी है, जहां साइबर अपराध संबंधी हर दिन करीब ५००० काल आती हैं और बैंक खातेसे पैसा निकलनेसे पहले संदिग्ध ट्रांसफर फ्रीज कर दिया जाता है। साइबर फ्रॉडके मामले रोकनेमें देशमें अव्वल हरियाणामें करीब ४० फीसदी पैसा साइबर फ्रॉड पीड़ितोंको वापस दिलाया गया है। एक लाख रुपयेसे अधिकके साइबर फ्रॉड वाली किसी भी आनलाइन शिकायतपर अपने आप जीरो एफआईआर थानेके क्षेत्राधिकारकी बाधाके बिना देशके किसी भी इलाकेमें दर्ज हो रही है। हरियाणा पुलिसका 'अभेद्य' ऐप अब अज्ञात अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली फोन कॉलको संबंधित लोगोंतक पहुंचनेसे पहले ही रोकता है। दोहरा ओटीपी नंबर, संदिग्ध यूपीआई लेन-देनको ब्लॉक करता है, जिससे 'डिजिटल अरैस्ट' जैसे घोटालेपर अंकुश लगाया जा रहा है। ईगल ऐपसे ड्यूटीपर तैनात पुलिस अधिकारी हिरासतमें लिये किसी व्यक्तिके चेहरेकी तुरन्त तुलना अपराधियोंके डाटाबेससे कर फर्जी लोगोंको पकड़ सकता है।

राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) अपराध स्थलसे मिले धुंधले फिंगरप्रिंटको कुछ ही सैकेंडमें राष्ट्रीय रिकॉर्डमें मौजूद एंट्रीसे मिलान करते हैं। स्मार्ट ई-बीट जीपीएससे पुलिस फोर्सकी गश्त दर्ज होती है, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नैटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) पुलिस थानोंको अदालतों, जेलों और फॉरेंसिक सुविधाओंसे जोड़ता है। ई-साक्ष्य सुनिश्चित करता है कि अपराध स्थलका सुबूत बिना बदले असल हालतमें अदालततक सुरक्षित पहुंचे। यहांतक कि गुमनाम लोगोंको भी अब नाम मिल रहा है। एआई सहायक व्यवस्था अज्ञात शवोंके चेहरे और फिंगरप्रिंटको लापता व्यक्तियोंके डाटाबेससे मिलाती है, जिससे सालोंसे गुम अपनोंका इंतजार कर रहे परिवारोंको सुकून मिलता है। पुलिसके डिजिटल डैशबोर्ड दिखाते हैं कि कहां शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं, ताकि संबंधित पुलिस कर्मीकी जवाबदेही तय हो।

दुर्घटनाका डाटा 'हीट मैप' में बदल गया है, जो इंजीनियरोंको दिखाता है कि कहां किसी सड़कके तीखे मोड़को नये सिरेसे डिजाइन करना है, ताकि दुर्घटनाके समय 'गोल्डन ऑवर' घटानेमें मदद मिले। मोटरवेपर नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगातार स्थितिपर नजर रखते हैं और भागने वाले वाहनोंका ट्रैकिंग रिकॉर्ड भी बनाते हैं। 'हरसमय' नामका पोर्टल नागरिकोंको एफआईआरकी कॉपी या सत्यापन प्रमाणपत्रके लिए लम्बी लाइन लगानेमें लगनेसे बचाता है, थानेके काऊंटरपर क्यूआर कोड फीडबैक हर नागरिकको अपनी राय सांझी करनेका मौका देता है। पुलिसकी कार्यशैलीमें बड़ा सुधार सर्वर रूम या किसी सॉफ्टवेयरसे कहीं आगे पुलिसके मानवीय व्यवहारपर टिका है। तेजीसे बदलती दुनियामें नये दौरकी पुलिसका प्रदर्शन केवल इस बातसे नहीं आंका जा सकता कि पुलिसने टैक्नोलॉजी आधारित कितने ऐप लांच किये, बल्कि पुलिसकी दक्षता इस बातसे आंकी जा रही है कि कितने अपराध होनेसे पहले ही रोक दिये गये।

(लेखक हरियाणामें पुलिस महानिदेशक हैं।)

पृष्ठ 3 के शेष

यूपी पुलिस के 32,679 पदों का अंतिम ...

महिला बटालियन के लिए महिला आरक्षी के 2,282, आरक्षी घुड़सवार पुलिस के 71, जेल वार्डर (पुरुष) के 3,279 और जेल वार्डर (महिला) के 106 पद शामिल हैं। कुल चयनित अभ्यर्थियों में 4,481 महिलाएं भी शामिल हैं।भर्ती बोर्ड ने 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में छह पालियों में लिखित परीक्षा आयोजित की थी। लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर 76,184 अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट्स की जांच एवं शारीरिक मानक परीक्षा (डीवी/पीएसटी) के लिए चयनित किया गया। यह प्रक्रिया 17 से 31 अगस्त तक चली। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) 1 से 11 अक्टूबर तक आयोजित की गयी।

हर ट्रेन टिकट पर इंश्योरेंस ...

रेलवे की 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू नहीं होने को जिम्मेदार ठहराया था। याचिका में सभी ट्रेनों में इस प्रणाली को जल्द लागू करने का निर्देश देने की मांग भी की गयी थी। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े दूसरे मुद्दों पर भी ध्यान दिया। इनमें रेलवे के फुट ओवरब्रिज, पटरियों के आसपास बाड़ लगाने और काउंटर से खरीदे जाने वाले टिकटों पर बीमा की सुविधा न होने जैसे मुद्दे शामिल हैं। बीमा के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने अधिकारियों को उन आर्थिक रूप से कमजोर यात्रियों के लिए बीमा की व्यवस्था तैयार करने का पर्याप्त समय दिया है जो अक्सर रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर से टिकट खरीदते हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। इसलिए निर्देश दिया जाता है कि 27 अक्टूबर 2026 से सभी रेलवे स्टेशनों पर काउंटर से बेचे जाने वाले टिकटों पर भी ऑनलाइन खरीदे गए टिकटों की तरह बीमा की सुविधा अनिवार्य रूप से दी जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस आदेश को लागू करना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर रेलवे बोर्ड को सीधे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

सपा के 3 बागी विधायक भाजपा ...

से पहले इसे अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी के जिन विधायकों ने भाजपा ज्वाइन किया है उनके नाम अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। अमेठी में एक समारोह में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में तीनों विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी से भाजपा में शामिल होने वालों में विधायक, गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। इस मौके पर यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीयत और नीति में खोट है। इस कारण ही तीनों विधायक ने अखिलेश यादव को टाटा-बाय-बाय बोला है। सपा में और भी कई लोग हैं जिन्हें तुष्टीकरण और जाति की राजनीति से घुटन महसूस कर रहे हैं और वो भी वापस निकलने की कोशिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव को आत्म मंथन की जरूरत है, उन्हें जनता के मिजाज को समझने की जरूरत है।

जर्मनी में इमारत में आग से तीन भारतीयों ...

से तीन लोगों के शव बरामद किए गए। मृतकों में 25 और 27 वर्ष की दो महिलाएं तथा 26 वर्षीय एक पुरुष शामिल हैं। तीनों भारतीय नागरिक थे। हालांकि, उनकी पहचान और भारत में उनके गृह राज्यों की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गयी है। आग की चपेट में आने और धुएं के कारण पांच अन्य लोग भी घायल हुए। उन्हें उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

पशुधन विभाग भर्ती घोटाले में रिटायर्ड ...

परीक्षा 2 फरवरी 2014 को हुई। इसमें 1005 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। उन्हें ट्रेनिंग दी गयी। जॉइन करवाया गया। भर्ती के बाद 34 अभ्यर्थियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में गड़बड़ी के आरोप लगाए। लिखित परीक्षा के लिए 80 और इंटरव्यू के लिए 20 नंबर तय थे। आरोप था कि इंटरव्यू में दिए गए नंबरों के जरिए कुछ अपात्र अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया गया। भर्ती नियमों का उल्लंघन किया गया। हाईकोर्ट के आदेश पर 17 दिसंबर 2017 को जांच एसआईटी को सौंपी गयी। 2018 में एसआईटी ने जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को सौंपी। रिपोर्ट में कई अधिकारियों के खिलाफविभागीय कारवाई की सिफारिश की गयी। 2019 में तत्कालीन निदेशक रहे चरण सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया। 29 जुलाई 2021 को 28 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी। जांच एजेंसियों ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और परीक्षा कराने वाली संस्था की भूमिका की भी जांच की गयी। मामले में तत्कालीन पशुधन विकास मंत्री राजकिशोर सिंह की भूमिका भी जांच के दायरे में आई थी। हालांकि, फिलहाल भर्ती निरस्त नहीं की गयी, जिन लोगों की जॉइनिंग करायी गयी वे आज भी नौकरी कर रहे हैं। डीजी ईओडब्लयू जय नारायण सिंह ने बताया कि परीक्षा के बाद नियुक्तियां मंडल स्तर पर होनी थी, लेकिन सारी ओएमआर शीट मुख्यालय मंगा ली गयी। यहीं पर शीट में खेल किया गया। पात्र अभ्यर्थियों को नुकसान और अपात्र अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया गया। मंडलीय चयन समितियों के अधिकारों को खत्म कर रायबरेली के जिस फिरोज गांधी इंस्टिट्यूट को ओएमआर शीट जांचने की जिम्मेदारी दी गयी उसे इसका कोई अनुभव नहीं था। मामले में डायरेक्टर, एडिशनल डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले में अब तक 25 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। मामले में तत्कालीन मंत्री भी प्रमुख सचिव के बराबर के दोषी हैं। अभियोजन को सरकार से मंजूरी मिलने के बाद उनकी भी गिरफ्तारी की जायेगी।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 26/48 दिनांक 13.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	70263502	पेंट इनेमल जेंटियन ब्लू	124973 लीटर	10.11.2026
2	70262680	डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेज़िन	25897 नग	10.11.2026
3	70263044	इलेक्ट्रोड होल्डर टाइप ए-600 एम्पियर	13862 नग	10.11.2026
4	6326RGC07A	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ पीएससी स्लीपर ऑफ डिफरेंट आरडीएसओ ड्राविंग नं0 टी-4865, टी-4218, टी-6068 & टी-8970-	26855.00 सेट	16-NOV-26
5	6326RGC18	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ एचवीएन-इन्सुलेटिंग लाइनर फॉर यूज विथ वाइडर पीएससी स्लीपर टू ड्राविंग नं0 आरडीएसओ/टी-8746 सूटेबल फॉर 60 केजी (यूआईसी)/60ई1 एंड 52 केजी रेलस (एप्लीकेबल फॉर ड्रॉविंग नं0 आरटी-8751) डीआरजीः (आरडीएसओ) आरटी 8751-53.	7763217.00 नग	25-NOV-26
6	38262870	पी यू लाईनिंग (टॉप एंड बॉटम) ऑफ सीसीपीयू साईड बियरर पैड एसेम्बली	44636 सेट	30.10.2026
7	38264244	राउण्ड हेड लॉक बोल्ट-22.22 एमएम डाया, ग्रिप रेंज- 31.75 एमएम टू 38.10 एमएम	296197 पेयर	12.11.2026
8	6326RGC15	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ 6.2 एमएम थिक कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स फॉर प्लेसिंग बेनिथ सी.आई. चेयर ऑफ एसईजे (टी-6902) ऑन कंक्रीट स्लीपर कंफर्मिंग टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0 टी-10346.	4914.00 सेट	10-NOV-26
9	6326RGC09A	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ नायलॉन कार्ड रीइन्फोर्स्ड जीआरएसपी फॉर 1 इन 12 एंड 1 इन 8.5 टर्नआउट विथ ओआरसीएस।	5317.00 सेट	02-NOV-26
10	30262643	स्टेनलेस स्टील वॉश बेसिन	1348 नग	03.11.2026
11	40263188	सेट ऑफ 120 AH VRLA बैटरीज	473 सेट	02.11.2026
12	20263467	आयल कूलर रेडियेटर फॉर कनवर्टर/ ट्रांसफार्मर	22 नग	05.11.2026
13	40261323	BLDC फैन	4353 नग	12.11.2026

नोटः- उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। 2331/26 (PH)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

हवलदार के पास मिली 6.26 करोड़ ...

जमीनों और प्लॉटों के मामलों में हस्तक्षेप करता है। उस पर अन्य लोगों के माध्यम से जमीनों का लेन-देन करने, संपत्ति में निवेश करने, परिवार के सदस्यों और एक परिचित महिला के नाम पर संपत्तियां खरीदने, कई वाहन रखने और लकड़ी का कारोबार करने के आरोप भी हैं।एसपी राजेश सहाय के मुताबिक, फिरोज खान को वेतन से करीब 75 लाख रुपये की आय होना अनुमानित किया गया है। अन्य स्रोतों से होने वाली आय जोड़कर उसकी कुल आय 1.93 करोड़ रुपये आंकी गयी है। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी की मां और पत्नी के नाम पर साहिल ट्रेडिंग कंपनी नाम की फर्म है। इस फर्म के खाते में करोड़ों रुपए का लेन-देन हुआ है। वहीं, आरोपी की परिचित रोशनी वर्मा द्वारा रोशनी सेल्स एंड सर्विस नाम से फर्म संचालित किए जाने की जानकारी भी मिली है। जमीनों की खरीद में उनकी भूमिका सामने आने के बाद लोकायुक्त ने उन्हें भी आरोपी बनाया है। जांच में यह भी पता चला है कि फिरोज खान ने रॉयल ग्रीन रियल एस्टेट नाम की फर्म के माध्यम से रियल एस्टेट में निवेश किया है। जांच में सांवेर तहसील के ग्राम गुरान में करीब 21.75 बीघा कृषि भूमि से जुड़ा मामला भी सामने आया है। इस जमीन को लेकर शिकायतकर्ता के पुत्र और उसके पिता के बीच विवाद है। आरोप है कि इस विवाद का फायदा उठाकर फिरोज खान ने अपनी परिचित रोशनी वर्मा के नाम पर शिकायतकर्ता के पिता से कृषि भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवाया।

चुनाव आयोग को सुप्रीमकोर्ट से ...

दस्तावेजों और रिकॉर्ड की उपलब्धता को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अदालत ने आयोग से कहा कि अगली तारीख तक उसके पास जो भी रिकॉर्ड उपलब्ध हैं, उन्हें पेश किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि यदि अगली सुनवाई पर संबंधित रिकॉर्ड पेश नहीं किए गए, तो अदालत आयोग के खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकती है। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के कमजोर बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे। गौरतलब है कि चुनावी विवादों में मतगणना और री-काउंटिंग से जुड़े दस्तावेज महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकते हैं। ऐसे रिकॉर्ड से यह समझने में मदद मिल सकती है कि दोबारा मतगणना की प्रक्रिया कैसे पूरी की गयी और उससे जुड़े नियमों का पालन हुआ या नहीं।

रेल कर्मियों को 78 दिन का ...

गयी है। इससे 40 प्रतिशत विकलांगता वाले व्यक्ति भी पेंशन के हकदार होंगे। साथ ही, दिव्यांगजनों को जन्म से ही पेंशन योजना के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया है। सरकार के इस कदम से पेंशन पाने के पात्र लोगों की संख्या बढ़ेगी और दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। ये फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। सरकार ने वर्ष 2031 तक देश में सामाजिक सुरक्षा के दायरे के विस्तार के लिए 53,428 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया है। वैष्णव ने बताया कि दिव्यांगता के आधार पर पेंशन की पात्रता सीमा में 40 प्रतिशत तक की कमी से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी, जो अब तक निर्धारित मानक पूरा नहीं करने के कारण इस लाभ से वंचित रह जाते थे। जन्म से दिव्यांग व्यक्तियों को योजना में शामिल करने के फैसले से भी सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और नए कारोबारियों को वित्तीय सहायता के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार के अनुसार, इस कदम से बैंक और वित्तीय सेवा क्षेत्र में नयी पूंजी आने तथा निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने और नये अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत होगी। आईडीबीआई बैंक के पुनर्गठन से छोटे उद्योगों, नये उद्यमियों, सेवा क्षेत्र और कारोबार का विस्तार करने वाले व्यवसायों को मदद मिल सकती है। इससे वित्तीय सेवा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मिलकर आईडीबीआई बैंक में 34 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेंगे। सरकार को उम्मीद है कि पुनर्गठन से बैंक की वित्तीय स्थिति और विकास क्षमता को मजबूती मिलेगी।

मेरठ नीला ड्रम हत्याकांड में मुस्कान व साहिल को ...

जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। न्यायाधीश ने सजा सुनाने से पहले दोनों का पक्ष जाना। बताया गया कि इस दौरान साहिल खामोश रहा, जबकि मुस्कान रोने लगी। उसने न्यायाधीश से अपनी बच्चियों का ख्याल रखने की गुहार लगायी। सरकारी वकील ने अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए सख्त सजा की मांग की। इसके बाद अदालत ने दोनों को मृत्युदंड सुनाया। फैसले से संबंधित जुर्माने और अन्य कानूनी विवरणों की पुष्टि आधिकारिक आदेश से की जानी चाहिये। मेरठ के इस चर्चित हत्याकांड की घटना तीन मार्च 2025 की रात की बतायी गयी थी। सौरभ राजपूत मर्चेंट नेवी में काम कर चुके थे। वर्ष 2016 में उनकी शादी मुस्कान रस्तोगी से हुई थी। बाद में मुस्कान के साहिल शुक्ला के साथ प्रेम संबंध होने की बात सामने आई थी। अभियोजन के मुताबिक, मुस्कान और साहिल ने मिलकर सौरभ की हत्या की साजिश रची। आरोप था कि पहले सौरभ को खाने में नशीला पदार्थ दिया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गयी। इसके बाद शव के टुकड़े किये गये, ताकि अपराध को छिपाया जा सके। हत्या के बाद आरोपियों ने सौरभ के शव के पांच टुकड़े किये और उन्हें मेरठ के ब्रह्मपुरी इलाके स्थित मकान में रखे प्लास्टिक के नीले ड्रम में डाल दिया। आरोप है कि शव को छिपाने के लिए ड्रम में सीमेंट और रेत का घोल भरकर उसे सील कर दिया गया था। घटना के करीब 14 दिन बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया था। शव को छिपाने के लिए अपनाए गए तरीके के कारण इस वारदात ने देशभर में लोगों का ध्यान खींचा था। इसके बाद मामले की जांच और अदालती कार्यवाही लगातार चर्चा में रही।

जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना अपराध ...

कहा कि इस विरोध में न धर्म का भेद है, न जाति का और न ही महिला-पुरुष का। उन्होंने छात्रों से घटनाओं के वीडियो सबूत के तौर पर सुरक्षित रखने और उन्हें भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामला समाप्त होने पर इन सबूतों के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी, ज्ञानेश कुमार, अमित शाह या छात्रों पर हाथ उठाने वाले पुलिसकर्मियों सहित दोषियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पुलिस पर कई आरोप भी लगाये।

यूपी में 7 आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शासन ने सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार अधिकारियों को नयी जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं। इस फेरबदल में धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक पंचायती राज बनाया गया है, जबकि आजमगढ़ और आगरा में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) समेत अन्य पदों पर भी बदलाव किया गया है। शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार, विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर तैनात धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया है। वहीं, आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल को विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। मुजफ्फरनगर के मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण को आजमगढ़ का सीडीओ बनाया गया है। आगरा मंडल के अपर आयुक्त राजेश कुमार को विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आगरा के सीडीओ पद पर तैनात प्रतिभा सिंह को अपर आयुक्त, आगरा मंडल बनाया गया है। कानपुर देहात में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के पद पर तैनात अमित कुमार को मुख्य विकास अधिकारी, आगरा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं, राजस्व परिषद, प्रयागराज में सदस्य (न्यायिक) के पद पर तैनात देवेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा को प्रतीक्षारत रखा गया है।

पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक ने ईसीआई को दी सलाह

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने कहा है कि चुनाव आयोग बड़े पैमाने पर विवाद का सामना कर रहा है। उन्होंने ईसीआई से अपील की कि वह एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच जनता का भरोसा फिर से हासिल करें। लवासा ने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि लोग चुनाव आयोग को निष्पक्ष मानें। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अशोक लवासा ने कोलकाता में एक सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि अगर लोगों को लगता है कि अंपायर निष्पक्ष नहीं है तो वे जीतने वाली टीम की जीत पर भी सवाल उठायेंगे। लवासा की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब विपक्षी पार्टियां वोट चोरी के खिलाफ अपना विरोध तेज कर रही हैं और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही हैं। हाल के दिनों में विपक्षी नेता सड़कों पर उतरे हैं और नई दिल्ली में पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई है। लवासा ने कहा कि चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता और लोगों का भरोसा फिर से हासिल करना चाहिए। भारत का चुनाव आयोग, जिसका दर्जा बहुत ऊंचा है और शायद सभी सरकारी संस्थाओं में ऊंचा है, आज विवादों में घिरा है और लोग विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने सदस्यों के बीच मतभेदों की खबरों पर कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया है। लवासा ने कहा कि कुछ प्रेस बयान जारी किए गए हैं, लेकिन उनसे जवाब मिलने के बजाय और ज़्यादा सवाल और संदेह पैदा होते हैं।

समाचार सार

एअर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान को हाईजैक किये जाने की सूचना के बाद जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की जांच के बाद यह बात अफवाह निकली। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई2030 के बारे में अहमदाबाद और ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सुबह 9.05 बजे इमरजेंसी अलर्ट मिला था इसके बाद विमान को जयपुर डायवर्ट कर वहां इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। विमान ने मंगलवार रात 10.45 पर उड़ान भरी थी। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट प्रोटोकॉल के साथ ही जयपुर पुलिस का बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड और कई अन्य टीम भी एयरपोर्ट पहुंच गयीं।

पैक्ड पानी की गुणवत्ता पर एफएसडीए की सख्ती

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा) । बोतल बंद पानी की शुद्धता को लेकर उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में नयी इकाइयों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रमाणन मिलने के बाद ही राज्य में खाद्य सुरक्षा लाइसेंस या पंजीकरण जारी किया जाएगा। पहले से संचालित सभी इकाइयों को 31 मार्च 2027 तक प्रमाणन प्राप्त करना होगा। तय समयसीमा तक प्रमाणन नहीं लेने वाली इकाइयों का लाइसेंस या पंजीकरण निलंबित रहेगा और उत्पादन बंद रहेगा। जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने यह आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश की सीमा में तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है। प्रदेश में संचालित केंद्रीय लाइसेंस प्राप्त विनिर्माण इकाइयां भी इसके दायरे में होंगी।

चिप उद्योग में घरेलू इकोसिस्टम जरूरी-वैष्णव

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि चिप उद्योग में तकनीकी संप्रभुता हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों के घरेलू उत्पादन और प्रसंस्करण की क्षमता विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों, गैसों और सब्सट्रेट्स की आपूर्ति के लिए कुछ देशों पर निर्भरता भारत की बड़ी कमजोरियों में से एक है। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में वैष्णव ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन अब चिप निर्माण और असेंबली से आगे बढ़कर एक व्यापक औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है।

एसआईआर पर ओवैसी की पुनर्विचार याचिका दाखिल

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के 27 मई, 2026 के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। उन्होंने एसआईआर लागू करने के लिए चुनाव आयोग की ओर से जारी आदेशों को रद्द करने की भी मांग की है। याचिका में चुनाव आयोग के फैसले लेने की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का हवाला दिया गया है। इसमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों ने करीब 10 महीने में कम से कम 14 मौकों पर ऐसे फैसलों पर आपत्ति जतायी, जिन्हें कथित तौर पर उनकी मंजूरी के बिना लिया गया था।

बाढ़ प्रभावित गांवों में नगर विकास मंत्री ने किया निरीक्षण

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा) । योगी सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने और लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने लखनऊ के मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सैंथा और आसपास के गांवों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों, साफ-सफाई और प्रभावित नागरिकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

गड्ढा मुक्त करने के लिए सड़कों की होगी मरम्मत

लखनऊ, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। योगी सरकार में संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं गड्ढा मुक्त कार्यों को गति प्रदान करने के लिए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने लगभग 477 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इस धनराशि से प्रदेश के 18 मंडलों में 1,111 संपर्क मार्गों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जायेगा। इन मार्गों की कुल लंबाई लगभग 1,714 किलोमीटर है। इससे किसानों को अपनी उपज कृषि मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा। संपर्क मार्गों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण से कृषि उपज से लदे वाहनों की आवाजाही बेहतर होगी।

शांति के बिना चीन से रिश्ते सामान्य होना संभव नहीं— जयशंकर

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों को लेकर देश का रुख फिर पूरी तरह स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता का बना रहना सबसे प्राथमिक और अनिवार्य शर्त है। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में जयशंकर ने कहा कि सीमा पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या तनाव का सीधा असर दोनों देशों के द्विपक्षीय, व्यापारिक और आर्थिक संबंधों पर पड़ेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने उल्लेख किया कि वर्ष 2024 के बाद से एलएसी पर स्थिति में सुधार आया है और उसी अनुपात में दोनों देशों के रिश्तों में भी धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे है।

अतीक के कब्जे से मुक्त जमीन पर भूमिपूजन करेंगे योगी

प्रयागराज, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा) । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आयेंगे। इस दौरान वह शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कसारी-मसारी क्षेत्र में माफिया अतीक अहमद और उसके गुर्गों के कब्जे से मुक्त करायी गयी सरकारी जमीन पर प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय परियोजना पद्म लोक अपार्टमेंट का भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही पीपलगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के 556 लाभार्थियों को आवासों की चाबी सौंपेंगे।

गेटफाइव के 500 करोड़ रुपये के फंड को सेबी की मंजूरी

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। गेटफाइव फंड्स के 500 करोड़ रुपये के 'गेटफाइव अपॉर्चुनिटी फंड-द्वितीय' को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गयी है। श्रेणी-1 के वैकल्पिक निवेश फंड के तहत यह राशि भारत की तेजी से बढ़ती लघु एवं मध्यम आकार की कंपनियों (एसएमई) में निवेश की जायेगी। फंड का लक्ष्य रक्षा, एयरोस्पेस, डीप-टेक, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, वित्तीय सेवाओं, कृषि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों की उभरती कंपनियों को पूंजी उपलब्ध कराना है। इसमें टियर-1 शहरों के साथ टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों की कंपनियों पर भी ध्यान दिया जायेगा। गेटफाइव फंड्स के प्रबंध निदेशक श्रीकांत गोयल ने कहा कि अगले तीन से चार वर्षों में करीब 400 एसएमई कंपनियों के बीएसई एसएमई और एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

इंडिगो विमान में पावरबैंक पर रोक

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पावरबैंक से आग लगने की घटना के बाद मोबिकिन्स के एमके-पीबी-04 मॉडल को भारत की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रविवार को दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की उड़ान में पावरबैंक से आग लगने के बाद विमान का मार्ग बदलकर हैदराबाद ले जाना पड़ा था। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इस मॉडल को यात्रियों के साथ या कार्गो के रूप में विमान में ले जाने से रोकें और यात्रियों को इसकी जानकारी दें। यह प्रतिबंध केवल संबंधित मॉडल पर लागू है, सभी पावरबैंक पर नहीं। मौजूदा नियमों के तहत पावरबैंक और अतिरिक्त बैटरियां केवल हैंड बैगेज में ले जाने की अनुमति है।

आज का राशिफल

मेष-पैसे के लेन-देन में अनुकूलता रहेगी। प्रियजनों से भेंट होगी। कार्यों में लाभ होगा।

वृष-दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। सम्पत्ति संबंधी कार्यों में प्रगति होगी। लाभ होगा।

मिथुन-विपरीत स्थिति में सुधार होगा। बकाये धन की वसूली होगी। संतान सुख मिलेगा।

कर्क-स्वास्थ्य सुख मिलेगा। आपसी सदभाव में कमी आयेगी। परिश्रम करना होगा।

सिंह-आर्थिक स्थिति संतुलित होगी। कृषि में प्रगति होगी। सामान्य लाभ होगा।

कन्या-आर्थिक निवेश लाभदायक होगा। आजीविका के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता होगी।

तुला-व्यवस्थिति दिनचर्या रहेगी। खान-पान पर विशेष ध्यान दें। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक-समस्याओं का समाधान होगा। विवादों पर विशेष ध्यान दें। सबकी सहमति से कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु-प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सुख मिलेगा।

मकर-बेचैनी एवं अस्थिरता रहेगी। परेशानी होगी। आकस्मिक यात्रा का योग है।

कुम्भ-आर्थिक क्षेत्र में प्रगति होगी। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। भौतिक सुख मिलेगा।

मीन-स्वास्थ्य उत्तम होगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद होगा।

fun

एक बार चम्पू बाज़ार से कपड़ा खरीदने गया, दुकान पर पहुंच कर।
चम्पू– शर्ट का कपड़ा दिखाइये।
दुकानदार - सर, प्लेन में दिखाऊं?
चम्पू - नहीं हेलीकॉप्टर में दिखा। हरामखोर,
बंदर की औलाद। मुझे क्या बंदर समझ रखा है, दिखा नहीं कि मजाक शुरू।

....

पति और पत्नी कहीं जा रहे थे।
तभी एक भिखारी वहां से गुजरा और आवाज लगाई-
'ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को 5 रूपए दे दे।'
पति ने पत्नी की तरफ देखा और बोला-
'दे दो, बेचारा वाकई अंधा है।'

....

शॉन्टी मोबाइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया।
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
शॉन्टी- कार्टून नेटवर्क!

....

तेज बारिश में आधी रात को टिंकू पिज्जा लेने गया।
दुकानदार- आप शादीशुदा हो?
टिंकू गुस्से में बोला- ऐसे तूफान में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी।

अपने मौलिक चुटकुले हमें एसएमएस द्वारा मोबाइल नं. 9936698337 पर भेज सकते हैं।

ब्रेन टीजर्स - SUDOKU

सुडोकू-4060

2						9		
			9					4
			3	4	2	6	5	
5					6	4		
3	8						1	9
		7	5					8
	1	2	7	9	3			
7					4			
		3						2

सुडोकू : सुडोकू गणना का खेल है। यह 81 वर्गों का ग्रिड है जो 9 वर्गों के 9 ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों में संख्यायें लिखी हुई हैं, खाली पड़े वर्गों में 1 से 9 तक की संख्यायें भरनी हैं, पर ध्यान रखना होगा कि कोई भी संख्या दोबारा नहीं भरनी हैं यानी एक पंक्ति या कालम में कोई भी संख्या दोबारा नहीं भरनी है। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जायेगा।

सुडोकू- 4059 का उत्तर

6	1	5	9	2	3	4	7	8
8	3	9	4	7	6	1	2	5
2	7	4	8	1	5	3	6	9
5	9	7	2	8	4	6	3	1
1	2	6	3	5	7	8	9	4
4	8	3	6	9	1	2	5	7
3	6	8	7	4	9	5	1	2
7	4	1	5	3	2	9	8	6
9	5	2	1	6	8	7	4	3

यदि आज है आपका जन्मदिन

वर्ष के प्रारम्भ में शासन से लाभ होगा। मित्र अथवा भाई का सहयोग मिलेगा। नौकरी मे उल्लास होगा। लाभप्रद समय होगा। धार्मिक कार्यों में संलग्नता होगी। वर्ष के मध्य में कार्यों में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य गड़बड़ होगा। स्वजनों से मतभेद होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। परेशानियों में वृद्धि होगी। वर्ष के अन्त में वरिष्ठ अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ वाद-विवाद होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भोग-विलास में व्यय होगा। मेंष, सिंह और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को व्यर्थ वाद-विवाद होगा। वृष, कर्क और तुला राशि के व्यक्तियों का मानसिक तनाव दूर होगा। मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। मकर और कुम्भ राशि के व्यक्तियों को मित्रों के साथ आमोद-प्रमोद रहेगा। धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को मानसिक चिन्ता होगी। मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को चांदी का गोल कड़ा दाहिने हाथ में धारण करना चाहिए। सिंह राशि के व्यक्तियों को पांच रत्ती का माणिक तांबे में अनामिका में धारण करना चाहिए। कर्क राशि के व्यक्तियों को नौ रत्ती चन्द्रमणि चांदी में अनामिका में धारण करना चाहिए। धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को मोती सोने में अनामिका में धारण करना चाहिए।

डा. सुशील डिमरी

एचसीएल टेक का मुनाफा बढ़कर 5,132 करोड़ हुआ

मुंबई । एचसीएल टेक का दूसरी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर 5,132 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 4,235 करोड़ रुपए था। वहीं पिछली तिमाही में यह 4,624 करोड़ रुपए रहा था। यानी तिमाही आधार पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 11 फीसदी बढ़ा है। डिजिटल, इंजीनियरिंग, क्लाउड और सॉफ्टवेयर वर्टिकल में बेहतर कामकाज और ऑर्डर्स मिलने की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है।

सोना हजार रुपए सस्ता, चांदी में सपाट कारोबार

नई दिल्ली। सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को ज्यादा बदलाव नहीं दिख रहा है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में दोनों धातुओं की कीमत में मामूली बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि सराफा बाजार में सोना करीब 1000 रुपये सस्ता हुआ है। बुधवार को शुरुआती एशियाई कारोबार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं। इसकी वजह यह है कि मार्केट पार्टिसिपेंट्स अमेरिका में कंज्यूमर प्राइस डेटा का इंतजार कर रहे है।

चीन के साथ फिर संबंध मजबूत करेगा भारत

नई दिल्ली 14 अक्टूबर । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि भारत चीन के साथ अपने संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत है, हालांकि इस यात्रा का अंतिम पड़ाव अभी अनिश्चित है। 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम' में उन्होंने दोहराया कि भारत उचित शर्तों, सतत जुड़ाव और स्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के आधार पर किसी भी देश के साथ संयुक्त उद्यम के लिए तैयार है। गोयल ने स्वीकार किया कि अतीत में चीन के साथ भारत की कुछ चिंताएं रही हैं। गोयल की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 7.9 फीसदी बढ़कर 127.7 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि में भारत का निर्यात 36.62 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन से आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.62 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे व्यापार घाटा बढ़कर 99.19 अरब डॉलर हो गया, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। चीन से निवेश को लेकर भी भारत ने भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले एफडीआई के लिए नियम सख्त किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 सितंबर, 2026 को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात भी की थी।

रूस संग डीजल समझौता कर घिर गये डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन 14 अक्टूबर । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के साथ हुए डीजल आपूर्ति समझौते को लेकर द्विदलीय आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि रूस से मिलने वाला यह ईंधन वैश्विक बाजार में ऊंची कीमतों को स्थिर करने के लिए है, न कि सीधे अमेरिका के लिए। इस समझौते ने अमेरिकी कांग्रेस द्वारा रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने वाले कानून के ठीक बाद विवाद खड़ा कर दिया है। ट्रंप ने 9 अक्टूबर को 3 लाख टन से अधिक रूसी डीजल की आपूर्ति की घोषणा की, जिसके बाद कुल 18 लाख टन तक की खेपें होंगी। इन खेपों के लिए अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने अप्रैल 2027 तक रूसी डीजल पर वैश्विक प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई 14 अक्टूबर। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सबसे ज्यादा बिकवाली फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्रों में रही जिससे भी बाजार पर दबाव पड़ा। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 251.89 अंक फिसलकर 72,781.89 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.25 अंक नीचे आकर 22,622.70 के स्तर पर बंद हुआ हालांकि आईटी शेयरों में आई तेजी ने बाजार की गिरावट को कुछ हद तक रोका। सुबह के कारोबारी सत्र में निफ्टी एक बार 22,700 के महत्वपूर्ण स्तर को पार करने में सफल रहा था, लेकिन ऊपरी स्तरों पर मुनाफावसूली और बिकवाली के दबाव के चलते यह अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सका। मुनाफावसूली के चलते सूचकांक एक समय गिरकर 22,558.95 के निचले स्तर तक चला गया था, लेकिन कारोबार के आखिरी घंटों में आई हल्की खरीदारी ने बाजार को थोड़ा सहारा दिया, जिससे यह अपने दिन के निचले स्तरों से कुछ ऊपर बंद हुआ।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना प्रतिकर/ जिला जज महोदय,
जनपद–महराजगंज
मोटर दुर्घटना प्रतिकर
याचिका संख्या 153/2020
लालजी वगैरह
बनाम
सुदर्शन वगैरह

4–मनीष सिंह चौहान पुत्र राकेश सिंह चौहान निवासी साकिन मौजा 104ए/151 रामबाग पोस्ट व थाना–आर०के० नगर, कानपुर नगर, कानपुर, उ०प्र०, 308012.
(वाहन स्वामी U-P- 78 DN-5060)
विपक्षीगण

चूंकी वादी ने आप के खिलाफ वाद संस्थित किया है आप स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुद्रिष्ट है और वाद साहब के प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ है दिनांक 15–12–2026 को समय 10 बजे सुबह आहूत में दावे के उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उप संजात के दिवस को अंतिम निपटारे के लिए उपस्थित आकर अपनी जबाबदेही दाखिल करे।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर आप उपरोक्त नियत तिथि पर हाजिर न होंगे तो मुक. दमा वगैर हाजिरी में एकतरफा कर दी जाएगी। बदस्त मेरे दस्तखत व न्यायालय मोहर के दिनांक 13–10–2026 को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना प्रतिकर/ जिला जज महोदय,
जनपद–महराजगंज
मोटर दुर्घटना प्रतिकर
याचिका संख्या 152/2020
नागेन्द्र वगैरह
बनाम
सुदर्शन वगैरह

4–मनीष सिंह चौहान पुत्र राकेश सिंह चौहान निवासी साकिन मौजा 104ए/151 रामबाग पोस्ट व थाना–आर०के० नगर, कानपुर नगर, कानपुर, उ०प्र०, 308012.
(वाहन स्वामी U-P- 78 DN-5060)
विपक्षीगण

चूंकी वादी ने आप के खिलाफ वाद संस्थित किया है आप स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुद्रिष्ट है और वाद साहब के प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ है दिनांक 15–12–2026 को समय 10 बजे सुबह आहूत में दावे के उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उप संजात के दिवस को अंतिम निपटारे के लिए उपस्थित आकर अपनी जबाबदेही दाखिल करे।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर आप उपरोक्त नियत तिथि पर हाजिर न होंगे तो मुक. दमा वगैर हाजिरी में एकतरफा कर दी जाएगी। बदस्त मेरे दस्तखत व न्यायालय मोहर के दिनांक 13–10–2026 को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

सितम्बर में थोक मुद्रास्फीति में उछाल

■ खाद्य पदार्थों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ी

नई दिल्ली 14 अक्टूबर (ईएमएस)। देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सितंबर 2026 में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है, जो अगस्त में दर्ज 9.92 प्रतिशत से काफी अधिक है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों, ईंधन एवं बिजली तथा विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी ने समग्र थोक महंगाई दर को ऊपर धकेल दिया है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 8.66 प्रतिशत हो गई। इसी तरह, विनिर्मित वस्तुओं में थोक मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति 9.76 प्रतिशत के श्रृंखला के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो अगस्त में 8.37 प्रतिशत थी। ईंधन एवं बिजली की महंगाई भी 22.93 प्रतिशत से बढ़कर 25.85 प्रतिशत रही।

त्योहार में 7 लाख करोड़ के व्यापार का अनुमान

नई दिल्ली 14 अक्टूबर(ईएमएस)। देशभर में त्योहारी सीजन की धूम के साथ ही कारोबारियों के चेहरों पर भी रौनक आ गई है। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस साल नवरात्रि से लेकर दिवाली तक 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक के व्यापार का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल के मुकाबले काफी बेहतर रहने वाला है। कैट के अनुसार इस साल त्योहारी सीजन के दौरान देशभर में 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा पिछले साल के करीब 6.05 लाख करोड़ रुपए (जिसमें 5.40 लाख करोड़ का सामान और 65,000 करोड़ की सेवाएं शामिल थीं) के मुकाबले 15 से 18 फीसदी अधिक होगा। कैट के एक अ?धिकारी ने बताया कि बाजार में अच्छी मांग के चलते यह वृद्धि संभव है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में दुर्गा पूजा की शुरुआत हो चुकी है, वहीं उत्तर भारत में नवरात्रि से लेकर दिवाली तक खरीदारी का सिलसिला तेज होने की संभावना है। करवा चौथ, धनतेरस, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और तुलसी विवाह जैसे कई त्योहार हैं।

रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ

मुंबई 14 अक्टूबर (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 30 पैसे की तेजी के साथ ही 95.06 पर बंद हुआ। रुपया बुधवार आज सुबह शुरुआती कारोबार में 44 पैसे मजबूत होकर 94.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से डॉलर की निकट अवधि की मांग कम होने और विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी पर अंकुश लगने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये में पिछले तीन कारोबारी सत्रों में करीब दो फीसदी की मजबूती आई है।

बैंक ऑफ अमेरिका पर जुर्माना

वॉशिंगटन 14 अक्टूबर (ईएमएस)। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बैंक ऑफ अमेरिका (बीओए) पर धनशोधन रोधी (एएमएल) और प्रतिबंध संबंधी कानूनों के कथित उल्लंघन के लिए 1.2 अरब डॉलर का भारी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना वित्त मंत्रालय के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा है, जो बैंक की विफलता से अमेरिकी वित्तीय प्रणाली के लिए पैदा हुए अवैध गतिविधियों के जोखिम को दर्शाता है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे बड़े बैंकों की विफलता के गंभीर परिणाम होते हैं और यह अमेरिकी वित्तीय प्रणाली को अवैध गतिविधियों के लिए खोल सकती है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	विजय कुमार/ पवन कुमार/ गुड्डी देवी/ LBKAN00005362593	निजी प्लॉट नंबर 18, जो आराज़ी नंबर 96 मिन के एक हिस्से में शामिल है, गाँव–मौज़ा मिर्ज़ापुर में स्थित है, परगना, तहसील और ज़िला– कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश– 208001/ अक्टूबर 12, 2026	मई 22, 2026 रु. 6,06,000.00/-	कानपुर

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अक्टूबर 15, 2026
स्थान : कानपुर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

कार्यालयः जिला पंचायत, हरदोई

पत्रांकः– 1344/जि0पं0/निर्माण–ई–टेण्डर/2026–27 दिनांकः– 13 अक्टूबर, 2026

ई–निविदा सूचना

जिला पंचायतों के समस्त ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, हरदोई द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 की प्राप्त धनराशि एवं पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 तथा पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड/अनटाईड ग्रान्ट) वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त अवशेष धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्यो की ई–निविदा ई–टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से विभिन्न 111 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु कार्यालय जिला पंचायत, हरदोई में ई–निविदायें आनलाईन बेवसाइट–etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

क्रमांक	सूचना का प्रकार	तिथि एवं समय
1	समाचार पत्रों में निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि	15.10.2026
2	ई–टेण्डर वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि	26.10.2026 (पूर्वान्ह 12:00 बजे से)
3	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि	26.10.2026 (पूर्वान्ह 12:00 बजे से)
4	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि	03.11.2026 (पूर्वान्ह 12:00 बजे से)
5	ऑनलाइन निविदा खोले जाने की तिथि	03.11.2026 (अपरान्ह 01:00 बजे से)
6	तकनीकी निविदा का मूल्यांकन **(Technical Bid Evaluation)**	निविदा खोले जाने के पश्चात्
7	वित्तीय निविदा का मूल्यांकन **(Financial Bid Evaluation)**	तकनीकी निविदा खोले जाने के पश्चात्
8	निविदा के साथ संलग्न मूल अभिलेख जमा करने की अन्तिम तिथि	वित्तीय बिड खोले जाने के पश्चात्

नोट– ई–निविदा सम्बन्धी विस्तृत सूचना नियम, शर्ते एवं परियोजनाओं की जानकारी उक्त बेवसाइट अथवा कार्यालय जिला पंचायत, हरदोई में किसी कार्यदिवस में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

अभियन्ता, जिला पंचायत, हरदोई। | अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, हरदोई। | प्रशासक, जिला पंचायत, हरदोई।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0- JHS-N-W-83-26 **दिनांक:** 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या: JHS-N-W-83-26 | **कार्य लागत लगभग:** ₹ 22235231.47
कार्य का नाम: ऑग्मेंटेशन ऑफ CCTV कैमरास एट डिफरेंट लोकेशनस-ऑफ रेलवे स्टेशनस premise ओवर झाँसी डिवीज़न।
धरोहर राशि: ₹ 444700/- | **निविदा खुलने की तिथि:** 05.11.2026 Time 15:00
निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

• निविदा दिनांक **05.11.2026 को 15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **2343/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2026-207 | **अनुमानित लागत रु : 5418705.80**
कार्य का नाम : झाँसी/हैवी रिपेयर्स वर्क्स इन एसएसई/सिगनल/कंस्ट्रक्शन झाँसी डिपो।
अमानत राशि : 108400.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि : 09.11.2026 at 15:00 hrs.**
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

• निविदा दिनांक **09.11.2026 को 15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे ।• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2337/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं:- JHS/Commercial/e-Auction/26/93 **दिनांक:** 13.10.2026

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी हैः-

श्रेणी - प्रचार | **केटलोग संख्या :** JHS-NFR-CLOAK

एसेट्स डिटेल्स

ई-ऑक्सन के माध्यम निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेको का आवंटन :-
1. Allotment of contact for operation and management of CLOAK room at **GWALIOR** railway station for a period of 05 years.

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः दिनांक 23.10.2026 को समयः 11:00 से
ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः दिनांक 23.10.2026 को समयः 11:30 तक

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट - **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **2335/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

बाजार भाव

SUNDAY OPEN
दयालू ज्वैलर्स
59/45 बिरहाना रोड, कानपुर
BIS HALL MARK Gold Jewellery
IGI Diamond Jewellery Certified
7651966520, 9336251965

सर्राफ

चाँदी 999 (प्रति किलो)-220900, सिक्का (प्रति नग) लिवाल-2450, सिक्का (प्रति नग) बिकवाल-2550, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-150000, गिन्नी (प्रति नग)-111700-112200

अनाज (प्रति कुन्तल)

गेहू दड़ा 2600-2700, आरआर-21 2750-2800 गेहू फारम 2850-2900, जौ 2600-2700, ज्वार 2100-3000, बाजरा 2000-2100, मकाई 2000-2100

दलहन

चना 6700-6800 अरहर 6700-6800, मसूर 5800-6000, मटर 4400-4500, उड़द हरा 8800-9200, उड़द काला 7000-8300, मूंग 7500-8000

दाल (प्रति कुन्तल)

अरहर फूल 13900-14000, अरहर स्पेशल 10700-10800, चना दाल 8900-9000 मटर दाल 5400-5450

कार्यालय नगर पंचायत गोपामऊ, जनपद–हरदोई

E-mail: mpgopamauhardoi@gmail.com

पत्रांकः– 449/न0पं0गो0/ई–टेण्डर/2026–27 दिनांकः– 14/10/2026

ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना (प्रथम बार)

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गोपामऊ, जनपद हरदोई के सीमान्तर्गत Legacy Waste (पुराने संचित ठोस अपशिष्ट) के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से www.etender.up.nic.in पर निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते कार्य विवरण, ई–टेण्डर बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल 40 लाख आगणन लागत तक के कार्य

S.No.	नगर पंचायत गोपामऊ /ANN Stage	Vendor Stage	प्रारम्भ तिथि व समय	अन्तिम तिथि व समय
1.	Tender Release		15.10.2026 10 AM	-
2.		Tender Download	15.10.2026 10 AM	04.11.2026 05 PM
3.		Bid Submission	15.10.2026 10 AM	04.11.2026 05 PM
4.	Close for Bid		-	04.11.2026 05 PM
5.	Technical Bid Opening		05.11.2026 11 AM	-
6.	Finance Bid Opening		After Approval of Technical Bid	

निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण https//etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

(दिनेश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोपामऊ, जनपद–हरदोई

(वली मोहम्मद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत गोपामऊ, जनपद–हरदोई

इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय: 15/287, महात्मा गांधी मार्ग, दिमॉल, बड़ा चौराहा कानपुर, उ.प्र. – 208001

कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए) प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 (1) के अन्तर्गत

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इंडियन बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण पुनगर्ठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के सहपठित नियम 8 तथा 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक द्वारा ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को मांग सूचना (जिसका विवरण नीचे दिया गया है) जारी किया गया, जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाया चुकता कर दें। ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं द्वारा राशि के चुकता न कर सकने पर एतद् द्वारा ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं व आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के तहत, नियम 8 तथा 9 के साथ पठित उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए इनमें नीचे लिखी सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा करने में सचेत रहें और इन सम्पत्तियों के बारे में किसी प्रकार का सौदा नीचे लिखी राशि ब्याज और अन्य खर्च के लिए इंडियन बैंक के प्रभारों के अधीन होगा। हम आपका ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) और नियमों के प्रावधानों की ओर आकर्षित करते है। जो कि आपको प्रतिभूतियों से सम्बन्धित Rights of redemption को दर्शाता है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम / शाखा	बंधककर्ता का नाम / जमानतकर्ता का नाम	अचल सम्पत्तियों का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / बकाया धनराशि
1.	मेसर्स गोपाल बेकरी शॉप (ऋणी) (प्रोपराइटरः श्री गोपाल ओमर पुत्र श्री प्रेम नाथ ओमर) शाखाः पुखरायां, जिला कानपुर देहात मो0– 9454088119	श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर	भूमि व भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित आराज़ी सं. 230/1011, मोहल्लाः लक्ष्मीबाई नगर, नगर पालिका परिषदः पुखरायां, तहसीलः भोगनीपुर, ज़िलाः कानपुर देहात **सम्पत्ति का क्षेत्रफलः** 1250 वर्ग फ़ीट यानी 116.40 वर्ग मीटर (लंबाईः उत्तर से दक्षिणः 50 फ़ीट एवं चौड़ाईः पूर्व से पश्चिमः 25 फ़ीट) **सम्पत्ति के मालिकः** श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर **चौहद्दीः पूर्वः** राधा ओमर का प्लॉट, **पश्चिमः** बेबी सचान का प्लॉट, **उत्तरः** 25 फ़ीट चौड़ा पक्का सीसी मार्ग, **दक्षिणः** अन्य का खेत एवं राम स्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज की भूमि	24.07.2026 09.10.2026 रु. 15,86,744.00 (रु. पन्द्रह लाख छियासी हजार सात सौ चौवालिस मात्र) दिनांक 04.10.2026 तक दिनांक 05.10.2026 से प्रभावी ब्याज, शुल्क एवं उसपर खर्चे
2.	मेसर्स तनाय बेकर्स (ऋणी) (प्रोपराइटरः श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर) शाखाः पुखरायां, जिला कानपुर देहात मो0– 9454088119	श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर 1. श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर 2. श्री गोपाल ओमर पुत्र श्री प्रेम नाथ ओमर	भूमि व भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित आराज़ी सं. 230/1011, मोहल्लाः लक्ष्मीबाई नगर, नगर पालिका परिषदः पुखरायां, तहसीलः भोगनीपुर, ज़िलाः कानपुर देहात **सम्पत्ति का क्षेत्रफलः** 1250 वर्ग फ़ीट यानी 116.40 वर्ग मीटर (लंबाईः उत्तर से दक्षिणः 50 फ़ीट एवं चौड़ाईः पूर्व से पश्चिमः 25 फ़ीट) **सम्पत्ति के मालिकः** श्रीमती सीता ओमर पत्नी श्री गोपाल ओमर **चौहद्दीः पूर्वः** राधा ओमर का प्लॉट, **पश्चिमः** बेबी सचान का प्लॉट, **उत्तरः** 25 फ़ीट चौड़ा पक्का सीसी मार्ग, **दक्षिणः** अन्य का खेत एवं राम स्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज की भूमि	24.07.2026 09.10.2026 रु. 39,74,387.00 (रु. उन्तालिस लाख चौहत्तर हजार तीन सौ सत्तासी मात्र) दिनांक 04.10.2026 तक दिनांक 05.10.2026 से प्रभावी ब्याज, शुल्क एवं उसपर खर्चे

दिनांक: 09.10.2026 **स्थान: कानपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

पत्रांकः– 3473/न.पा.प. गंगाघाट/निर्माण–2026–27 दिनांकः– 12/10/2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि / पालिका निधि से नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव क्षेत्र के अन्तर्गत कार्य कराया जाना है इस हेतु ठेकेदारो / अधिकृत फर्मो से मोहरबंद निविदायें / प्रस्ताव दिनांकः 22.10 2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव में आमंत्रित की जाती हैं प्राप्त निविदायें / प्रस्ताव उसी दिनांकः–22–102026 को अपरान्ह 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांकः 21.10.2026 को अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट से प्राप्त किये जा सकते है। अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गंगाघाट उन्नाव एवं सक्षम अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दें। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जायेगी।

क्रम	कार्य का नाम	आगणन धनराशि GST रहित	आगणन धनराशि GST सहित 18%	धरोहर धनराशि 10%	टेन्डर शुल्क GST सहित	कार्य अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड नं0 18 में सार्वजनिक शौचालय से ई. आयुष के घर होते हुए सिद्धविनायक, निशांत, शिवम सिंह, अभय यादव के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत/गड्ढा पैच का कार्य।	2,76,241.00	3,25,964.00	27,624.00	326.00 (276+50)	1 माह

निर्माण कार्य हेतु विस्तृत नियम व शर्ते
1. निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कॉलम नं0 (05) में अंकित है व टेण्डर शुल्क कॉलम नं0 (06) में अंकित है, जो आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट/ऑन लाईन बैंकिग के माध्यम से खाता संख्या:–38776064629 आई.एफ.एस.सी. कोड– SBIN0003909 भारतीय स्टेट बैंक शाखा:–शुक्लागंज उन्नाव में जमा करके, जमा पुष्टि रसीद की स्कैन कॉपी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ धरोहर धनराशि संलग्न न होने पर सम्बन्धित निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2. विस्तृत विवरण व शर्ते नगर पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाया मां कुष्मांडा धाम

दीपदान महोत्सव में बिखरी आस्था की अनुपम छटा, श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में दीप जलाकर की सुख-समृद्धि की कामना

दीपदान महोत्सव में रंगोली बनाते श्रद्धालु।

मां के दरबार मे विशाल दीपदान का नजारा

महोत्सव में शामिल जनप्रतिनिधि व अन्य।

(आज समाचार सेवा)

घाटमपुर, 14 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन नगर स्थित मां कुष्मांडा देवी मंदिर में आयोजित दीपदान महोत्सव में आस्था का अद्भुद नजारा देखने को मिला। हजारों दीपों की रोशनी से माता का दरबार जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दीपों की अलौकिक छटा ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। नवरात्रि का चौथा दिन आदिशक्ति के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा को समर्पित होता है। इसी विशेष अवसर पर मंदिर में दीपदान महोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ दीप जलाकर माता की आराधना की। एक साथ हजारों दीप प्रज्वलित होने से ऐसा प्रतीत हुआ मानों आसमान के तारे धरती पर उतर आए हों। इस दौरान मां कुष्मांडा के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। दीपों की कतारों ने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। श्रद्धालुओं के लिए यह दृश्य आकर्षण और आस्था का केंद्र बना रहा। मान्यता है कि मां कुष्मांडा के दरबार में दीपदान करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का आगमन होता है। घाटमपुर की धार्मिक पहचान बन चुके मां कुष्मांडा धाम में दीपदान महोत्सव ने एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा की अनुपम मिसाल पेश की। इस अवसर पर भक्तो की भीड़ संग जनप्रतिनिधियों के आलावा पुलिस-प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

● विधायक सरोज कुरील संग तमाम जनप्रतिनिधियों ने की मां की पूजा अर्चना

मां को चढ़ाए गए नीर को नेत्र में लगाने से दूर होते हैं विकार

वहीं, मान्यता है कि मां को अर्पित किए गए नीर को आंखों में लगाने से नेत्र संबंधी विकार दूर होते हैं। इसी आस्था के चलते दूर-दराज से आने वाले भक्त मां के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं और देवी भक्त संदीप सचान, अरुण सचान, एसएनके वाले शुक्ला आदि द्वारा चलाये जा रहे भंडारों मे प्रसाद ग्रहण कर मेला का आनंद लेते हैं। वहीं नगरपालिका घाटमपुर के पूर्व ईओ उमेश मिश्रा द्वारा स्थापित शिवलिंग विशेष आकर्षक लगता है।

जहां गाय स्वयं छोड़ती थी दूध, वहीं प्रकट हुईं मां कुष्मांडा

घाटमपुर। मां कुष्मांडा देवी की उत्पत्ति की भी अनोखी किवदंती है। बताया जाता है कि जिस स्थान पर आज मां का भव्य मंदिर स्थापित है, वहां कभी घनघोर जंगल हुआ करता था। कुड़हा नामक एक चरवाहा अपनी गायों को लेकर यहां चराने आता था। उसकी एक गाय प्रतिदिन एक निश्चित स्थान पर स्वयं ही दूध गिरा देती थी। इससे परेशान चरवाहे ने गाय पर नजर रखनी शुरू की और जब उसने उस स्थान पर खोदाई की तो वहां मां की दिव्य मूर्ति मिली। चरवाहे ने मूर्ति को बाहर निकालकर स्थापित कर दिया। इसके बाद लोग वहां पूजा-अर्चना करने लगे। शुरुआत में मां को कुड़हा देवी के नाम से जाना जाने लगा। लोकचर्चा है कि एक दिन मां ने एक भक्त को स्वप्न में दर्शन देकर अपने कुष्मांडा स्वरूप के बारे में बताया। इसके बाद से श्रद्धालु उन्हें मां कुष्मांडा देवी के नाम से पूजने लगे। समय के साथ मंदिर का विकास होता चला गया और आज यह क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है। इस स्थान के सुंदरीकरण में नवयुवक संघ, घाटमपुर, मंदिर में अन्य मंदिरों की स्थापना में सुरेश सोनी आदि का अहम योगदान है। संघ के प्रयास से पूर्व राज्यसभा सदस्य रामनाथ कोविद के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में नलकूप लगवाया गया। लोकदल नेता विमलेश पाठक ने मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित कराया, जिसके बाद कई विकास कार्य हुए। पालिकाध्यक्ष राजेश चौरसिया ने तालाबों के घाटों तथा संजय सचान ने स्थान पर कई विकास कार्य कराये। योगी सरकार में तो इस स्थान की तस्वीर ही बदल गयी। शासन से आये धन से विधायक सरोज कुरील की अगुवाई मे टीन शेड आदि तमाम कार्य हुये। हाल ही में शासन से सत्संग हाल के लिये धन स्वीकृत हुआ है। बता दें कि दीपदान की परंपरा तहसील कर्मी छुल्ली मिश्रा द्वारा डाली गई थी, जिसे नवयुवक संघ ने विशाल रूप देने का काम किया। संघ के पंकज पाण्डेय, पूतु पाण्डेय, राजा पाण्डेय, छुल्ली मिश्रा, इशू अवस्थी, शुभम आदि भक्त आज भी मां की सेवा में तत्पर रहे।

आज होगा बिठूर नगर पंचायत अध्यक्ष का फैसला

सुबह ८ बजे से शुरू होगी मतगणना, सुरक्षा के मददेनजर प्रत्याशियों के घरों पर पुलिस बल तैनात

मतगणना स्थल का जायजा लेते अधिकारी।

बिठूर, 14 अक्टूबर। नगर पंचायत अध्यक्ष का फैसला 15 अक्टूबर यानी गुरुवार को होगा। बीते मंगलवार को हुए उपचुनवा में पड़े वोटों की मतगणना को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर पंचायत कार्यालय, बिठूर को मतगणना केंद्र बनाया गया है। यहां सुबह 8 बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। प्रशासन ने मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से पूरे कक्ष की निगरानी की व्यवस्था की है। मतगणना को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। प्रत्याशी व एजेंट की एंट्री रहेंगी, जबकि रास्ते सील कर दिए जायेगें। मतगणना टेबल पर हर प्रत्याशी का एक एजेंट मौजूद रहेगा। मतगणना स्थल की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। मुख्य द्वार से केवल प्रत्याशियों और अधिकृत एजेंटों को ही जांच के बाद प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी या तनाव की आशंका को देखते हुए प्रत्याशियों के घरों पर पुलिस बल लगा दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मतगणना स्थल के आसपास अनधिकृत भीड़ या किसी तरह का दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर में 17 से शुरू होगा 70वां दशहरा महोत्सव

घाटमपुर, 14 अक्टूबर। सार्वजनिक श्री रामलीला कमेटी, घाटमपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 70वें दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री गणेश पूजन एवं हनुमान अंश के प्रदर्शन के साथ आगामी 17 अक्टूबर से महोत्सव का शुभारंभ होगा। कमेटी की ओर से जारी कार्यक्रम में 18 अक्टूबर को ध्वज भराई, 19 को श्रीराम बारात तथा 20 अक्टूबर को श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान नगर भ्रमण एवं रावण के विशाल पुतले का दहन व आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी। 21 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कमेटी के अध्यक्ष अमित शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कुमार अवस्थी, प्रदीप मिश्रा उर्फ पप्पू, मुकेश कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष रमन बाजपेई व गौरव पाण्डेय तथा महामंत्री गौरव मिश्रा एवं नितिन अवस्थी उर्फ राजू तैयारियों में जुटे हुए हैं।

बुजुर्ग को लात-घूसों और डंडों से पीटा, दो नामजद

शिवराजपुर, 14 अक्टूबर। क्षेत्र के दोदेपुर गांव में मंदिर पर बैठे एक बुजुर्ग को दो युवकों ने लाठी-डंडे से जमकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी गुरु प्रसाद ने पुलिस को बताया है कि वह खाली समय में गांव के मंदिर में बैठने जाते है। बुधवार सुबह 8 बजे मंदिर पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही दिलीप और बबलू वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूसों और डंडों से उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष अमित सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

टप्पेबाज के चक्कर में 27 मिनट रुकी कासगंज-अनवरगंज एक्सप्रेस ट्रेन

(आज समाचार सेवा)

ट्रेन चलने के इंतजार में खड़े यात्री।

बिल्हौर, 14 अक्टूबर। कासगंज से कानपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15038 बिल्हौर स्टेशन के 64 नंबर फाटक पर करीब 27 खड़ी रही, जिससे यातायात प्रभावित रहा। दरअसल, कासगंज-कानपुर एक सप्रेस ट्रेन बिल्हौर स्टेशन से जैसे ही 5.07 बजे सायंकाल चली। अचानक किसी टप्पेबाज ने एक यात्री का मोबाइल छीनकर भाग खड़ा हुआ। यह देख पीड़ित दंपति ने ट्रेन से कूद कर उसका पीछा करते हुए राधा-कृष्ण बाजार की तरफ गए लेकिआरोपी हाथ न लगने पर 15 मिनट बाद वह वापस लौट आए। उधर, रेलवे पुलिस ने पीड़ित दंपति की स्थिति को समझते हुए उनके साथ संवेदनशीलता दिखायी, जिसके बाद ट्रेन लेकर चली गई। इस दौरान ट्रेन करीब 27 मिनट तक बिल्हौर रेलवे स्टेशन के फाटक संख्या-64 पर खड़ी रही, जिससे फाटक पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और यातायात बाधित रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता कमल मिश्रा, गिरीश चंद्र वर्मा, सुरेश कुशवाहा, पंकज यादव, शिक्षक धर्मेंद्र कटियार, सौरभ कटियार, अवनीश यादव, रवीश सैनी ने बताया कि मोबाइल टप्पेबाज छीन कर ले गया, तो ट्रेन को इतनी देर रुकने का क्या मतलब है, जबकि जिनका मोबाइल था उन्होंने चोर का पीछा भी किया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। दूर का सफर करने वाली जनता को रेलवे प्रशासन बेवजह परेशान कर रहा है। इतनी देर में तो ट्रेन कल्याणपुर स्टेशन पहुंच जाती।

मकनपुर उर्फकमेटी के सदस्यों से वार्ता करते डीसीपी।

डीसीपी ने की उर्स कमेटी के साथ बैठक

अरौल मकनपुर, 14 अक्टूबर। मकनपुर शरीफ के उर्स का इंतजाम इंतजामिया कमेटी व सुरक्षा का जिम्मा पुलिस का होता है। फिर भी जहां कहीं भी इंतजाम में दिक्कत हो, तो कमेटी की मदद भी पुलिस करेगी। यह आश्वासन डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने अरौल थाना में उर्स कमेटी के सदस्यों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने भरोसा दिया कि उर्स के दौरान शांति व्यवस्था के लिए पुलिस हर संभव कोशिश करेगी। उन्होंने कार्यक्रम के सीक्वेंस को बनाने व उसके अनुसार प्रोग्राम चलाने की सलाह दी। साथ ही थाना अध्यक्ष को इस सिलसिले में जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान मकनपुर के पूर्व प्रधान सैयद इमरान शिकोह जाफरी, निजामुल बाकी, चांद भाई, तकलीद अहमद आदि सदस्यों के अलावा एसीपी अंकित कुमार, थाना इंचार्ज विनय तिवारी, एसएसआई राजेश दीक्षित, मकनपुर चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा, एसआई कमलेश चंद्र यादव आदि उपस्थित रहे। बाद में डीसीपी ने नंदलाल पाल, रूपेश कटियार आदि स्थानीय भाजपा नेताओं से भी औपचारिक वार्ता की। मकनपुर शरीफमें 27, 28 व 29 अक्टूबर को मशहूर सूफी संत सैयद बदीउद्दीन जिंदा शाह मदार की यादगार में तीन दिनी उर्स लगेगा। इसके पूर्व वह स्थानीय एक पार्टी लॉन में महदेवा के ग्राम प्रधान संजय कुमार कटियार के आमंत्रण पर एक वैवाहिक कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।

प्रदेश और संविधान बचाना है तो सपा को लाना है

मंधना पहुंचे पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का हुआ जोरदार स्वागत

सपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पार्टी के नेता।

बिठूर, 14 अक्टूबर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का मंधना पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश और देश के संविधान को अगर बचाना है, तो सपा को लाना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने मुख्य चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिया। कहा कि आखिर भाजपा कब तक उन्हें बचाएगी। भाजपा सरकार नौजवान, किसान और गरीब विरोधी है। ऐसे कार्य भाजपा सरकार ने किए है। पाल ने कहा कि आरक्षण की लूट, वोट चोरी तथा पेपर लीक को लेकर सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। कार्यक्रम में सपा के पूर्व विधायक सह ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला, अजीत पाल, रामकुमार पाल, दुल्लर शुक्ला, पूर्व प्रधान बगदौधी बांगर श्याम बाबू पाल, हेमंत शुक्ला, शिवम त्रिवेदी, संतोष, विपिन, अनुज पाल, राजपाल, अमर सिंह पाल, महेश चंद्र शुक्ला, घसीटे पाल, रोहन पाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाई के ससुरालियों पर ताला तोड़कर चोरी का इल्जाम

कानपुर, 14 अक्टूबर। बर्रा थाना क्षेत्र में छोटे भाई के ससुरालियों पर एक अधिवक्ता ने ताला तोड़कर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। मामले में पुलिस कमिश्नर ने जांच के निर्देश दिए हैं। बर्रा विश्व बैंक ई ब्लाक निवासी गौरव पोरवाल अधिवक्ता हैं। गौरव पोरवाल ने पुलिस कमिश्नर के नाम दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि छोटे भाई सागर की पत्नी श्रद्धा ने 14/15 मार्च की रात्रि में कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। जानकारी पर बहू श्रद्धा के पिता ज्ञानेंद्र कुमार, भाई सौरभ समेत अन्य 20 से 25 परिजन आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद घर के कमरों ताले डाल दिए और मुख्य गेट पर सेंट्रल लॉक कर दिया। दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले में भाई को जेल भेजा गया। आरोप है कि इसके बाद बहू के घर वालों ने लॉकर का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर लिए। प्रकरण में शिकायत के बाद भी बर्रा पुलिस ने काररवाई नहीं की। थाना प्रभारी बर्रा क्षितिज सिंह ने बताया कि महिला की मौत पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज है। मृतका के मायके वालों पर चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत करने की जानकारी नहीं है।

प्रसाद वितरण करतीं स्वप्निल वरुण व अन्य।

'नौ देवी, नौ दिन, नौ भंडारा' भद्रकाली के भक्तों ने चखा प्रसाद

घाटमपुर, 14 अक्टूबर। भदरस स्थित मां भद्रकाली मंदिर में नौ देवी, नौ दिन, नौ भंडारा अभियान के तहत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने मां भद्रकाली का दर्शन-पूजन कर मां से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान शिवशक्ति अखाड़ा प्रमुख महंत मधुराम शरण शिवा, बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा, जिला मंत्री कानपुर ग्रामीण सौरभ कुशवाहा, कमलेश त्रिवेदी, राकेश चौधरी, वीरेंद्र वर्मा, दीपू द्विवेदी, किशन शुक्ला, पंकज द्विवेदी, कृष्णा बाजपेई, ललित पांडे, राजेश मिश्रा, प्रीतम सिंह, रोहित पांडे, प्रबल प्रताप, उदय नारायण, संदीप तिवारी, सोनू सिंह तोमर, अनिरुद्ध सिंह, ओम जी तिवारी, सचिन शुक्ला, दिग्विजय सिंह, आशुतोष सिंह, प्रज्ञेष सिंह, राजा चौरसिया, ज्ञानेंद्र साहू, शुभम सिंह, अभिषेक चंदेल, जयराम पाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

शिवराजपुर, 14 अक्टूबर। कस्बे के राम सहाय कॉलेज में मिशन शक्ति फेज-6 के तहत थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान में क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा यूपीसीओपी ऐप से प्राप्त होने वाली सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म, व्हाट्सएप, एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित महिला सशक्तीकरण को राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम के संबंध में जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

घरों से लेकर मंदिरों तक मां कुष्मांडा की जय-जयकार

अरौल मकनपुर, 14 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर घर से लेकर मंदिर तक मां कुष्मांडा देवी का श्रद्धालुओं द्वारा पूजन किया गया। क्षेत्र के नानामऊ में दुर्गा देवी, संजतीबादशाहपुर उर्फ संती में भुइयांभवानी व जंगलेश्वरी देवी, बहरामपुर में मां फलेश्वरी देवी, आंकिन में दुर्गा व पंथा देवी, अरौल में पंचशक्तिपीठ, इलियासपुर में मां खैरापति देवी, देविनपुरवा में मां अंगारमती, बिसधन में महामाया आदि देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

अलग-अलग घटनाओं में मृत युवकों का हुआ अंतिम संस्कार

अरौल मकनपुर, 14 अक्टूबर। दो अलग-अलग घटनाओं में मृत ऋषि का नानामऊ व विपिन का अरौल के पास कोठी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि बिसधन चौकी अंतर्गत खेरवा खंड मौजमपुर में मंगलवार को सुबह 30 वर्षीय ऋषि कठेरिया ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं, मंगलवार को ही बिल्हौर थाना अंतर्गत उत्तरी अलियापुर मार्ग पर अरौल थाने के खाड़ामऊ गांव के 20 वर्षीय युवक विपिन राठौर की हत्या कर दी गई थी। इसके बारे में उसके भाई ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

गरीब महिला को सरकारी आवास देने की सिफारिश

अरौल मकनपुर, 14 अक टूबर। भाकियू नेता अक्षय कुमार ने एसडीएम को पत्र लिखकर थाना अरौल के अंतर्गत सिंघौली गांव की गरीब महिला सुजांता देवी पत्नी मनोज कुमार को सरकारी आवास दिलाए जाने की सिफारिश की है। पत्र में लिखा कि महिला का कच्चा मकान एक साल पहले गिर गया था, तब से वह झोपड़ी डाल कर रह रही है। उसके पति का एक हाथ चारा मशीन से कट गया था। जिससे वह दिव्यांग हो गया है और ऐसी हालत में वह मकान नहीं बना सकता है। एसडीएम ने पीड़ित महिला से इस पत्र पर अपने कार्यालय में जानकारी प्राप्त की। महिला को आश्वासन दिया और राजस्व कर्मियों व बीडीओ को उचित कार्यवाही करने का आदेश भी दिया।

आलू का सही भाव नहीं मिलने से किसान बेहाल

प्रति पैकेट 175 रुपये भाड़ा और पल्लेदारी खर्च अलग से, ने खेतिहरों की कमर तोड़ी, एसडीएम ने कहा-करायेंगे समस्या का निस्तारण

कोल्ड स्टोर से आलू निकाल कर ले जाते किसान।

(आज समाचार सेवा)

बिल्हौर, 14 अक्टूबर। क्षेत्र के कोल्ड स्टोरों में लगभग 20 से 30 प्रतिशत आलू सड़ गया है। किसान सस्ता होने की वजह से निकासी और बिक्री नहीं कर पा रहा है। किसानों के अनुसार, कोल्ड स्टोर संचालकों ने जनरेटर से प्लांट नहीं चलाया और सिर्फबिजली के सहारे ही रहे। परिणामस्वरूप आलू सड़ गया। कोल्ड स्टोर मालिक होली के बाद आलू आने की बात कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। कोल्ड स्टोरों के आसपास से गुजरने पर दुर्गंध आ रही है। मंगलवार को राधा कृष्ण कोल्ड स्टोर, भगवती कोल्ड स्टोर, वरुण कोल्ड स्टोर, आईपीएस कोल्ड स्टोर, देव कुमार कोल्ड स्टोर, गोवर्धन कोल्ड स्टोर का मौका-मुआयना करने पर किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। इसमें जो आलू सड़ा हुआ है, उसका कोई हिसाब कोल्ड स्टोर मालिक नहीं कर रहे हैं। राधा रानी कोल्ड स्टोर के दूसरी मंजिल के छज्जों से लेकर बरामदे और नीचे फील्ड में आलू सड़ बिखरा पड़ा हुआ है। अपना आलू लाद कर ले जा रहे किसानों ने बताया कि बहुत दशा खराब है। एक पैकेट का भाड़ा 175 रुपये और पल्लेदारी अलग ले रहे हैं। बाकी नहीं कर रहे हैं। समाजसेवी हरीश द्विवेदी उर्फटोनी ने बताया कि हमारा 30 प्रतिशत आलू सड़ गया है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आशीष अवस्थी ने बताया किसान रो रहा है। पूर्व प्रधान गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया किसान दर-दर भटक रहा है। किसान रामकिशोर, राजेश, जयचंद, विकास कटियार, रामू पाल आदि ने बताया कि कोल्ड स्टोर मलिक, मैनेजर सुन नहीं रहे है। विभाग के अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं देते हैं। नेता तो सिर्फवोट लेने के लिए हैं। जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं।

आलू बाहर की मंडी में जब भेजा जाता है तो उससे पहले छंटाई कर सड़ा-गला, कटा-फटा आलू निकालकर फेंका जाता है। अभी सफाई नहीं हो पा रही है। जल्द सफाई कराई जाएगी। धूप का खुदा आलू आया है। लगभग 20 प्रतिशत आलू सड़ गया है।

समीर कटियार, प्रबंधक।

ऐसे कोल्ड स्टोरों को चिन्हित कराया जाएगा। किसानों की समस्याओं के निस्तारण की व्यवस्था कराई जाएंगी।

मनीष कुमार, एसडीएम।

अगली बैठक पर तहसील में धरना-प्रदर्शन कर मुआवजा की मांग प्रशासन के समक्ष रखी जाएगी।

सुभाष यादव
जिला अध्यक्ष किसान यूनियन।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

चौबेपुर, 14 अक्टूबर। क्षेत्र के एक गांव में दो वर्षीय मासूम को छत से फेंकने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेजा गया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी रचित गौतम ने एक घर में घुसकर दो वर्षीय मासूम बच्ची को छत से फेंकने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। मुंह खोलने पर बच्ची की मां को जान से मार देने की धमकी दी थी। पीड़ित महिला ने बच्ची को लेकर घटना की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी रचित गौतम उम्र करीब 21 वर्ष को सूचना पर हाईवे किनारे एक पुलिया के पास से उप निरीक्षक शेर सिंह, अमित सिंह राघव, सुभाष चन्द्र मौर्य, अंकित मिश्रा व नरेन्द्र सिंह राजपूत ने घेराबंदी करके गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

टी-20 रैंकिंग में भारत का दबदबा

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईसीसी की ताजा टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी पांच मैचों की घरेलू सीरीज में शानदार शुरुआत का फायदा अय्यर को मिला है। वह करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष चार में भारत के तीन खिलाड़ियों ने जगह बना ली है। भारतीय कप्तान अय्यर ने तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर की इस उपलब्धि के साथ भारतीय बल्लेबाजों का शीर्ष रैंकिंग में दबदबा और मजबूत हुआ है। ईशान किशन पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर काबिज हैं। पाकिस्तान के कप्तान साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं।

इस तरह शीर्ष चार में ईशान, अभिषेक और अय्यर के रूप में तीन भारतीय बल्लेबाज शामिल हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। वह तीसरे स्थान पर पहुंचकर ईशान और अभिषेक के बीच जगह बनाए हुए हैं। भारतीय बल्लेबाजों के अलावा श्रीलंका के कुसल मेंडिस को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड ने 13 स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी चार स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 27वें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि, आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और साइमन हार्मर ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। मुल्डर एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि हार्मर ने पांच स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 23वां स्थान हासिल किया है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में कुसल मेंडिस तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 13 स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर पहुंच गए।

होप के शतक से विंडीज ने की वापसी

टीम इंडिया को 24 रनों से हराकर सीरीज में 2-2 से की बराबरी

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। कप्तान साई होप के नाबाद 102 रनों की शतकीय पारी के बाद कीमो पॉल (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 मुकाबले में भारत को 24 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही विंडीज ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली है। दोनों टीमों के बीच अब फाइनल मुकाबला 17 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जायेगा। बुधवार को हैदराबाद में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 19.3 ओवरों में 223 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से संजू सैमसन ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए कीपो पॉल ने पांच, गुडाकेश मोटी ने दो, रोमारियो शेफर्ड व शमार स्प्रिंगर ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत को ओपनर संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। इस दौरान सैमसन ने 20 गेंदों में अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। पांचवे ओवर में कीमो पॉल ने विंडीज को दोहरी सफलता दिलाई। पॉल ने पहले शानदार बल्लेबाजी कर रहे संजू सैमसन (56) को चलता किया। संजू ने 23 गेंदों में 6 चौके व चार छक्के लगाए। इसके बाद ओवर की चौथी गेंद पर ईशान किशन (06) पवेलियन की राह दिखाई। कप्तान श्रेयस अय्यर भी इस मैच में कमाल नहीं दिखा सके, वह 16 के निजी स्कोर पर शमार स्प्रिंगर का शिकार हुए। 12वें ओवर में गुडाकेश मोटी ने भारत को झटके दिये। उन्होने पहले अभिषेक शर्मा (29) को फिर नमन धीर बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई।

दोनों देशों के बीच अब 17 को खेला जायेगा खिताबी मकुबला

यहां से तिलक वर्मा ने नितिश कुमार रेड्डी के साथ मोर्चा संभाला और अर्द्धशतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 पहुंचाया। इस साझेदारी को रोमारियो शेफर्ड ने तिलक वर्मा (43) को आउट कर तोड़ा। 19वें ओवर में कीपो पॉल ने एक बार फिर घातक स्पेल करते हुए नितिश कुमार रेड्डी (41), प्रिंस यादव शून्य व अक्षर पटेल तीन को आउट कर मैच में अपने पांच विकेट भी पूरे किये। अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह (05) रिटायर्ड आउट हुए। भारतीय टीम 19.3 ओवरों में 223 रन ही बना सकी। इससे पहले वेस्टइंडीज को सलामी बल्लेबाज कप्तान साई होप और ज्वेल एंड्रयू शानदार शुरुआत दी। 5वें ओवर में मेहमान टीम को पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज एंड्रयू ने 16 गेंद में 21 रन बनाए। अक्षर पटेल ने उन्हें आउट किया। इसके बाद कप्तान होप ने शिमरन हेटमायर के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम को स्कोर 100 के पार किया। प्रिंस यादव ने 9वें ओवर में शिमरन हेटमायर (33) को पवेलियन भेजा। होप और हेटमायर के बीच दूसरे विकेट के लिए 24 गेंद में 58 रन की साझेदारी हुई। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद होप ने 28 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और रोवमैन पावेल के साथ 27 गेंद में 46 रन की साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 13वें ओवर में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पावेल को पवेलियन का रास्ता दिखाया है। वह 17 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए। यहा से कप्तान होप और शेरफेन रदरफोर्ड ने मोर्चा संभाला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम को स्कोर 20 ओवरों में तीन विकेट पर 247 रनों तक पहुंचाया। इस दौरान पारी की अंतिम गेंद पर कप्तान होप ने छक्का जड़कर अपना शतक भी पूरा किया। होप और रदरफोर्ड ने चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों में नाबाद 91 रन जोड़े। कप्तान होप 50 गेंदों में चार चौके व 9 छक्कों की मदद से 102 व रदरफोर्ड 26 गेंदों में चार चौके व तीन छक्के के साथ 49 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट झटके।

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.:-No. JHS/Commercial/e-Auction/26/91-92 दिनांक: 13.10.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी : प्रचार | कैटलॉग संख्या : JHS-NFR-MISC-91

एसेट्स डिटेल्स

E-auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन:-

1. PROVISION FOR INSTALLATION OF DRINKS VENDING MACHINES IN THE CIRCULATING AREA OF MAHOBA, HARPALPUR & LAR-TKMG-DBA-DAA-PHN-CKTD-BNDA RAILWAY STATION UNDER MISCELLANEOUS STATIC POLICY.
2. CONTRACT FOR SETTING UP OF RAIL CAFE KIOSK (SERVING 24X7) AT WEST SIDE OF THE RAILWAY STATION JHANSI, SBL-BIB, DAA & MBA RAILWAY STATION UNDER MISCELLANEOUS STATIC POLICY

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: दिनांक- 22.10.2026 को समय- 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय: दिनांक- 22.10.2026 को समय- 12:30 तक

श्रेणी : प्रचार | कैटलॉग संख्या : JHS-NFR-ADV-92

एसेट्स डिटेल्स

1. Advertisement through Vinyl wrapping Train Exterior (FULL FACE) in Train No. 11086/11085 (GWL-SMVT Bengaluru)
2. Display of commercial publicity at circulating area of ORAI Railway Station under OOH policy
3. Advertisement Right through DIGITAL MEDIA under RDN policy inside CHITRAKUTDHAM KARWI railway station

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: दिनांक- 22.10.2026 को समय- 13:00 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय: दिनांक- 22.10.2026 को समय- 13:50 तक

नोट: उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट-www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2334/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-ऐडव्रटाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 40 ईटी / 2026 दिनांक: 12.10.2026

क्र.सं.	निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा	नियत तिथि
01	03261534	सेट आफें हैन्ड होल्ड आरेंजमेंट विद मेट्रो टाइप हैंड होल्डस फॉर 3 फेस मेमू / टीसी कोचेज	603 सेट	26 / 10 / 2026
02	04261402	सप्लाई ऑफ विन्डर विन्डो विद स्लाइडिंग शटर्स इन एलएचबी एससीएन कोचेज	304 नग	03 / 11 / 2026
		सप्लाई ऑफ इमरजेंसी विन्डर विन्डो विद स्लाइडिंग शटर्स इन एलएचबी एससीएन कोचेज	76 नग	
03	03261843	पोर्टल स्टेनलेस-स्टील कैपेसिटी 06 किग्रा फायर एक्स्टिंग्विशर विद एन्टी-थेफ्ट मैकेनिज्म	3812 सेट	05 / 11 / 2026
04	15265309	सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशिनिंग एन्ड प्रोविंग आउट ऑफ स्टैकेबल पलेट पैलेट्स (साइज-1800×1200×1200 एमएम)	500 नग	06 / 11 / 2026
05	03261744	फिक्सिंग आरेंजमेंट आफें रोलिंग शटर असेम्बली फॉर 3-फेस मेमू / टीसी कोचेज	1407 नग	18 / 11 / 2026

शुद्धि पत्र

01	टेंडर नोटिस सं. 37 / ईटी / 2026 दिनांक: 28.09.2026	टेंडर नं. 05261253	निविदा खुलने की तिथि 12 / 10 / 2026 के स्थान पर तिथि 28 / 10 / 2026 पढ़ें

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / विद्युत

निविदा संख्या:- CAMC-BFMC-SNK-26-27-198

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC-BFMC-SNK-26-27-198 नियत तिथि:-30.10.2026 जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** बोगी में स्थापित 02 नग बोगी फ्रेम मशीनिंग सेंटर मशीन (मेक-SNK) का स्पेयर पार्ट्स, फ्रोजन आइटम, एक बार कैलिब्रेशन, जिग्स और फिक्स्चर के ओवरहॉलिंग और एक बार कैलिब्रेशन और रखरखाव सहित व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 12,71,22,579.36 (रुपये बारह करोड़ इकहत्तर लाख बाईस हजार पांच सौ उनासी और छत्तीस पैसे मात्र)। **धरोहर राशि:** रु. 7,85,600.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. 0.00 **कार्य समापन की अवधि दो वर्ष (24 माह)।**

- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय - 30.10.2026 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक / संयंत्र

निविदा संख्या:- MCF-VEHICLE-26-27-216

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या MCF-VEHICLE-26-27-216 नियत तिथि:- 30.10.2026 जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है।। **कार्य का नाम:** MCF/RBL अधिकारियों के ऑफिशियल इस्तेमाल के लिए MCF में AC और नॉन AC डीज़ल / पेट्रोल और EV सड़क वाहनों को काम के दायरे के हिसाब से दो साल के लिए किराए पर लेना। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 11,72,69,712.80 (रूपये ग्यारह करोड़ बहत्तर लाख उनसठ हजार सात सौ बारह और अस्सी पैसे मात्र)। **धरोहर राशि:** रु. 7,36,400.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - शून्य। **कार्य समापन की अवधि** - दो वर्ष (24 माह)।

- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय - 30.10.2026 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक / संयंत्र

ई-नीलामी नोटिस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साइज के **(स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरेटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेंट शेप एंड साइज़, टर्निंग बोरिंग, स्क्रैप ऑफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट एवं मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप और मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि)** की ई-नीलामी नीचे दिये गये शैड्यूल के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov-in के द्वारा दोपहर 11:30 बजे पर की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि: **अक्टूबर 2026 (अतिरिक्त)**

माह	अक्टूबर
दिनांक	22

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकते है। खरीदार को ई-नीलामी में भागीदारी के लिये IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिये रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई-नीलामी में भागीदारी से संबन्धित और अधिक जानकारी के लिये उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक / शैल डिपो / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज-229120 से संपर्क किया जा सकता है।

सहायक सामग्री प्रबन्धक / शैल / डिपो

ई-नीलामी नोटिस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साइज के **(स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरेटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेंट शेप एंड साइज़, टर्निंग बोरिंग, स्क्रैप ऑफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट एवं मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप और मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि)** की ई-नीलामी नीचे दिये गये शैड्यूल के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in के द्वारा दोपहर 11:30 बजे पर की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि: **01 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक**

माह	नवम्बर
दिनांक	05, 13, 19 और 26

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकते है। खरीदार को ई-नीलामी में भागीदारी के लिये IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिये रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई-नीलामी में भागीदारी से संबन्धित और अधिक जानकारी के लिये उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक / शैल डिपो / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज-229120 से संपर्क किया जा सकता है।

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक / शैल / डिपो

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रहाणे ने प्रिंस विलियम के साथ खेला क्रिकेट

लंदन, 14 अक्टूबर। भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान अजिंक्य रहाणे ने ब्रिटेन के प्रिंस विलियम के साथ लंदन में क्रिकेट खेलने के अनुभव को यादगार बताया है। बकिंघम पैलेस के सामने द मॉल पर टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलना रहाणे के लिए खास रहा। इस दोस्ताना मुकाबले में भारत और दुनिया के कई दिग्गज क्रिकेटर शामिल हुए। यह आयोजन भारत और ब्रिटेन के बीच क्रिकेट के साझा जुनून को सामने लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। रहाणे उन चुनिंदा क्रिकेटरों में शामिल थे, जिन्हें प्रिंस विलियम ने इस दोस्ताना मैच के लिए आमंत्रित किया था। लंदन में बकिंघम पैलेस के बाहर स्थित द मॉल पर हुए इस आयोजन में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली, वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा और इंग्लैंड के खिलाड़ी जो रूट व हैरी ब्रूक भी शामिल हुए। रहाणे नेलिंक्डइन पर एक पोस्ट के जरिए इस अनुभव को साझा किया। उन्होंने लिखा, क्रिकेट मुझे दुनिया के कई शानदार मैदानों तक ले गया है, लेकिन लंदन में बकिंघम पैलेस की पृष्ठभूमि में द मॉल पर टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलना ऐसा अनुभव है, जो लंबे समय तक मेरे साथ रहेगा। रहाणे ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं था। इसका उद्देश्य भारत और ब्रिटेन के बीच खेल के प्रति साझा प्रेम का जश्न मनाने के साथ एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करना भी था।

बंगाल की दिल्ली पर बड़ी जीत

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी एलीट 2026-27 के पहले दौर में बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया। वहीं, गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर बारिश और खराब रोशनी के कारण मध्य प्रदेश के खिलाफ हार से बच गया। मध्य प्रदेश जीत से सिर्फ तीन विकेट दूर रह गई थी। इसके अलावा आंध्र, सौराष्ट्र और पंजाब ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ड्रॉ मुकाबलों से 3-3 अंक हासिल किए।

उत्तर मध्य रेलवे

सूचना क्रमांक:- 26-27_फॉस्फेटिंग प्लांट रिपेअर RT2 दिनांक: 14.10.2026

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक: 26-27_फॉस्फेटिंग RT2, **कार्य का विवरण:** आरएसके मे फॉस्फेटिंग संयंत्र की मरम्मत और उन्नयन।	
अनुमानित लागत (रूपयों में): ₹ 29,50,000/- (रू. उनतीस लाख पचास हजार मात्र)	
धरोहर राशि (रूपयों में): ₹ 59,000/-	**निविदा फार्म की कीमत (रूपयों मे):** 0.00
कार्य की अवधि: कार्य प्रारंभ करने की दिनांक से 03 माह।	

(1) ई-निविदा दिनांक **04.11.2026** को समय 11:00 बजे बंद होगी।ई-निविदा भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।(2) ई-टेण्डर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेब साइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 2342/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर अधिकारों के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और जांच प्रक्रिया में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यह निलंबन अंतरिम है और जांच पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। बीएफआई की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया कि कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, उरई (जालौन)

पत्रांक - 4265 / 10 ए0 / 26 दिनांक - 07.10.2026

अल्प कालीन ई-निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, उरई द्वारा, लो०नि०वि० में कॉलम 8 में अंकित ए0,बी0,सी0 व डी0 श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि अर्ह के क्लाज-4 में निर्दिष्ट न्यूनतम योग्यता का होना आवश्यक है।

2.

क्र०सं०	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख रु० में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 मे)	निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करों सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जालौन	वर्ष 2026-27 में (जनपद जालौन) यमुना नदी पर जालौन माता मन्दिर- बीजलपुर घाट पर स्थापित पाण्टून पुल को पुर्न स्थापित करने एवं साल स्लीपर व साल एजिंग की आपूर्ति का का कार्य।	34.00	3.40	रू0 2715.00	09 माह	ए0 बी0 सी0 डी0 (पाण्टून कार्य)

3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http:/etender.up.nic.in पर दिनांक 17.10.2026 से 24.10.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 24.10.2026 को समय 12:00 अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.10.2026 को समय 12:30 अपरान्ह बजे खोली जायेगी।

4. निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते http:/etender.up.nic.in एवं Prahari Software Website http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर उपलब्ध है।

(इं0 महेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3,लो0नि0वि0, उरई

वेबसाइट - www.upgov.nic.in
उ0प्र0- 258163/13/10/2026

इंटर स्कूल खो-खो आज से

कानपुर। कानपुर जिला खो-खो संघ और कानपुर ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 और 16 अक्तूबर को जिला स्तरीय अंतरविद्यालयी आमंत्रण खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पीरोड स्थित हरसहाय कॉलेज के खेल मैदान पर होने वाली प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन सचिव कैलाश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार सुबह 10 बजे होगा। इसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। नॉकआउट आधार पर होने वाली प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

उप्र रणजी टीम आज पहुंचेगी कानपुर

कानपुर। बिहार को चारों खाने चित करने के बाद उत्तर प्रदेश की टीम रणजी ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ 18 अक्टूबर से होने वाले दूसरे मुकाबले के लिए गुरुवार को कानपुर पहुंचेगी। ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले से पूर्व उप्र की टीम मुख्य कोच ज्ञानेंद्र पाण्डेय व असिस्टेंट कोच राहुल सप्रू की देखरेख में 16 व 17 अक्टूबर को अभ्यास कर गोवा के खिलाफ अपनी तैयारियां शुरू करेगी। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि रणजी ट्रॉफी में इस बार उप्र ने अपने अभियान की शुरुआत काफी धमाकेदार की है। टीम ने बिहार मैच के तीसरे ही दिन एक पारी और 267 रनों से रौंदा है। अब कप्तान आर्यन जुयाल के नेतृत्व में पूरी टीम 15 को शहर पहुंचकर अपनी तैयारियों में जुट जायेगी।

कानपुर जूनियर एथलेटिक्स टीम चयनित

कानपुर। राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने 13 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है। चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद, तेलंगाना स्थित बाइक्स विश्वविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालक वर्ग में ऋषभ पाल, वैभव सिंह, कृष्णा श्रीवास्तव, सौर्य वर्धन कपूर, गौरव तिवारी, सादिक अली और उत्कर्ष सिंह। बालिका वर्ग में वेदिका शुक्ला, कृति महेश्वरी, अनुशिका यादव, नित्या द्विवेदी, प्रियंका राजपूत और तान्या सैनी शामिल हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. नरेश कुमार चौधरी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने और कानपुर का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

राज्य रोड साइकिलिंग के ट्रायल 18 को

कानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य रोड साइकिलिंग ट्रायल 18 अक्तूबर को ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर दो के अंदर आयोजित किया जाएगा। 3.8 किलोमीटर के सर्किट पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होने वाले ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें पुरुष, महिला, अंडर-23, जूनियर, सब जूनियर और यूथ वर्ग के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगे। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम, पिता का नाम, पता, पिन कोड, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आरके गुप्ता (9450935050) या ब्रजेश शुक्ला (6394352858) के मोबाइल नंबर पर भेज सकते हैं। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ट्रायल के लिए एनआईएस कोच अवधेश कुमार विश्वकर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक राम अवतार यादव द्वारा आज प्रकाशन यंत्रालय, आज भवन ७९/७५ बांसमंडी, कानपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**

कार्यकारी स्थानीय सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **रामअवतार यादव**

स्वत्वाधिकारी-ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड

वाराणसी : संत कबीर रोड, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3 लीडर रोड, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **लखनऊ** : 1 जापलिंग रोड, **आगरा** : महात्मा गांधी रोड, **बरेली** : रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर** : काली माटी रोड

वर्ष : 52 संख्या : 18481

डाक पंजी.सं. कानपुर सिटी- 325/2012-14
आर.एन.आई. पंजीयन संख्या- 26521/75

फोन नं. 2342221-22-23

Email: ajprakashan@yahoo.com
ajpress2014@gmail.com

पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय **सम्पादक** जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय नगर पंचायत सिकन्दरा, कानपुर देहात

पत्रांक 331 / न0पं0सि0-ई-नि0सूचना / 2026-27 दिनांक 13 / 10 / 2026

पुनः ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सेक्टर सीवरेज एवं जल निकासी योजना एवं पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37 से ब्याज रहित ऋण के रूप में प्राप्त / स्वीकृत धनराशि में से के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि में से नगर पंचायत सिकन्दरा में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु पुनः ई-टेण्डरिंग के माध्यम से (टेक्नीकल एवं फाईनेन्सिल) ई-निविदायें बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 14 / 10 / 2026 से 26 / 10 / 2026 को सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई-निविदायें दिनांक 27.10.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे निविदादाताओ अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर पंचायत कार्यालय सिकन्दरा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा खोली जायेगी। 10 प्रतिशत जमानत धनराशि RTGS/NEFT/INTERNET BANKING के माध्यम या डिमांड ड्राफ्ट, एन.सी.सी. अथवा एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिकन्दरा के नाम बंधक / पक्ष में हो, अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त / स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। प्रस्तावित कार्य का विवरण / शर्ते एन०आई०सी० की बेबसाइट WWW.etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है अथवा ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में नगर पंचायत सिकन्दरा में निःशुल्क देखी जा सकती है।

E-Bid Reference	ठेकेदार Vendor Stage	प्रारम्भ दिनांक व समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
Tender Release	-	14/10/2026 1:00 PM	26/10/2026 4:00 PM
-	Tender Download	14/10/2026 1:30 PM	26/10/2026 4:00 PM
-	Bid Submission	14/10/2026 1:00 PM	26/10/2026 4:00 PM
Close for Bid	-	-	26/10/2026 4:00 PM
Bid Opening Technical	-	-	27/10/2026 3:00 PM
Bid Opening Financial	-	-	When Technical Bid Approved

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिकन्दरा
कानपुर देहात

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिकन्दरा
कानपुर देहात

बुद्धादेवी मंदिर में मां को चढ़ाई जाती हैं हरी सब्जियां

मान्यता है इससे हरा-भरा रहता परिवार

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। शहर के एक हिस्से में रहने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालू केवल नवरात्र में ही लगभग हर दिन राजगद्दी हटिया स्थित बुद्धादेवी मंदिर जाकर मां के दर्शन करते हैं और इसके बाद ही अपनी दुकान, शोरूम, कार्यालयों व अन्य काम को जाते है। लगभग एक दशक पहले बाजारों के बीच बसे इस मंदिर की जगह खेत थे। जहां सब्जियों आदि की खेती होती है। श्रद्धालुओं के मुताबिक खेती करने वाले माली को एक दिन खेतों में पांच पिंडियां मिली। उन्होंने जाकर अपने मालिक को यह बात बताई। संतान न होने के कारण मालिक परेशान था, उन्होंने देवी मां की इच्छा व आर्शीवाद मानकर वहां मंदिर बनवाकर स्थापना की। बुधवार का दिन होने मंदिर बुद्धादेवी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। शायद यह शहर व आसपास का ऐसा पहला मंदिर होगा जहां आज भी मां को फल-फूल व मिठाई के साथ हरी सब्जियां चढ़ाई जाती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मान्यता है कि मां को हरी सब्जियां चढ़ाने से परिवार हरा-भरा यानि फलता-फूलता रहता है, सुख-समृद्धि बनी रहती है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू बुद्धा देवी मंदिर पहुंचे और मां को चुनरी, श्रंगार सामाग्री, नारियल, मिठाई के साथ हरी सब्जियां चढ़ाकर परिवार की खुशहाली मांगी।

मां बुद्धादेवी का सजा भव्य दरबार।

मां के दर्शन को आतुर महिला श्रद्धालु।

स्कन्दमाता स्वरूप की पूजा

बुधवार को देवी मां के स्कन्द माता स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही बुद्धा देवी, तपेश्वरी देवी, जंगली देवी, बारादेवी, आशादेवी मंदिर, दुर्गा मंदिर आदि प्रमुख माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। जैसे-जैसे समय बीतता गया, लाइन और लंबी होती चली गई। इसबीच मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंजते रहे। इंतजार खत्म होने पर श्रद्धा पूर्वक मां के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया। दोपहर में देवी मंदिर में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। बच्चों को लेकर वह मंदिर उन्होंने देवी मां को चुनरी, श्रंगार सामाग्री, नारियल व प्रसाद चढ़ाया। साथ ही माता-पिता, बच्चों और पति की लंबी उम्र की कामना की। माता की आराधना करने के बाद उन्होंने मंदिर के आसपास लगी दुकानों से घर-गृहस्थी का सामान खरीदा। वहीं मेला जैसा माहौल देखकर बच्चे उत्साहित रहे। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। बड़ों ने बच्चों के लिए खिलौने आदि सामान खरीदकर दिए तो उनका उल्लास और भी बढ़ गया। शाम ढलते ही मंदिर रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगा उठे। रात तक मंदिरों में देवी मां के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी।

दक्षिण क्षेत्र में खुला अन्नपूर्णा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट

कानपुर, 14 अक्टूबर। शहर के दक्षिण क्षेत्र में बुधवार को अन्नपूर्णा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। प्रोपाइटर अरूण मिश्र ने बताया शहर के दक्षिणी क्षेत्र की जनता को शुद्ध व स्वादिष्ट स्वीट्स एवं विभिन्न तरह की बंगाली और बनारसी मिठाइयों की विभिन्न वैराइटी बहुत ही किफायती दाम में उपलब्ध हैं। साउथ इंडियन और चाइनीज के विभिन्न आइटम उपलबध हैं। श्री मिश्र ने कहा कि हम वर्ष 1992 से जनता की सेवा में तत्पर हैं हमारा उद्देश्य शुद्ध और स्वादिष्ट मिठाइयां उपलब्ध कराना है। हमारे यहां मिठाइयों के विभिन्न व्यंजन ग्राहकों की मांग के अनुरुप उपलब्ध हैं। हम अपने यहां के व्यंजनों की गुणवत्ता शुद्धता के साथ तैयार किए जाते हैं। शादी समारोह जन्म दिन रिंग सेरेमनी समेत विभिन्न घरेलू संस्कारों के समारोहों के लिए भी बहुत किफायती कीमत पर उपभोक्ताओं को सेवा उपलब्ध कराई जाती है। हमारे यहां समारोह के लिए एसी हाल भी उपलब्ध है।

परेड रामलीला में दशरथ से वर मांगती कैकेयी।

कैकेयी ने मांगे दो वर, भरत को गद्दी और श्रीराम को वनवास

परेड रामलीला में पांचवे दिन कैकेयी कोप भवन की लीला का मंचन

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। श्रीरामलीला सोसायटी द्वारा परेड रामलीला मैदान में बुधवार को कैकेयी कोप भवन की लीला व श्रीराम के वनवास का मंचन किया गया। वहीं श्री राम राज्यभिषेक की घोषणा से कैकेयी कोप भवन व राम के वन गमन की तैयारियों का मंचन हुआ। राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र व मंत्री सुमंत से राम को अयोध्या राज्य का उत्तराधिकारी बनाने पर चर्चा की। गुरु वशिष्ठ की आज्ञा के बाद राजा दशरथ ने राम के राजतिलक की घोषमा कर दी। भगवान राम को अयोध्या का राजा बनाए जाने पर पूरे राज्य में खुशी का माहौल हो गया। पर जैसे ही यह बात मंथरा के कान में पड़ती है तो उसे बड़ा दुख होता है और वह केकैई के पास जाकर कान भरती है। वह देवासुर संग्राम में महाराजा दशरथ ने केकैई को दो वरदान मांगने की याद दिलाती हैं, आज भी महाराज पर उधार है। महारानी केकैई उनके बातों में आकर पहले वरदान में राम को चौदह वर्षों का बनवास मांगा और दूसरे वरदान में भरत को अयोध्या का राजसिंघासन मांगती हैं। कोपभवन में जाकर बैठ जाती है। राजा दशरथ जब कैकेयी को समझाने जाते हैं तो वह कोप भवन पहुंच जाती हैं। राजा से दो वर मांग लेती है। महाराजा दशरथ जी ने मुर्क्षित अवस्था में दोनो वरदान पर हठी रानी के सामने हार मान ली और राम को बनवास जाने को कहा। जिसमें पहले में भरत को राज तिलक व दूसरे में राम को 14 साल का वनवास दिया। लक्ष्मण जी यह बात सुनकर राम जी के साथ वन जाने का निर्णय लिया। जब माता जानकी जी को ज्ञात हुआ कि वह भी प्रभू के साथ वन जाने की जिद्द कर लेती हैं। दोनों भाइयों का अपनी माताओं से वन गमन की आज्ञा ली।

वन को गए प्रभु राम, आज चित्रकूट में विश्राम

कानपुर। श्री राम राज्यभिषेक की घोषणा, कैकेयी-मंथरा संवाद, राम सीता का वन गमन का मंचन किया गया। श्रीरामलीला सोसायटी द्वारा आयोजित रामलीला के छठवे दिन गुरूवार को रामलीला में नाव नवइया की लीला, चित्रकूट विश्राम लीला का मंचन किया जायेगा।

अवन्या 26 के चैंपियन बने बाबू बनारसी दास के छात्र

विनर टीम ने अपने तकनीकी हुनर का शानदार प्रदर्शन किया

अवन्या 2026 में पहला पुरस्कार प्राप्त करती छात्रों की टीम।

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। अवन्या 26 का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा स्टूडेंट्स ने अपने तकनीकी हुनर का शानदार प्रदर्शन कर चैंपियंस बन गए। अवन्या 26 के विजेताओं की विशेष श्रृंखला का समापन सबसे बड़ी घोषणा की गई जिसमें पहला पुरस्कार बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट की टीम रूबरिक्स ने हासिल कर कॉलेज व अपना नाम रोशन किया। अवन्या 2026 का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में किया गया। चैंपियन बनने वाले स्टूडेंट्स एतिशी तिवारी, आशीष शुक्ला, दीपक कुमार व अवनीशा शर्मा शामिल रहीं। इस कंपटीशन में द्वितीय स्थान पर श्री राम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट और तीसरे स्थान पर जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं रहे। इस प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने अपने इनोवेटिव आईडियाज का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया। प्रतियोगिता का आयोजन बीती 8 व 9 अक्टूबर को किया गया। प्रतियोगिता आईआईटी के टेक्नोपार्क में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का संचालन एआईआईडीई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और स्टार्टअप इंक्यूबेशन एण्ड इनोवेशन सेंटर आईआईटी कानपुर ने किया। अवन्या में यूपी के स्टार्टअप मिशन ने भी सहयोग किया।

महिलाओं को चुनरी भेंट करते भाजपा नेता अजय कपूर।

नवरात्रि पर 650 माताओं-बहनों को चुनरी ओढ़ाकर किया सम्मान

गोविन्द नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अजय कपूर ने मातृशक्ति को किया सम्मानित

कानपुर, 14 अक्टूबर। नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा मंदिर गोविन्द नगर में मातृशक्ति सम्मान का आयोजन किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक अजय कपूर ने 650 माताओं-बहनों को चुनरी ओढ़ाकर मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया। इससे पहले मां भगवती की पूजा-अर्चना की और सभी के सुख-शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर विजय कपूर ने कहा कि नवरात्रि केवल मां भगवती की आराधना का पर्व नहीं है, बल्कि नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी पावन अवसर है। मातृशक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभातीं हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेन्द्र सर्राफ, श्यामलाल मूलचंदानी, हरीश अरोड़ा, राजू ढल, सौरभ तलवार, गुलशन चावला, ओंकार नाथ मल्होत्रा आदि थे।

मातम में बदलीं खुशियां, राम-राम कहते राजा दशरथ ने त्याग दिए प्राण

कानपुर, 14 अक्टूबर। बुधवार को श्री रामलीला कमेटी चंद्रिका देवी के बैनर तले रायपुरवा में हो रही रामलीला दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ। वनवास पर गए प्रभु राम, सीता और लक्ष्मण वापस नहीं लौटते हैं। आर्य सुमंत राजा दशरथ को यह जानकारी देते है। राम के बिना जीवन निरर्थक कहकर राम-राम कहते हुए राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। इससे अयोध्या में मातम का माहौल हो गया। लीला देखकर श्रद्धालू भाव विहवल हो गए। इससे पहले ननिहाल गए भरत, शत्रुघ्न अयोध्या लौटते हैं। उन्हें बड़े भाई के राम को वनवास भेजे जाने और पिता के स्वर्गवास का पता चलता है। इससे वह दुखी हो जाते है, लेकिन जब उन्हें इसके पीछे कारणों का पता चलता है तो वह माता कैकेयी को बहुत कठोर वचन बोलते हैं। यहां तक कि कहते है कि आज से न तो मैं तुम्हारा पुत्र हूं और न ही तुम मेरी मां हो। वहीं प्रभू राम को वन से वापस लाने गए आर्य सुमंत्र अकेले लौटते हैं और राजा दशरथ के पास जाकर राम के न लौटने की जानकारी देते है। इस पर राजा दशरथ कहते है कि राम के बिना अब ये जीवन निरर्थक हैं और राम-राम कहते हुए प्राण त्याग देते हैं। लीला के दौरान अध्यक्ष सुनीत त्रिपाठी, प्रधानमंत्री आकर्ष बाजपेई, रमाशंकर अग्रहरि, सुरेश गुप्ता, अंकित निगम, सोमेन्द्र शर्मा, रामजी गुप्ता आदि थे।

रायपुरवा रामलीला में मंचन करते कलाकार।

कल से छात्रों को होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में सीट आवंटित होगी

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में 16 अक्टूबर से नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को सीट आवंटित किये जाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके बाद स्टूडेंट्स अपने सर्टिफिकेट का ऑन लाइन वेरीफिकेशन करायेंगे। शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच छात्र अपने मूल प्रमाण पत्र व फोटो कापी लेकर कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे। यह जानकारी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हर्ष वर्धन सिंह भदौरिया ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि सेंट्रल कोटे की यूजी की करीब 10 सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। स्टेट की यूजी की करीब 108 सीट पर प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो जायेगी। इसके बाद पीजी की सीटों पर भी प्रवेश लिये जायेंगे। पीजी में करीब 15 सीटों पर स्टूडेट्स को प्रवेश मिलेगा।

बाबूपुरवा नया सेंटर पार्क में चल रही रामलीला में धनुषयज्ञ लीला का मंचन।

गुरुहि प्रनामु मनिहि मन कीन्हा...

कानपुर, 14 अक्टूबर। बाबूपुरवा स्थित नया सेंटर पार्क में श्री आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा 69वा आयोजन के चौथे दिन धनुष पूजन की लीला दिखायी गयी। मिथला नरेश राजा जनक द्वारा अपनी बेटी का स्वयंवर किया गया, जिसमें ये शर्त रखा गया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा का धनुष जो तोड़ेगा, उसका विवाह सीता के साथ किया जायेगा। इसके बाद रावण एवं बाढ़ासुर का संवाद हुआ। लीला में 'गुरुहि प्रनामु मनिहि मन कीन्हा। अति लाघवं उठाइ धनु लीन्हा।।' चौपाई के साथ ही श्रीराम ने गुरु को मन ही मन प्रणाम कर बड़ी ही फुती से विशाल धनुष को उठा लिया। तब वहां बिजली की तरह चमका और फिर आकाश में एक गोलाकार धनुष के समान दिखाई देने लगा। नवरंग झांकियो का दर्शन कराया गया। हजारो भक्तो ने लीला का दर्शन किया। गुरुवार को धनुष भंग,लक्ष्मण-परशुराम की लीला का मंचन किया जायेगा। इस मौके पर हरे राम सिंह,अभिषेक सिंह,उत्कर्ष सिंह,धर्मेंद्र चौधरी,देव राज जोशी,अशोक गौड़,आशुतोष भट्टाचार्य,गीता सोनी,मंजू जोशी आदि मौजूद रहे।

आईआईटी जैसे संस्थानों को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी: राजनाथ सिंह

भारत मंडपम में रक्षा मंत्री ने आईआईटी ग्रेटर देन अस अभियान का शुभारंभ किया

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। महान संस्थानों के निर्माण में दशकों का समय लगता है। आईआईटी की स्थापना करने और उन्हें सशक्त बनाने वाली शुरुआती पीढ़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। उन्होंने केवल परिसर और प्रयोगशालाएँ ही नहीं बनाईं, बल्कि उत्कृष्टता, सेवा और राष्ट्र निर्माण की संस्कृति भी विकसित की। इस विरासत को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। यह विचार आईआईटी ग्रेटर देन अस कैंपेन प्रोग्राम के चीफ गेस्ट रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने व्यक्त किये। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि एक पीढ़ी नींव रखती है, अगली पीढ़ी उसे मजबूत करती है और उसके बाद आने वाली पीढ़ियाँ उस विरासत को आगे बढ़ाती हैं। इसी तरह संस्थान समय के साथ अपनी पहचान और प्रासंगिकता बनाए रखते हैं तथा एक पीढ़ी की उपलब्धियाँ अगली पीढ़ी के लिए नई शुरुआत का आधार बनती हैं। आईआईटी कानपुर का यह अभियान हमें संस्थान को ऐसे भविष्य के लिए तैयार करने का अवसर प्रदान करता है, जहाँ वैज्ञानिक खोज, तकनीकी नवाचार और राष्ट्रीय विकास एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हों। चीफ गेस्ट का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने बुके देकर किया। आईआईटी के अभियान के तीन प्रमुख स्तंभ हैं जिसमें कि फाउंडेशन, टैलेंट और फ्रंटियर हैं। निदेशक प्रो अग्रवाल ने बताया कि अभियान से हमारा लक्ष्य एक अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने का है अब तक 4155 करोड़ की प्रतिबद्धिता हुई है। आईआईटी के पूर्व छात्र राहुल गौतम ने गौतम स्कूल ऑफ इनोवेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप की स्थापना के लिए 180 करोड़ देने की निर्णय लिया है। फाउंडेशन में 5 हजार करोड़ जुटाये जायेंगे जिसमें कि 524 करोड़ से सेंट्रल रिसर्च फैसेलिटी विकसित की जायेगी। करीब 160 करोड़ से सेमीकंडक्टर एवं डिवाइस प्रोसेसिंग सेंटर विकसित किया जाएगा। यही नहीं 200 करोड़ हाई परफार्मेस कम्प्यूटिंग सुविधा के लिए खर्च किये जायेंगे। एक हजार स्टूडेंट्स के लिए चार नये हास्टल बनाये जा रहे हैं। प्रोग्राम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी, डिप्टी डायरेक्टर प्रो ब्रज भूषण, प्रो अमेय करकरे आदि मौजूद रहे।

आईआईटी अभियान का शुभारम्भ करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अवनीस अवस्थी, निदेशक मणीन्द्र अग्रवाल, डीडी प्रो. ब्रजभूषण आदि।

आईआईटी अभियान से एक अरब अमरिकी डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया

तकनीकी व प्रबंधन का संगम होगा आईआईटी व आईआईएम बेंगलुरू का करार

एमओयू साइन करते प्रो. जयंधरन गिरिधर राव व रसिका प्रशांत।

भारत के डीप-टेक एवं रक्षा क्षेत्र के इकोसिस्टम को सशक्त बनायेंगे दोनों संस्थान

यह साझेदारी राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 14 अक्टूबर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम बेंगलुरु) के प्रमुख बिजनेस इनक्यूबेटर एनएसआरसीईएलने डीप-टेक स्टार्टअप्स को गति देने और उभरती प्रौद्योगिकियों को बाजार के लिए तैयार व्यावसायिक समाधानों में बदलने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो तकनीकी नवाचार, उद्यमिता और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता को एक साथ लाती है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से रक्षा, एयरोस्पेस और इनसे जुड़े रणनीतिक क्षेत्रों में भारत के डीप-टेक इकोसिस्टम को मजबूत करना है। यह सहयोग आईआईटी की विज्ञान, इंजीनियरिंग, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में विशेषज्ञता तथा अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विक सुविधाओं पर आधारित है। समूह का फोकस रक्षा, एयरोस्पेस और इनसे संबंधित दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों पर होगा। इस समझौता ज्ञापन पर आईआईटी प्रो. जयंधरन गिरिधर राव और सुश्री रसिका प्रशांत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएसआरसीईएल आईआईएम बेंगलुरु ने हस्ताक्षर किए। प्रो. राव ने कहा संस्थान में डीप-टेक नवाचारों की एक मजबूत श्रृंखला मौजूद है और इन प्रौद्योगिकियों को बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रभावी मार्ग तैयार करना संस्थान की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। आईआईएम बेंगलुरु के एनएसआरसीईएल के साथ हमारा सहयोग प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के क्षेत्र में दोनों संस्थानों की पूरक क्षमताओं को एक साथ लाता है। 'एनएसआरसीईएल आईआईएम बेंगलुरु की सीईओ रसिका प्रशांत ने कहा, 'यह अपनी तरह की अनूठी साझेदारी राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को मजबूत करने के देश के लक्ष्य के अनुरूप है। इस अवसर पर प्रो. राजा अंगमुथु, अनुराग सिंह, डॉ. पूर्णा रॉय,डॉ. आशुतोष अग्निहोत्री, पीयूष मिश्रा मौजूद रहे। एनएसआरसीईएल की ओर से प्रद्यानंद कुंभारे, और प्रणव चतुर्वेदी, रसिका प्रशांत के साथ सहभागिता की।

पाक में गहराया ऑनलाइन बाल यौन शोषण का संकट

यूनिसेफ की रिपोर्ट ने खोली पोल

इस्लामाबाद,14 अक्टूबर(ईएमएस)। पाकिस्तान में इंटरनेट का उपयोग करने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यंत चौंकाने वाला और भयावह खुलासा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), एकपैट इंटरनेशनल और इंटरपोल द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए वैश्विक अध्ययन के अनुसार, पाकिस्तान में पिछले एक वर्ष के दौरान 12 से 17 आयु वर्ग के लगभग 15 लाख बच्चों को तकनीक-संचालित ऑनलाइन यौन शोषण और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। यह रिपोर्ट देश में बच्चों के डिजिटल जीवन पर एक गंभीर खतरा दिखाती है, जहाँ इंटरनेट चलाने वाला हर सोलहवां बच्चा डिजिटल माध्यमों पर यौन हिंसा और ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। यह अध्ययन उस आम धारणा को पूरी तरह से खारिज करता है कि बच्चों का ऑनलाइन शोषण केवल अनजान व्यक्तियों या गुमनाम साइबर अपराधियों द्वारा किया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ित बच्चों द्वारा जाहिर की गई यौन उत्पीड़न की 85 प्रतिशत घटनाओं में शामिल आरोपी उनका कोई न कोई परिचित, रिश्तेदार या दोस्त ही था, जो इस अपराध के पारिवारिक और सामाजिक पहलुओं को उजागर करता है। इन कुल मामलों में से लगभग 44 प्रतिशत घटनाएं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए अंजाम दी गईं, जिससे सोशल मीडिया बच्चों के लिए सबसे असुरक्षित डिजिटल माध्यम बन कर उभरा है, जहाँ शिकारी आसानी से बच्चों तक पहुँच बना लेते हैं।

विदेशी फंडिंग से भारत में अशांति फैलाने की कोशिश

हॉलीवुड सिंगर मैरी का कॉकरोच जनता पार्टी पर आरोप

अभिजीत दीपके को हो रही इन समूह से फंडिग

वॉशिंगटन,14अक्टूबर(ईएमएस)। प्रसिद्ध अमेरिकी हॉलीवुड गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने सनसनीखेज दावा कर कहा है कि भारत में सक्रिय कॉकरोच जनता पार्टी को अमेरिका से भारी मात्रा में वित्तीय सहायता मिल रही है। एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में मिलबेन ने सीधा आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोधी अमेरिकी दाता (डोनर्स) अभिजीत दीपके जैसे व्यक्तियों के माध्यम से भारत में धन भेज रहे हैं। उनका कहना है कि इस विदेशी धन का मुख्य उद्देश्य भारत की आंतरिक शांति को भंग करना, सामाजिक विद्वेष भड़काना और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के प्रशासनिक कार्यों में निरंतर बाधाएं उत्पन्न करना है। मिलबेन ने भारत के युवाओं, देशभक्त नागरिकों और पीएम मोदी के समर्थकों से अपील की है कि वे इस साजिश के खिलाफ एक साथ आएं और अपनी आवाज बुलंद करें, क्योंकि यह चुप बैठने का समय बिल्कुल नहीं है। अमेरिकी धन आवंटन के तौर-तरीकों का विस्तृत खुलासा कर मिलबेन ने कहा कि कुछ खास अमेरिकी वित्तीय समूह विश्वभर के राष्ट्रवादी और परंपरावादी विचार वाले जननेताओं को राजनीतिक रूप से कमजोर करने के लिए एक सुव्यवस्थित हथकंडा अपनाते हैं। इस रणनीति के अंतर्गत वे लक्षित देश से अमेरिका में शिक्षा ग्रहण करने आए युवाओं को चुनते हैं, उन्हें वैचारिक रूप से उग्र एवं कट्टर बनाते हैं, और फिर उन्हें वापस उनके देश भेजकर अराजकता फैलाने के लिए भारी फंडिंग मुहैया कराते हैं। अमेरिकी सिंगर मिलबेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मॉडल और दृढ संकल्प की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पिछले 25 वर्षों से लोक सेवा में हैं, जिसमें से 12 वर्षों तक उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में देश का सफल नेतृत्व किया है। भारत के प्रति उनकी निष्ठा अटूट है और वे ऐसी किसी भी बाहरी दबाव वाली ताकतों या विदेशी साजिशों के आगे कभी आत्मसमर्पण नहीं करेगा। यह पहला मौका नहीं है जब मिलबेन ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की नीतियों का खुलकर समर्थन किया है। इससे पूर्व भी वे कई अंतरराष्टीय मंचों पर भारत के पक्ष में खड़ी नजर आई हैं। वर्ष 2021 के किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने कृषि सुधारों का समर्थन किया था।

ओपनएआई ऑफिस में सऊदी इंजीनियर ने लगायी सीक्रेट डिवाइस

वाशिंगटन,14अक्टूबर(ईएमएस)। एआई को लेकर दुनिया भर की कंपनियों के बीच मची होड़ के बीच एआई कंपनी ओपनएआई के सैन फ्रांसिस्को स्थित ऑफिस से सुरक्षा में बड़ी चूक और जासूसी की कोशिश का मामला सामने आया है। अमेरिकी न्याय विभाग और फेडरल प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक सैन फ्रांसिस्को स्थित ओपनएआई के ऑफिस में सऊदी के इंजीनियर को कॉन्फ्रेंस रूम के टेलीविजन में टॉयलेट पेपर में लपेटकर गुप्त रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह एडवांस्ड रिकॉर्डिंग डिवाइस पिछले महीने के अंत में सुरक्षा टीम के हाथ लगी, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ और मामले की जांच सीधे एफबीआई को सौंपी गई। आरोपी पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए बैठकों को सुनने का मामला दर्ज किया गया है, उसे 5 साल तक की जेल और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। अमेरिकी न्याय विभाग के बयान के मुताबिक 35 साल के इंजीनियर अब्दुल रहमान अलफोजान जुलाई 2025 से ओपनएआई में कार्यरत था।

ईरान में प्रदर्शनों के दौरान मस्क की कम्पनी स्टारलिंक ने दी थी वैकल्पिक व्यवस्था

इंटरनेट प्रतिबंध के बाद भी संदेश एक दूसरे तक भेजे गये!

भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल संप्रभुता से जुड़ी अहम बहस तेज

तेहरान,14अक्टूबर(ईएमएस)। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को लेकर भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता से जुड़ी एक अहम बहस तेज हो रही है। इस चर्चा के केंद्र में ईरान का वह अनुभव है, जहां इंटरनेट प्रतिबंधों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान स्टारलिंक ने लोगों को ऑनलाइन संपर्क बनाए रखने का एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान किया था। एक ओर जहां इसने सूचना तक पहुंच को संभव बनाया, वहीं दूसरी ओर यह गंभीर सवाल भी उठा कि किसी संप्रभु देश की संचार व्यवस्था पर किसी विदेशी निजी कंपनी का अनियंत्रित नियंत्रण कितना बड़ा जोखिम पैदा कर सकता है। स्टारलिंक पारंपरिक इंटरनेट नेटवर्क से अलग उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराता है। यह इसकी मुख्य विशेषता है, जो इसे संकट के समय बेहद उपयोगी बनाती है, खासकर जब स्थानीय इंटरनेट सेवाएं बंद हों या नेटवर्क जानबूझकर बाधित किए गए हों। हालांकि, इस सेवा के संचालन के लिए उपयुक्त उपकरण, विशेष तकनीकी परिस्थितियां और सेवा की उपलब्धता आवश्यक होती है। यही खूबी इसे आपातकालीन स्थितियों में सहायक बनाती है, लेकिन सरकारों के लिए इसके नियंत्रण और नियमन को एक जटिल चुनौती भी बना देती है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट बंदी के दौरान अनुमानित तौर पर करीब 50 हजार स्टारलिंक टर्मिनल अवैध रूप से इस्तेमाल किए जा रहे थे। इन उपकरणों ने बाहरी दुनिया से संपर्क बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके प्रत्युत्तर में, ईरानी अधिकारियों ने सिग्नल बाधित करने, इन उपकरणों को जब्त करने और टर्मिनलों की पहचान करने जैसे सख्त कदम उठाए। ईरान सरकार ने इस प्रकार की बिना अनुमति सेवा संचालन को अपनी संप्रभुता का सीधा उल्लंघन भी करार दिया था, जो भारत जैसे अन्य देशों के लिए भी विचारणीय बिंदु है। ईरान में सितंबर 2022 में महसा अमीनी की हिरासत में हुई मौत के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसी अवधि के दौरान, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री ने ईरान के लोगों की डिजिटल संचार तक पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से सामान्य लाइसेंस जारी करने की घोषणा की थी। इसके ठीक अगले दिन, एलन मस्क ने ईरान में स्टारलिंक को सक्रिय करने का संकेत दिया था, जिसने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। एक रिपोर्ट में स्टारलिंक से जुड़े संभावित सुरक्षा जोखिमों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसी आशंकाओं को किसी विशिष्ट घटना में सीधे दखल के प्रमाण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

ब्रिटेन की सुरक्षा व्यवस्था को रुस-ईरान और तकनीकों से सबसे बड़ा खतरा

एमआई5 के प्रमुख ने दुनिया के सामने खड़े गंभीर सुरक्षा संकटों का खोला कच्चा-चिट्ठा

लंदन,14अक्टूबर(ईएमएस)। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई5 के प्रमुख केन मैक्कलम ने दुनिया के सामने खड़े गंभीर सुरक्षा संकटों का कच्चा-चिट्ठा खोलकर रख दिया है। अपने संबोधन में मैक्कलम ने बताया कि ब्रिटेन की सुरक्षा व्यवस्था को किन देशों और तकनीकों से सबसे बड़ा खतरा है। एमआई-5 प्रमुख ने रूस को पश्चिमी देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा यानी एग्रेसर नंबर वन करार दिया है। मैक्कलम ने बताया कि रूस खुलेआम युद्ध करने के बजाय छुपकर या साइबर माध्यमों से नुकसान पहुंचाने को बढ़ावा दे रहा है, ताकि सीधे तौर पर नाटो देशों से सीधा युद्ध छिड़ने की नौबत न आए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मैक्कलम ने रूस और यूक्रेन के बीच के संघर्ष का उदाहरण भी दिया। उन्होंने बताया कि यूक्रेन पर हमले के बाद से ब्रिटेन और अन्य देशों ने रूसी दूतावासों से करीब 1000 अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखा। इससे रूस की ताकत कमजोर हुई है। अब रूस अपनी चालें चलने के लिए स्थानीय स्वयंसेवकों और अपराधियों का सहारा ले रहा है। रूस के अलावा ब्रिटेन के लिए ईरान भी बड़ा चिंता का विषय है। इसका कारण समझाते हुए मैक्कलम ने बताया कि ईरान ब्रिटेन में अपने विरोधियों, ईरानी मीडिया संगठनों और विशेष तौर पर इजराइली हितों को निशाना बनाने के लिए अपराधी गिरोहों का इस्तेमाल कर रहा है। अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे संगठन आज भी लोगों को भड़का रहे हैं। ऐसे में एमआई5 प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक साल में सबसे खतरनाक ट्रेंड यह देखा गया है कि आव्रजन विरोधी और मुस्लिम विरोधी नफरत तेजी से आतंकवादी सोच में बदल रही है।

ब्रिक्स सम्मेलन से दूर रहना तारिक रहमान का अपरिपक्व फैसला-हसीना

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (ईएमएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मौजूदा प्रधानमंत्री तारिक रहमान के भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने के फैसले को अपरिपक्व बताया है। हसीना ने जोर दिया कि इस निर्णय से बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आगाह किया कि विदेश नीति से जुड़े फैसले व्यक्तिगत प्रतिक्रिया या तात्कालिक राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर लेना हमेशा नुकसानदेह होता है। एक विशेष साक्षात्कार में, हसीना ने कहा कि इस प्रभावशाली समूह के शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की भागीदारी से देश के लिए आर्थिक एवं सामाजिक विकास के नए अवसर खुल सकते थे, लेकिन उसने यह सुनहरा मौका गंवा दिया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि रहमान ने नयी दिल्ली में उनकी (हसीना की) मौजूदगी के कारण शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हसीना ने स्पष्ट किया कि दो देशों के संबंध किसी एक व्यक्ति से जुड़े निजी या राजनीतिक पहलुओं के आधार पर तय नहीं किए जा सकते। उन्होंने रहमान के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक जिम्मेदार सरकार को देश के लिए अवसरों के दरवाजे खोलने चाहिए, न कि उन्हें बंद करना चाहिए। हसीना ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश ने सम्मेलन में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 24-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 दिनांक-13.10.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-04.11.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

निविदा सूचना संख्या : ELG-57-2627 | काम की लागत (रू में) : 96,55,651.15

कार्य का नाम : माघ मेला 2026-27 के दौरान यात्रियों की सुविधाओं की जरूरतों के साथ-साथ संगम क्षेत्र, NYN, PCOI, PRYJ, SFG और BDL में अंदरूनी अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करना।

बिड सिक्योरिटी (रू. में) : 1,93,100.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधि : 04 माह

निविदा खुलने की तिथि : 04.11.2026, समय - 15:00 बजे।

नोटः- उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2336/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0- JHS-N-W-80-26 दिनांक: 12.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्याः JHS-N-W-80-26 | कार्य लागत लगभगः ₹26496792.08

कार्य का नामः झाँसी-सिथौली-प्रोविजन ऑफ़ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ दी वर्क ऑफ रिबिल्डिंग/रिप्लेसमेंट ऑफ वैरियस स्टोन स्लैब ब्रिज्स by RCC Box/Slab अंडर जूरिस्डिक्शन ऑफ ADEN/LINE (41 No.)।

धरोहर राशिः ₹529900/- | निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil

निविदा खुलने की तिथिः 05.11.2026 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 12 माह

• निविदा दिनांक 05.11.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 2327/26(AK)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 8920262027 दिनांकः 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः-

क्र.सं: 1 | निविदा नं. 187 | अनुमानित मूल्य (रू): 1,02,70,870.93 | बयाने की रकम (रू): 2,05,400.00

कार्यों का विवरणः कानपुर सेन्ट्रलः- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर ट्रेन लाइटिंग कार्यालय के लिए नई बिल्डिंग के निर्माण का कार्य।

कार्य समापन की अवधिः 12 माह | निविदा खुलने की तिथिः 05.11.2026

इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः कन्स्ट्रक्शन ऑफ बिल्डिंग

क्र.सं: 2 | निविदा नं. 188 | अनुमानित मूल्य (रू): 4,81,04,601.22 | बयाने की रकम (रू): 9,62,100.00

कार्यों का विवरणः गोविन्दपुरीः- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार का कार्य।

कार्य समापन की अवधिः 12 माह | निविदा खुलने की तिथिः 05.11.2026

इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य

नोटः-1. आन लाइन निविदा दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 05.11.2026 तक उपलब्ध है। 2332/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित रेलगाड़ियों की संरचना में परिवर्तन करते हुए स्थाई रूप से 03 अतिरिक्त कोच को बढ़ाये जाने तथा समय में संशोधन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः

14123 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-चित्रकूट धाम कर्वी			14124 चित्रकूट धाम कर्वी-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़		
स्टेशन	आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
माँ बेल्हा दे. धाम प्रताप.	--	04:25	चित्रकूट धाम कर्वी	--	13:00
चिलबिला	04:33	04:34	अतर्रा	13:26	13:28
माँ चन्दिका दे.धाम अन्तू	04:47	04:48	बाँदा	14:15	14:20
अमेठी	05:00	05:01	रागौल	14:51	14:53
गौरीगंज	05:13	05:14	भरूआ सुमेरपुर	15:08	15:10
जायस सिटी	05:27	05:28	यमुना साउथ बैंक	15:21	15:23
गुरू गोरखनाथ धाम	05:33	05:34	हमीरपुर रोड	15:36	15:38
तपेश्वरनाथ धाम	05:43	05:44	घाटमपुर	16:20	16:22
रायबरेली	05:59	06:01	पतारा	16:40	16:42
हरचन्दपुर	06:17	06:18	कठारा रोड	16:53	16:55
बछरावाँ	06:33	06:34	भीमसेन	17:10	17:12
निगोहाँ	06:45	06:46	कानपुर सेंट्रल	17:50	18:00
लखनऊ	07:40	07:45	उन्नाव	18:26	18:28
मानक नगर	08:01	08:02	मानक नगर	19:09	19:10
उन्नाव	08:48	08:50	लखनऊ	19:35	19:40
कानपुर सेंट्रल	09:40	09:50	निगोहाँ	20:19	20:20
भीमसेन	10:28	10:30	बछरावाँ	20:30	20:32
कठारा रोड	10:42	10:44	हरचन्दपुर	20:46	20:47
पतारा	10:55	10:57	रायबरेली	21:01	21:03
घाटमपुर	11:10	11:12	तपेश्वरनाथ धाम	21:21	21:22
हमीरपुर रोड	11:26	11:28	गुरू गोरखनाथ धाम	21:31	21:32
यमुना साउथ बैंक	11:40	11:42	जायस सिटी	21:38	21:39
भरूआ सुमेरपुर	11:53	11:55	गौरीगंज	21:52	21:53
रागौल	12:10	12:12	अमेठी	22:04	22:06
बाँदा	13:20	13:25	माँ चन्दिका दे.धाम अन्तू	22:31	22:32
अतर्रा	14:00	14:02	चिलबिला	22:48	22:50
चित्रकूट धाम कर्वी	15:00	--	माँ बेल्हा दे.धाम प्रताप.	23:35	--

संशोधित संरचनाः सामान्य श्रेणी-19, स्लीपर श्रेणी-1, चेयर कार-1, एसी चेयर कार-1, गाड़ी सं. 14123 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ- दिनांक 17.10.2026 से तथा गाड़ी सं. 14124 चित्रकूट धाम कर्वी- दिनांक 16.10.2026 से प्रभावी।

14101 प्रयागराज संगम-कानपुर सेंट्रल			14102 कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज संगम		
स्टेशन	आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
प्रयागराज संगम	--	16:20	कानपुर सेंट्रल	--	09:40
प्रयाग	16:34	16:36	उन्नाव	10:03	10:05
फाफा मऊ	16:53	16:54	बीघापुर	10:31	10:33
लालगोपालगंज	17:14	17:15	रघुराज सिंह	11:01	11:02
कुण्डा हरनामगंज	17:27	17:29	लालगंज	11:20	11:22
गढ़ी मानिकपुर	17:40	17:41	डलमऊ	11:37	11:39
ऊँचाहार	17:58	18:00	जलालपुर धई	11:58	12:00
जलालपुर धई	18:19	18:20	ऊँचाहार	12:23	12:25
डलमऊ	18:33	18:35	गढ़ी मानिकपुर	12:42	12:43
लालगंज	18:53	18:55	कुण्डा हरनामगंज	12:56	12:58
रघुराज सिंह	19:23	19:25	लालगोपालगंज	13:11	13:13
बीघापुर	19:51	19:53	फाफा मऊ	13:50	13:51
उन्नाव	20:28	20:30	प्रयाग	14:18	14:20
कानपुर सेंट्रल	21:05	--	प्रयागराज संगम	14:45	--

संशोधित संरचनाः सामान्य श्रेणी-19, स्लीपर श्रेणी-1, चेयर कार-1, एसी चेयर कार-1, गाड़ी सं. 14101 प्रयागराज संगम- दिनांक 15.10.2026 से तथा गाड़ी सं. 14102 कानपुर सेंट्रल- दिनांक 15.10.2026 से प्रभावी।

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in 2339/26 (PH)

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0ः पी0आर0वाई0जे0-सिग-410-2026-27 दिनांकः 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 04.11.2026 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

कार्य का विवरणः प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ से गाज़ियाबाद सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।

अनुमानित मूल्य (रूपये में): ₹ 7087241.49 (सत्तर लाख सत्तासी हज़ार दो सौ इकतालीस रूपये और उनचास पैसा मात्र)

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में): ₹ 141800.00 | कार्य समापन की अवधिः 12 माह

निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 04.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी, बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 15.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा की वैधताः निविदा खुलने के 60 दिन तक। निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 2341/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

आज निष्पक्ष हिन्दी दैनिक
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें 9936698307